नई दिल्ली
बुधवार 16 सितंबर 2026
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 149
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 25

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# वित्तमंत्री ओपी बोले- सेवा, संकल्प अभियान है विकसित भारत का विजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश की राजनीति में 17 सितंबर 2026 एक ऐतिहासिक पड़ाव के रूप में दर्ज होने जा रहा है। नरेंद्र मोदी बतौर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री लगातार 25 वर्ष पूरे करने वाले स्वतंत्र भारत के पहले नेता बन रहे हैं। इसी दिन वे अपने जीवन के 75 वर्ष भी पूर्ण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक पद (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री) पर 25 वर्ष पूरे होने और 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इस अभियान की राष्ट्रीय समिति के सदस्य व छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने खास बातचीत में बताया, यह आयोजन केवल संगठन का नहीं, बल्कि समाज, सरकार और संगठन तीनों की सहभागिता से जनसेवा को समर्पित एक ऐतिहासिक पहल है। हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डा. हिमांशु द्विवेदी से खास मुलाकात में ओपी चौधरी ने न केवल इस अभियान की रूपरेखा बताई, बल्कि नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा, उपलब्धियों और भाजपा की आगे की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रस्तुत हैं प्रमुख अंशः-

## वित्तमंत्री ओपी चौधरी के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

EXCLUSIVE

- *सेवा संकल्प अभियान के लिए एक समिति बनी। आपसे जानना यह है, समिति जो बनी उसे कार्यक्रम दिया गया या जो समिति बनी उसने कार्यक्रम बनाया? पहले तो यहां से शुरुआत करते हैं। थोड़ा इस पर रोशनी डालेंगे?*
- जी, भारतीय जनता पार्टी की जो कार्यप्रणाली है, आप भी बहुत अच्छे तरीके से समझते हैं, बहुत ही सामूहिकता की कार्यप्रणाली होती है और उसमें हर तरह के फीडबैक्स को वेलकम किया जाता है। कोई बहुत जूनियर कार्यकर्ता हो, कोई बहुत सीनियर कार्यकर्ता हो, कोई अनुभवी होते हैं, कोई यंग ब्लड होते हैं, सब तरह के विचारों को सुना जाता है, अलग-अलग फोरम से डेलिबेशंस किया जाता है। उसके बाद एक अच्छी योजना बना करके ऐसे काम किए जाते हैं जिससे जनता के दिल में स्थान बने, जिसमें एक्चुअल में जनता को फायदा भी हो। जन्मदिवस अगर नरेंद्र मोदी जी का मना रहे हैं तो 'सेवा दिवस' के रूप में मना रहे हैं। तो हम सेवा की थीम को लेकर के आगे बढ़ें और यह सब एक सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के तहत होता है और बहुत ही क्लैरिटी के साथ जनसेवा उसका मुख्य थीम है।
- *क्या पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले कार्यक्रम की परिकल्पना की फिर आप सबको याद किया, या आप सबको याद किया और फिर कार्यक्रम की परिकल्पना आई?*
- अलग-अलग प्लेटफॉर्म से, अलग-अलग तरीके से, अलग-अलग लोगों से डेलिब्रेशन करके बहुत सारे कार्यक्रमों की सूची बनी थी। उस सूची को हम लोगों ने तैयार किया, पूरी टीम ने सामूहिकता के साथ सूची तैयार की। उस समिति में, उस कमेटी में जो लोग हैं, उसके बाहर के भी अनेक महत्वपूर्ण लोगों से हमने चर्चा की, उनके फीडबैक लिए, सुझाव लिए और एक कलेक्शन बनाया। और उसके बाद हमने अपने ऊपर के संगठन के, हमारे सीनियर लोगों को दिखाकर के फिर उन्होंने फिर उसको शॉर्टलिस्टेड भी करना था, ऑब्वियस सी बात है बहुत सारे कार्यक्रम नहीं हो सकते, तो फिर बाद में हमारे इस संगठन के अनुभवी लोगों से हमने परामर्श करके शॉर्टलिस्टिंग का काम किया।
- *तो फाइनल कार्यक्रम का स्वरूप क्या बना है? एक महीने तक कार्यक्रम चलाना है, एक दिन का समझ में आता है, एक हफ्ते का भी समझ में आता है, आप तो एक महीने तक ले बैठे हैं।*
- भारतीय जनता पार्टी में एक महीना क्या, 365 दिन काम करने वाले हमारे सभी कार्यकर्ता साथी हैं। भारत देश की जनता में भी इतना नरेंद्र मोदी के लिए समर्पण है कि नरेंद्र मोदी के लिए आम लोग, सामाजिक लोग, शैक्षणिक लोग, विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल लोग भी हमेशा उनके लिए कुछ अच्छा करने के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। तो ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### राजपाल को दो हफ्ते में जमा करने होंगे 2 करोड़

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अभिनेता राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में दो हफ्ते के भीतर कम से कम 2 करोड़ रुपए रजिस्ट्री में जमा करने का आखिरी मौका दिया। मामले में उन पर मुरली प्रोडक्शंस के मालिक के करीब 5 करोड़ रुपए बकाया होने का आरोप है। यादव के वकील ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि तय समय में 2 करोड़ रुपए जमा किए जाएंगे और बाकी रकम के लिए जमानत दी जाएगी। कोर्ट ने राजपाल को 5 अक्टूबर तक गिरफ्तारी से मिली राहत जारी रखी है। साथ ही उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का निर्देश दिया। पीठ ने उनके पिछले व्यवहार पर भी सवाल उठाते कहा कि भरोसा करना मुश्किल है।

### बेरोजगारी दर छह महीने के निचले स्तर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** अगस्त में भारत की बेरोजगारी दर घटकर छह महीने के निचले स्तर 5% पर आ गई, जो जुलाई में 5.1% थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, बेरोजगारी में कमी की प्रमुख वजह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की स्थिति में सुधार रहा। ग्रामीण बेरोजगारी दर जुलाई के 4.5% से घटकर 4.1% हो गई, जबकि शहरी बेरोजगारी 6.7% से बढ़कर 6.8% हो गई। अगस्त में वर्कर पॉपुलेशन रेश्यो बढ़कर 52.8% हो गया जो जुलाई में 52.5% था। ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनुपात 55.4% से बढ़कर 55.8% रहा, जबकि शहरी क्षेत्रों में 47% पर स्थिर रहा। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में बेरोजगारी दर 4.9% रही।

## अच्छी तरह से जानता पड़ोसी दुश्मन देश, कहां है जैश-ए-मोहम्मद का सरगना मसूद अजहर

# आंखों में धूल झोंकने की बजाय आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे पाकिस्तानः जायसवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत में कई हमलों के गुनहगार और जैश-ए-मोहम्मद के भगोड़े आतंकवादी मसूद अजहर को लेकर पाकिस्तान द्वारा रचे गए झूठे स्वांग के तहत घोषित की गई 70 लाख रुपए की इनाम राशि को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। यहां नई दिल्ली में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाकिस्तान की यह कोई नई हरकत नहीं है।

ऐसी नौटंकी वो पहले भी कई मर्तबा कर चुका है। जिसका मकसद और कुछ नहीं बल्कि आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले इस देश की खोखली घोषणाओं के रूप में हम सबके सामने है। असल में पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए। जो कि आखिरकार परिणाम से कोसों दूर ही रहती हैं। वहीं, सभी लोग इस बात से भी अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि अजहर कहीं और नहीं, पाकिस्तान में ही छिपा बैठा है।

**पाकिस्तान की रेड बुक में आतंकी को भगोड़ा घोषित कर रखी गई 70 लाख की इनाम राशि से जुड़े एक सवाल के जवाब में बोले रणधीर जायसवाल**

### पाक ने रेड बुक में अजहर को बताया फरार

यहां बता दें कि ये पूरा मामला आतंकी वित्तपोषण, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे वैश्विक अपराधों से निपटने के लिए गठित की गई फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की अगले महीने 26 से 30 अक्टूबर तक पेरिस में होने वाली एक बैठक से जुड़ा हुआ है। जिसमें आतंकवाद के मामले में धरातल पर उचित कार्रवाई करने में विफल रहने पर संस्था द्वारा पाकिस्तान को अपनी प्रतिबंधित ग्रे लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। जिससे बचने के लिए पाकिस्तान की फेडरल जांच एजेंसी (एफआईए) ने अपनी नई रेड बुक में जैश सरगना को न केवल भगोड़ा घोषित किया है। बल्कि उसके सिर पर रखी इनाम राशि को पहले के 50 लाख के मुकाबले 20 लाख और बढ़ाकर अब 70 लाख कर दिया है। अगर पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल हो गया। तो उसके सामने एक बड़ा और जटिल आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) जैसे वैश्विक संगठन उसे भविष्य में वित्तीय सहायता या ग्रांट भी नहीं देंगे।

### 6 साल से अलाप रहा झूठा राग

पाकिस्तान पिछले करीब 6 साल से यह झूठा दावा कर रहा है कि मसूद अजहर उसके देश में नहीं है। बल्कि वो अफगानिस्तान में है। जिसे पहले ही पाकिस्तान की सीमा से सटे इस देश ने सख्त अंदाज में सिरे से खारिज कर दिया था। वहीं, यह तथ्य भी जगजाहिर है कि मसूद अजहर पाकिस्तान में ही है। जिसे वहां की सरकार और सेना पूरा समर्थन प्रदान कर रही है।

### सिंध में छिपा है मसूद अजहर

भारत के खुफिया सूत्रों का कहना है कि जैश-ए-मोहम्मद का मुखिया, आतंकी मसूद अजहर पाकिस्तान में ही है और इस वक्त वो सिंध प्रांत के नवाबशाह शहर में छिपा बैठा है। इस बाबत जानकारी बीते करीब छह महीनों यानी 180 दिनों में की गई तकनीकी निगरानी के तहत एकत्रित की गई है। ज्ञात हो कि एफआईए ने रेड बुक में अजहर के अलावा 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शामिल 19 ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत को जीरो टॉलरेंस से कम कुछ नहीं चलेगा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सीमापार आतंकवाद को लेकर बनाई गई जीरो टॉलरेंस (शून्य सहिष्णुता) की नीति को लेकर अपना रुख पाकिस्तान को दो टूक अंदाज में साफ कर दिया है। जिसमें अब नई दिल्ली के पड़ोसी देश से होने वाले किसी भी आतंकी हमले का तुरंत मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। आतंकवाद के साथ-साथ पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। दोनों देशों के संबंध सीमापार आतंकवाद के जारी रहने तक फिर से सामान्य नहीं होंगे।

## यूपीआई पर शुल्क पर मचा बवाल

# राहुल गांधी ने घेरा, सरकार की सफाई, 15 अक्टूबर से बड़े भुगतान पर लगेगा एमडीआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे लोकप्रिय डिजिटल भुगतान व्यवस्था यूपीआई को लेकर मंगलवार को सियासी और आर्थिक विवाद तेज हो गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगाने का रास्ता खोलने और अमेरिकी भुगतान कंपनियों के दबाव के आगे झुकने का आरोप लगाया। उनके बयान के बाद सोशल मीडिया पर यूपीआई को लेकर तीखी बहस छिड़ गई। विपक्ष ने जहां इसे आम उपभोक्ता पर अप्रत्यक्ष बोझ डालने वाला कदम बताया, वहीं सरकार ने स्पष्ट किया कि आम लोगों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### राहुल गांधी का सरकार पर हमला

राहुल गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने "चुपचाप यूपीआई पर फीस लगाने का रास्ता खोल दिया है।" उन्होंने दावा किया कि 2,000 से अधिक के मर्चेंट यूपीआई लेन-देन पर लगाया जा सकता है। राहुल के मुताबिक ऐसे लेन-देन संख्या के लिहाज से भले ही करीब 5 प्रतिशत हों, लेकिन कुल यूपीआई लेन-देन के मूल्य में इनकी हिस्सेदारी करीब 65 प्रतिशत है। उन्होंने सरकार के इस तर्क पर भी सवाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सरकार की सफाई-पी टू पी पूरी तरह मुफ्त

वित्त मंत्रालय ने विवाद बढ़ने के बाद स्पष्ट किया कि व्यक्ति से व्यक्ति यानी पी टू पी यूपीआई भुगतान पर किसी भी राशि की कोई फीस नहीं होगी। मंत्रालय के अनुसार, लेन-देन यूपीआई के कुल वॉल्यूम का करीब 37 प्रतिशत और कुल मूल्य का लगभग 70 प्रतिशत है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि 14 सितंबर को जारी अधिसूचना के तहत 2,000 तक के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### 15 अक्टूबर से क्या बदलेगा? नए ढांचे के अनुसार

- 2,000 तक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर नहीं लगेगा।
- 2,000 से अधिक के निर्धारित लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होगा।
- 75,000 या उससे अधिक के सामान्य लेन-देन पर एमडीआर अधिकतम 300 प्रति लेन-देन रहेगा।
- एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को भेजे जाने वाले यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं होगा।
- रेलवे, टेलीकॉम, बीमा और ईंधन जैसी कुछ श्रेणियों के लिए अलग रियायती व्यवस्था के तहत 5 रुपए का फ्लैट एमडीआर रखा गया है।

# सीएम अनाउंसमेंट, निरोगी हरियाणा और समाधान शिविरों की बारीकी से मॉनिटरिंग करें सीएमजीजीएः सीएम नायब

- ▶▶ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की बैठक
- ▶▶ सरकार की योजनाओं का ग्राउंड जीरो पर क्रियान्वन और उनकी समय-समय पर मूल्यांकन रिपोर्ट देने की दी हिदायत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सीएमजीजीए द्वारा किए गए कार्यों का रिव्यू किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री के उपप्रधान सचिव डॉ. यशपाल मौजूद रहे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि सीएमजीजीए का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर शासन व्यवस्था को मजबूत करना, प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ाना और सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। अतः सभी सीएमजीजीए अपने-अपने जिलों में क्रियान्वित सरकारी योजनाओं पर बारीकि से नजर बनाकर रखें और समय-समय पर उनकी मूल्यांकन रिपोर्ट सीएम कार्यालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जिला में सीएम अनाउंसमेंट की स्थिति पर बारिकी से रिपोर्ट तैयार करें, कौन सी परियोजना किस वजह से रूकी हुई है, उसकी डिटेल रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके साथ-साथ निरोगी हरियाणा योजना की ग्राउंड जीरो पर क्या स्थिति है, ▶▶ शेष पेज 5 पर

# सेवा, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएः जेपी नड्डा

- ▶▶ कहा, सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया कि हम किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन कोई छेड़े तो छोड़ते नहीं
- ▶▶ भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएगी, जो पीएम मोदी के 25 वर्षों के समर्पित और निस्वार्थ जनसेवा के कार्यकाल को समर्पित होगाः केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कर्नाटक के बेंगलूरु में मल्लेश्वरम् स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया और भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' की जानकारी दी। नड्डा ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन और 25 वर्षों की जनसेवा को समर्पित है। देशभर में स्वच्छता, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, लाभार्थी पंजीकरण, वृक्षारोपण, दिव्यांगजन सहायता, खेल और युवा कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा 'वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा' और 'सेवा कलश यात्रा' भी निकाली जाएगी। नड्डा ने कहा कि 17 अक्टूबर को 'सुशासन संवाद' के साथ अभियान का समापन होगा और प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रेस वार्ता के दौरान कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

## उप्र, उत्तराखंड, हिप्र, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के सीएम ने परियोजना को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए

# किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजनाः ऐसे जीएगी यमुना, छह राज्य मिलकर करेंगे 'भगीरथी' प्रयास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यमुना नदी के पुनर्जीवन और उत्तर भारत में जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में मंगलवार को बड़ा कदम उठाया गया। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना को लेकर समझौते पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में हुए इस समझौते को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय जल मुद्दों के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर कहा कि उन्हें विश्वास है कि किशाऊ परियोजना के पूरा होने के बाद यह दिन इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किशाऊ परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया है। परियोजना के वित्तीय भार का करीब 90 प्रतिशत केंद्र सरकार वहन करेगी, जबकि शेष 10 प्रतिशत खर्च इसमें भाग लेने वाले राज्यों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### यमुना के पुनर्जीवन को मिलेगा आधार

किशाऊ परियोजना को यमुना नदी के पुनर्जीवन से जोड़ते हुए इसे नदी के जल प्रवाह को बनाए रखने और संबंधित राज्यों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। परियोजना के पूरा होने से यमुना बेसिन में जल उपलब्धता और उसके नियमन को बेहतर बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अमित शाह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में यमुना की सफाई को लेकर लगातार काम किया जा रहा

### मोदी सरकार के कार्यकाल में दसवां जल विवाद समाधान

गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद यह दसवां जल संबंधी विवाद है, जिसके समाधान की दिशा में आगे बढ़ा गया है। उन्होंने कहा कि अंतरराज्यीय जल विवादों और परियोजनाओं को लेकर राज्यों के बीच सहमति बनाने का काम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### तीन स्कूलों को ईमेल से बम की धमकी

**नई दिल्ली।** स्कूलों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को भी ईमेल के जरिये दिल्ली के तीन स्कूलों को बम की धमकी मिली। परिसरों से छात्रों को बाहर निकाल कर सुरक्षा जांच की गई। घंटों के सर्च ऑपरेशन के बाद धमकियां झूठी साबित हुईं। जिन स्कूलों को धमकी मिली उनमें चाणक्यपुरी स्थित ब्रिटिश स्कूल, धौला कुआं स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय शामिल हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार उसके पास सुबह साढ़े 11 बजे धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल से एक फोन आया जिसके बाद एक गाड़ी मौके पर भेजी गयी। सघन तलाशी के बाद एक बजकर पांच मिनट पर बम की धमकी फर्जी घोषित की गयी। पुलिस ने बताया कि ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए जांच चल रही है।

### पति ने पत्नी पर ब्लेड से किया हमला

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में एक शख्स का अपने प्रेम प्रसंग को लेकर पत्नी के साथ झगड़ा हुआ। इस दौरान शख्स ने ब्लेड से पत्नी पर हमला कर दिया। आरोपी माजिद हुसैन (35) को पत्नी की हत्या की कोशिश के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना 13 सितंबर की रात करीब 11 बजे सुंदर नगरी स्थित घर पर दंपति के बीच हुई कहासुनी के बाद हुई। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति का किसी दूसरी महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है और वह अक्सर उससे झगड़ा और मारपीट करता रहता था। घटना से लगभग 15 दिन पहले, बार-बार होने वाले झगड़ों के कारण वह अपने तीनों बच्चों के साथ लोनी स्थित मायके चली गई थी। दो दिन पहले हुसैन और उसके पिता ने महिला को घर लौटने के लिए मनाया था। लेकिन ससुराल आने के बाद ही पति ने फिर से झगड़ा करना शुरू कर दिया। ब्लेड से हमले में महिला के मुंह और गले पर चोटें आई हैं। नंद नगरी पुलिस को रात करीब 11:40 बजे घटना की सूचना मिली। पुलिस ने 14 सितंबर को केस दर्ज किया और हुसैन को गिरफ्तार कर लिया।

### कड़कड़डूमा फायरिंग में शामिल आरोपी अजमेर से किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** कड़कड़डूमा सामुदायिक केंद्र के पास कथित तौर पर पुरानी रंजिश के चलते लोगों के एक समूह पर गोलियां चलाने के आरोपी को अजमेर से गिरफ्तार किया है। इस फायरिंग में दो लोग कमर में गोली लगने से घायल हुये थे। पुलिस के अनुसार यह घटना 11 सितंबर को सामने आई थी। स्कूटर सवार दो लोगों ने कथित तौर पर एक कैफे से बाहर निकलकर आइसक्रीम की दुकान के पास इंतजार कर रहे लोगों के एक समूह पर कई गोलियां चलाई थी। घायलों की पहचान अफसर और इरशाद के रूप में हुई थी। इनमें से एक को तीन गोलियां लगीं थी, जबकि दूसरे को एक गोली लगी है। इस संबंध में आनंद विहार पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया था। जांच के आधार पर पुलिस ने वजीराबाद निवासी 22 वर्षीय अद्दू को अजमेर से गिरफ्तार किया। उसके पास से फायरिंग में इस्तेमाल की गई दो पिस्तौल और एक स्कूटर बरामद किया गया है। जांच में 28 वर्षीय आफरीन उर्फ चंदा की भूमिका का भी पता चला है, जिसने कथित तौर पर पीड़ितों की लोकेशन की जानकारी आरोपियों तक पहुंचाई थी। उसका मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है और साक्ष्यों के लिए उसकी जांच की जा रही है। यह गोलीबारी आरोपी और घायल इरशाद के दोस्त समीर के बीच लगभग एक महीने पहले हुए झगड़े के बाद की गई थी।

### नंगली एक्सटेंशन में महिला को गोली मारने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के नंगली एक्सटेंशन में रविवार सुबह एक सरकारी स्कूल के शिक्षक की पत्नी की हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। महिला का पति पहले से ही हिरासत में है। उसके सुपारी लेने वाले फरार दोस्त की तलाश जारी है। पता चला है कि पति ने ही साजिश रचकर अपने बचपन के दोस्त को साढ़े तीन लाख रुपये में पत्नी की हत्या की सुपारी दी। पुलिस के अनुसार सुपारी मिलने के बाद दोस्त ने अपने भाई और उसके साथी को वारदात के लिए भेजा। दोनों हमलावर प्रिंटर देखने के बहाने घर में दाखिल हुए और करीब 40 मिनट तक अंदर रहने के बाद संध्या पर छह गोलियां चलाई। तीन गोलियां संध्या को लगी थी। गंभीर रूप से घायल महिला को समय पर उपचार मिल गया और उसकी जान बच गई। पुलिस ने मंगलवार को वारदात में शामिल दोनों हमलावरों दीपक और आकाश को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं संध्या के पति संदीप को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। साजिश में शामिल संदीप का बचपन का दोस्त अरविंद फरार है।

# बदरपुर में महिला की हत्या फरार पति की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर स्थित गौतमपुरी में मंगलवार दोपहर एक महिला की हत्या कर दी गई। हत्या का शक फरार पति पर जताया जा रहा है। पुलिस ने जांच के लिये कई टीमें गठित की है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भेजा गया है। मौत का सही कारण और तरीका पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच के बाद पता चल पाएगा।

पुलिस के अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग 12:15 बजे गौतमपुरी इलाके में संदिग्ध हत्या के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को एक कमरे में 31 वर्षीय यशोदा मृत अवस्था में मिली। मृतका अपने पति मनोज और पांच साल के बच्चे के साथ रहती थी। शुरुआती जांच में पता चला कि यशोदा पिछली रात अपने पिता से मिलने गई थी और रात लगभग 11:30 बजे अपने कमरे पर लौटी थी। सुबह कमरा बाहर से बंद मिला। शक होने पर मृतका के पिता ने ताला तोड़ा, जिसके बाद यशोदा अंदर मृत पाई गई। मृतका के परिवार वालों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। क्राइम और फोरेंसिक टीमों ने भी मौके का निरीक्षण किया है। मृतका के पति मनोज की भूमिका मामले में संदिग्ध लग रही है। सभी संबंधित पहलुओं और घटनाक्रम का पता लगाने के लिये आगे की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में आशंका जताई गई है कि मनोज और यशोदा के बीच पिता के घर जाने को लेकर झगड़ा हुआ होगा जिसमें उसने गुस्से में आकर यशोदा की हत्या कर दी।

### अदालत ने स्वतंत्र भारद्वाज को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान एक छात्रा के पिता पर हमले समेत अन्य आरोपों से जुड़े मामले में स्वतंत्र भारद्वाज को मंगलवार को तीन सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। कार्यवाही बंद कमरे में हुई। अदालत के सूत्रों के अनुसार, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने भारद्वाज को तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत दी। भारद्वाज को सात सितंबर को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इससे पहले, सोमवार को न्यायाधीश ने कहा था कि आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई बंद कमरे में होगी। इसके बाद अदालत के कर्मचारियों ने मीडियाकर्मियों से अदालत कक्ष से बाहर जाने को कहा। बाद में अदालत के कर्मचारियों ने बताया कि जमानत याचिका पर आदेश 15 सितंबर के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। हमले के मामले में गिरफ्तारी की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के संसद मार्ग थाने के बाहर प्रदर्शन करने के कुछ ही घंटों बाद, चार सितंबर को भारद्वाज को बुलंदशहर में हिरासत में ले लिया गया।

# जिम ट्रेनर की हत्या के विरोध में दो घंटे सड़क रखी जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आया नगर इलाके में सोमवार सुबह एक जिम ट्रेनर की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या के विरोध में मंगलवार को परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। इससे एमजी रोड और एनएच-48 पर लगा भीषण जाम लग गया। दो घंटे से अधिक समय तक ये सड़के अवरुद्ध रही। बाद में स्थानीय पुलिस ने प्रदर्शन को शांतिपूर्ण तरीके से खत्म करवाया।

पुलिस के अनुसार यह प्रदर्शन आया नगर में हुई हत्या के विरोध में एमजी रोड स्थित अर्जनगढ़ मेट्रो स्टेशन के पास किया गया था। परिजनों द्वारा गुरुग्राम और महरौली-बदरपुर रोड की ओर जाने वाली सड़क को दो घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध किया। इस व्यस्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही लगभग दो घंटे प्रभावित हुई। इस बीच दिल्ली यातायात पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी कर बताया कि प्रदर्शन के कारण एमजी रोड पर यातायात प्रभावित रहने की संभावना है। पुलिस ने वाहन चालकों को प्रभावित मार्ग से बचने की सलाह दी और छतरपुर के सीडीआर चौक से गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया। यातायात पुलिस द्वारा गुरुग्राम और महरौली के बीच यात्रा करने वाले लोगों को राष्ट्रीय राजमार्ग-48 (एनएच-48), महिपालपुर और अंधेरिया मोड़ वाले वैकल्पिक रास्ते का इस्तेमाल करने को कहा गया। इसी तरह महरौली से गुरुग्राम जाने वाले यात्रियों को अंधेरिया मोड़, महिपालपुर और एनएच-48 से होकर जाने की सलाह दी गई है। इतनी देर सड़क जाम रहने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-48 दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेसवे पर भीषण जाम लग गया, जिससे धौला कुआं से लेकर गुरुग्राम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली। गौरतलब है कि आया नगर के हंस चौक पर सोमवार सुबह ताबड़तोड़ गोलियां मारकर जिम ट्रेनर विजय कुमार की हत्या कर दी गई थी। मृतक का छोटा भाई योगेश हत्या के आरोप में दीपक नामक शख्स के साथ जेल में बंद है। पुलिस को मौके से 18 खोल और एक कारतूस मिला।

### एमएलए दराल पर दलित को पीटने के मामले में एफआईआर दर्ज कराना पहली जीतः आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा एमएलए गजेंद्र दराल द्वारा भाजपा के ही एक दलित कार्यकर्ता को पीटने के आरोप में देरी से हुई प्राथमिकी का लेकर आम आदमी पार्टी ने इसे पहली जीत बताया है। इस मामले में आप विधायक कुलदीप कुमार ने मंगलवार को कहा कि हमारे 6 घंटे के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार सुनील कुमार (पीड़ित) की एफआईआर दर्ज कराना हमारे संघर्ष की पहली जीत है। एमएलए कुलदीप ने कहा कि पिछले चार दिनों से वाल्मीकि समाज से संबंधित सुनील कुमार न्याय के लिए संघर्ष कर रहे थे। आरोप है कि भाजपा विधायक गजेंद्र दराल ने उन्हें अपने घर बुलाकर बुरी तरह पीटा, जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। इसके बावजूद दिल्ली पुलिस चार दिनों तक उनकी एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी। ऐसे में मैं खुद आज सुनील कुमार को अपने साथ लेकर सुबह 10 बजे डीसीपी रोहिणी के कार्यालय पहुंचा। जहां लगभग 6 घंटे तक लगातार संघर्ष और न्याय की मांग के बाद आखिरकार सुनील कुमार की एफआईआर दर्ज की गई। कुलदीप ने बताया कि इस एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ है। कुलदीप ने कहा कि यह पहली जीत है, लेकिन एफआईआर दर्ज होना हमारी लड़ाई का अंत नहीं, यह पहली जीत है। कुलदीप ने कहा कि हमारी मुख्य मांगों में भाजपा द्वारा आरोपी विधायक गजेंद्र दराल को तुरंत पार्टी से निष्कासित करना, पुलिस आरोपी विधायक और उसके साथियों को तुरंत गिरफ्तार करे, पीड़ित सुनील कुमार और उनके परिवार को सुरक्षा दी जाए और इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। एमएलए ने कहा कि आप पार्टी हमेशा हर गरीब, मजदूर, दलित, वंचित और दबे-कुचले व्यक्ति के साथ खड़ी रहती है। जहां जहां अन्याय हुआ है और जिसे इंसाफ चाहिए, हम उसकी आवाज बनकर उसके संघर्ष में उसके साथ खड़े रहेंगे।

# एमसीडी के डीसी ऑफिस में चल रहा था रिश्वत का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- डीलिंग असिस्टेंट 10 हजार की रिश्वत लेता रंगे हाथ गिरफ्तार

एमसीडी के शाहदरा साउथ जोन का डीलिंग असिस्टेंट 10 हजार की रिश्वत लेता एंटी करप्शन ब्रांच ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। त्रिलोकपुरी निवासी संजय पर आरोप है कि यह रिश्वत सलेख चंद नाम के कर्मचारी का पेंशन फंड जारी करने के बदले मांगी गई थी। सलेख 2024 में सफाई कर्मचारी के पद से रिटायर हुए थे।

ज्वाइंट सीपी विक्रमजीत सिंह के अनुसार 14 सितंबर को सलेख चंद के बेटे जितेंद्र ने एंटी करप्शन ब्रांच के ऑफिस पहुंचकर संजय के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि पिता 30 सितंबर 2024 को एमसीडी से सफाई कर्मचारी के पद से रिटायर हुए थे। दो साल बीत जाने के बावजूद उनका पेंशन फंड वगैरह अभी तक जारी नहीं किया गया है। वे अपने पिता के साथ कई बार शाहदरा साउथ जोन ऑफिस गए, लेकिन डीलिंग असिस्टेंट लगातार रिश्वत की मांग करता रहा। इससे पहले भी उन्होंने कुछ पैसे दिए थे। वह फिर से नई मांग पर अड़ा हुआ है और अब 70 हजार रुपये मांग रहा है। उसने 20 हजार रुपये की पहली किस्त लेकर बुलाया है। शिकायतकर्ता से बात करने के बाद पूरी जानकारी डीसीपी को दी गई। इसके बाद एक रेडिंग टीम बनाई गई जिसमें इंस्पेक्टर खेमेंद्र पाल सिंह, महिला इंस्पेक्टर खिलौनी और अन्य स्टाफ शामिल थे। 14 सितंबर को शाम लगभग पौने पांच बजे, रेडिंग टीम शिकायतकर्ता के साथ पहले से तय मीटिंग पॉइंट, यानी डीसी ऑफिस, एमसीडी साउथ जोन कॉम्प्लेक्स, पीआईए पहुंची। पंच गवाह की मौजूदगी में आरोपी संजय ने शिकायतकर्ता से 10 हजार की मांग की और उसे स्वीकार किया। तुरंत ही एसीबी की टीम ने संजय को पकड़ लिया। आरोपी संजय को 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। साकेत नाम के एक अन्य व्यक्ति की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

### महिला से गोल्डी बराड़ के नाम पर मांगी 200 करोड़ की रंगदारी

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में रहने वाली एक महिला से विदेश में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम पर 200 करोड़ की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक राजधानी में अब तक मांगी गई रंगदारी की यह सबसे बड़ी रकम है। प्रारंभिक जांच के बाद सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया है। स्पेशल सेल की एक टीम भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने विदेश के नंबर से रंगदारी के लिए फोन आने की सूचना दी थी, जिसके बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया। पुलिस फोन करने वाले की पहचान और इतनी बड़ी रकम की मांग के मकसद का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि ससुर की मौत के बाद से महिला की परिवार से अनबन थी और इसी संदर्भ में कथित तौर पर रंगदारी के लिए आए फोन से जुड़े हालात की भी जांच की जा रही है। पुलिस फोन करने वाले की पहचान, फोन करने का मकसद और क्या फोन करने वाले का बराड़ से कोई संबंध था, इन सभी सवालों का जवाब ढूढंने की कोशिश कर रही है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलाब मोहम्मद उर्फ मो. इदरीश, पुत्रः मो. कलाम, पताः म.नं. 166, खसरा नं. 46/9, दूसरी मंजिल, शारदा एन्क्लेव प्रेम नगर, किरारी, दिल्ली** ने **FIR No. 125/2024, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुलाब मोहम्मद उर्फ मो. इदरीश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुलाब मोहम्मद उर्फ मो. इदरीश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 125/2024, U/s 138 NI Act, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **गुलाब मोहम्मद उर्फ मो. इदरीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.10.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार – श्री शशांक नंदन भट्ट**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02, पश्चिम**
**DP/13080/WD/2026 कमरा नं. 356, तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली**

# 700 से ज्यादा लोगों से करोड़ों की ठगी में शामिल आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने एक 24 वर्षीय व्यक्ति को आभूषणों से जुड़ी धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस पर अपने पिता के साथ मिलकर फर्जी आभूषण किटी योजना के माध्यम से 700 से अधिक लोगों से करीब 1.5 करोड़ रुपये ठगने और इसके बाद दुबई फरार होने का आरोप है। आरोपी अनिकेत वर्मा को सूरत हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपी पिता-पुत्र ने 24 महीने की योजना पूरी होने पर 28,000 रुपये या इतनी ही कीमत के आभूषण देने का वादा करके सदस्यों से हर महीने 1,000 रुपये जमा कराए। जगतपुर, बुराड़ी स्थित बाबा श्याम गिरि ज्वैलर्स के मालिक नरेश कुमार वर्मा और उसके बेटे अनिकेत वर्मा कथित तौर पर आभूषणों की किटी समितियां संचालित करते थे। वे किटी की अवधि पूरी होने पर बड़ी रकम या उसके बराबर कीमत के आभूषण देने का भरोसा दिलाकर लोगों को पैसे जमा करने के लिए प्रेरित करते थे। कई पीड़ितों की शिकायत पर आठ अक्टूबर 2025 को ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी किटी समितियों के सदस्यों से नकद किस्त वसूलते थे। पीड़ितों से भुगतान की हस्तलिखित रसीदें भी बरामद की गई, जिन पर आरोपियों के हस्ताक्षर थे। ये रसीदें कथित तौर पर की गई वसूली का दस्तावेजी सबूत हैं। पिता-पुत्र ने अपनी संपत्तियां बेचने के बाद दिल्ली छोड़ दी और उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। इनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) भी जारी किए गए। जांच में पता चला कि आरोपी दुबई चले गए थे और वहां अपने परिवार के साथ रह रहे थे। सूचना मिलने के बाद अनिकेत को 10 सितंबर को सूरत हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया। इसके बाद एक टीम सूरत पहुंची और 11 सितंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार परिवार का आभूषण का कारोबार था। यमुना विहार और बुराड़ी में इनकी आभूषणों की दो दुकानें थी। पुलिस ने बताया कि फिलहाल दुबई में रह रहे नरेश कुमार वर्मा को कानूनी और राजनयिक माध्यमों से गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 50 साल पुरानी हाउसिंग सोसायटियों को मिलेगा नए सिरे से बसने का रास्ताः डीडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- एमपीडी–2047 पर डीडीए का चौथा और पांचवा दौर आयोजित

दिल्ली की जर्जर और उम्रदराज हाउसिंग सोसायटियों के पुनर्विकास की राह आसान बनाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने मास्टर प्लान-2047 के तहत कवायद तेज कर दी है। डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार, चौथे हितधारक परामर्श में 50 वर्ष से अधिक पुरानी और संरचनात्मक रूप से असुरक्षित आवासीय सोसायटियों के पुनर्विकास का मुद्दा प्रमुखता से उठा। वहीं, पांचवें दौर में उद्योगों को बढ़ावा देने, निजी क्षेत्र को डीडीए की जमीन उपलब्ध कराने और इंस्टीट्यूशनल सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (आईएसआर) ढांचे पर चर्चा हुई। दोनों बैठकों में आरडब्ल्यूए, सहकारी ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों और प्रमुख औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डीडीए अधिकारियों ने चौथे परामर्श में पुराने आवासीय क्षेत्रों और ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों के लिए प्रस्तावित नीति ढांचे की जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, एमपीडी-2047 में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी), फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर), प्रोत्साहन आधारित एफएआर और आवासीय घनत्व संबंधी प्रावधानों को युक्तिसंगत बनाने जैसे उपायों पर विचार किया जा रहा है। इनका मकसद उपलब्ध भूमि का बेहतर इस्तेमाल करते हुए सुनियोजित पुनर्विकास को बढ़ावा देना है।

बैठक में सोसायटियों के प्रतिनिधियों ने अधिक इंसेंटिवाईज्ड एफएआर की मांग रखी। उनका कहना था कि मौजूदा परिस्थितियों में पुरानी इमारतों का पुनर्विकास आसान नहीं है। विभिन्न सरकारी एजेंसियों से मंजूरी लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की जरूरत भी बताई गई। इसके अलावा, पुरानी इमारतों का संरचनात्मक सुरक्षा ऑडिट कराकर यह तय करने की मांग की गई कि कौन-सी इमारतें सुरक्षित हैं और किनका पुनर्विकास जरूरी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक तलरेजा, पुत्रः वासुदेव तलरेजा, निवासीः सी–1/88ए, केशव पुरम, दिल्ली–110035** ने **Reg. No.: 4431/2021, U/s: 138 NI ACT, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक तलरेजा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक तलरेजा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना केशव पुरम, नई दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक तलरेजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री संयम जैन**
**जेएमएफसी–04, उत्तर पश्चिम, कमरा नंबर 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
**DP/13011/NW/2026**

**सड़कों पर कम बसें उतरने से यात्री रहे परेशान**

# अस्थाई चालकों ने अपनी मांगों को लेकर डीटीसी बसों के पहिए थामे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली परिवहन निगम में अस्थाई तौर पर तैनात चालकों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को हड़ताल शुरू कर दी है। उधर सड़कों पर बसें कम उतरने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि अस्थाई चालकों ने वेतन वृद्धि, मेडिकल सुविधा, इंशोरेंस, सालाना बोनस और अतिरिक्त काम का डबल ओवर टाइम देने की मांग को लेकर मंगलवार को बुराड़ी क्रॉसिंग मैदान से अपनी हड़ताल शुरू की। इन अस्थाई चालकों की हड़ताल का असर सड़कों पर भी दिखाई दिया। हालांकि डीटीसी के स्थाई चालकों ने अपनी सेवाएं जारी रखी। दरअसल मंगलवार बुराड़ी क्रॉसिंग डिपो से अस्थाई डीटीसी बस चालकों ने अपनी हड़ताल शुरू की। हड़ताल के ऐलान के बाद सभी अस्थाई चालकों ने अपनी बसों को जहां का तहां यानी सड़कों पर ही खड़ा कर दिया। हड़ताल के कारण दिल्ली सचिवालय से राजघाट की ओर जाने वाले मार्ग पर कतारों में बसे खड़ी कर दी गईं, वहीं विकास मार्ग पर भी कई बसों को खड़ा कर दिया गया। इन बसों में देवी बस और लो फ्लोर इवी बसें शामिल थीं। शाम को दर्जनों की संख्या में अस्थाई चालक बुराड़ी क्रॉसिंग बस डिपो पर एकत्र हुए और मीटिंग की। इस बैठक के बाद अस्थाई कर्मचारियों ने फैसला किया जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

### भाजपा एमएलए अनिल शर्मा के रसूख के आगे हमेशा नतमस्तक रही है एमसीडीः भारद्वाज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाए कि सत्य निकेतन क्षेत्र में एमएलए अनिल शर्मा के अवैध पीजी का सबूत देने के बावजूद एमसीडी द्वारा कार्रवाई करने की कोई हिम्मत नहीं हो पा रही है। भारद्वाज ने दावा किया कि इससे चार साल पहले भी एमएलए शर्मा के खिलाफ सरकारी जमीन कब्जा कर अवैध पीजी बनाने की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। सितंबर 2022 में एक आप विधायक की शिकायत पर भी एलजी और एमसीडी ने शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। भारद्वाज का दावा है कि 20 साल से एमसीडी में भाजपा की सरकार होने के चलते ही अनिल शर्मा के अवैध निर्माण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि अनिल शर्मा के रसूख के आगे एमसीडी हमेशा नतमस्तक रही है। उसी रसूख के चलते अनिल शर्मा के अवैध पीजी का सबूत होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है। यह पहली शिकायत नहीं है, बल्कि 4 साल पहले आंबेडकर कल्याण समिति ने भी सरकारी जमीन कब्जाने और अवैध पीजी बनाने की शिकायत की थी। इसके बाद सितंबर 2022 में आप विधायक ने भी शिकायत की थी लेकिन एलजी या एमसीडी ने कोई कार्रवाई नहीं की, क्योंकि 20 साल से एमसीडी में भाजपा की सरकार है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **शाहरुख उर्फ फैजान, पुत्रः अफाक, निवासीः बी–ब्लॉक, गली नंबर 19, श्री राम कॉलोनी, खजूरी खास, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 5531/2015 U/S 379/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना खजूरी खास, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **शाहरुख उर्फ फैजान** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **शाहरुख उर्फ फैजान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 5531/2015 U/S 379/411/34 IPC, थाना खजूरी खास, उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **शाहरुख उर्फ फैजान**, को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 17.10.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, सुश्री नोर्मा जैन,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03,**
**उत्तर पूर्व, कमरा नं. 22, प्रथम तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।**
**DP/13060/NE/2026**
**(अदालती मामला)**

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | किसान भवन, नारनौल, हरियाणा में डीजल जनरेटर सैट, ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पीवी प्लांट, एयर कंडीशनर्स और गीजर्स का प्रावधान (सी.एम. घोषणा सं. 24638 दिनांक 10.01.2019) + 1 कार्य। | 14.09.2026 22.09.2026 | 50,72,931/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/49280/I/88/7 दि. 15.09.26

### मंत्रिपरिषद की बैठक में लिया गया निर्णय

# दिल्ली सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं का मासिक प्रोत्साहन किया दोगुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं के निर्धारित मासिक प्रोत्साहन को दोगुना कर 3,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये करने का निर्णय लिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह वृद्धि दिल्ली में सभी कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं पर लागू होगी। अन्य प्रोत्साहन पहले की तरह जारी रहेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में आशा कार्यकर्ताओं के निर्धारित मासिक प्रोत्साहन को दोगुना करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आशा कार्यकर्ता दिल्ली की प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देती हैं, परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करती हैं तथा गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं की देखभाल से संबंधित सेवाओं में सहयोग करती हैं। स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों, सर्वेक्षणों और सामुदायिक बैठकों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी आशा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की थीं। दिल्ली में 6,725 पदों पर आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं। सामान्यतः एक आशा कार्यकर्ता लगभग 2,000 लोगों या 400 परिवारों से स्वास्थ्य संबंधी संवाद करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार आशा वर्करों का मानदेय बढ़ाने पर लगातार विचार विमर्श कर रही थी। यह निर्णय सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल था, जिसे पूरा कर दिया गया है।

### आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि मासिक प्रोत्साहन में वृद्धि आशा कार्यकर्ताओं के योगदान के सम्मान के साथ-साथ उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे उनके कार्य के प्रति उत्साह और सेवा निरंतरता को बल मिलेगा। साथ ही, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और महिला आर्थिक सशक्तीकरण को बढ़ावा देने में भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार आशा कार्यकर्ताओं के योगदान को मान्यता देते हुए उनकी आर्थिक सुरक्षा और कार्य-परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रेखा गुप्ता ने बताया कि आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने, टीकाकरण को बढ़ावा देने और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके मासिक प्रोत्साहन में वृद्धि से उन्हें अपने दायित्वों का और अधिक उत्साह तथा समर्पण के साथ निर्वहन करने में सहायता मिलेगी। इससे आशा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा, उनकी सेवा निरंतरता मजबूत होगी और दिल्ली में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

## 'दिल्ली की वायु गुणवत्ता में हो रहा है लगातार सुधार,

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में स्पष्ट और निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। वर्ष 2016 में केवल 94 स्वच्छ वायु दिवसों से बढ़कर इस वर्ष 179 दिन होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि दिल्ली सरकार के निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। दिल्लीवासियों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराने के लिए हम इन प्रयासों को और मजबूत करते रहेंगे, ताकि हर मौसम के साथ दिल्ली की हवा और स्वच्छ हो। मंत्री सिरसा ने बताया कि दिल्ली में 1 जनवरी से 15 सितंबर, 2026 के बीच 179 साफ हवा के दिन दर्ज किए गए हैं, जो शहर की वायु गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाता है। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दिल्ली में 172 स्वच्छ वायु दिवस दर्ज किए गए थे, जबकि 2016 में यह संख्या महज 94 दिन थी। 2016 में 94 दिनों से बढ़कर 2026 में 179 साफ हवा के दिन दर्ज होना 85 दिनों का सुधार दर्शाता है। यह धूल, कचरे और वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे समन्वित प्रयासों के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दोहराया कि वायु गुणवत्ता में सुधार एक दीर्घकालिक प्राथमिकता है।

### एनडीएमसी ने वाल्मीकि सदन के 145 टाइप-एक क्वार्टरों को खाली करने के लिए जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के नगर पालिका आवास विभाग ने जन सुरक्षा के हित में सावधानी के रूप में एक कदम के तौर पर नई दिल्ली स्थित वाल्मीकि सदन के आठ आवासीय ब्लॉकों में स्थित 145 टाइप-एक क्वार्टरों के निवासियों को परिसर खाली करने की सलाह दी है। यह निर्णय एनडीएमसी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किए गए व्यापक संरचनात्मक मूल्यांकन के बाद लिया गया है। मूल्यांकन में संबंधित भवनों को आवासीय उपयोग के लिए संरचनात्मक रूप से असुरक्षित तथा आर्थिक रूप से मरम्मत योग्य नहीं पाया गया है। इन प्रभावित आवासीय ब्लॉकों में 1965–66 के दौरान निर्मित तीन मंजिला चार ब्लॉक शामिल हैं, जिनमें जी-25 से जी-51, एफ-25 से एफ-51 तथा एस-25 से एस-51 तक के क्वार्टर शामिल हैं। इन ब्लॉकों में कुल 81 क्वार्टर हैं। इसके अतिरिक्त, 1985–86 के दौरान निर्मित चार मंजिला चार अन्य ब्लॉक, जिनमें ब्लॉक संख्या 1 से 64 तक के क्वार्टर शामिल हैं, उनमें कुल 64 क्वार्टर हैं।

## खबर संक्षेप

### 'सफाई कर्मियों को नियमित करने से उनके जीवन में आएगा बदलाव'

नई दिल्ली। महापौर प्रवेश वाही ने मंगलवार को कहा कि निगम में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने से उनके जीवन में नया बदलाव आएगा। निगम द्वारा सफाई कर्मचारियों के हित में उठाया गया यह बड़ा कदम है जिसके तहत वर्षों से सेवाएं दे रहे 296 सफाई कर्मचारियों को नियमित किया है, अब उनको नियमितीकरण के सभी लाभ मिलेंगे। महापौर ने नियमित हुए सभी कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। महापौर वाही ने कहा कि दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा जोनल स्क्रीनिंग समितियों की संस्तुतियों तथा संबंधित अधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर कुल 296 सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण का निर्णय लिया गया है।

### टीम इंडिया को सूद ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद ने कहा कि मंगलवार को कौशल भवन में केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के साथ 'वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026' के लिए टीम इंडिया के विदाई समारोह में शामिल होने का अवसर मिला और भारत के युवा चैंपियनों के साथ खड़े होकर गर्व महसूस कर रहा हूं। इस अवसर पर उन्होंने 'वर्ल्डस्किल्स शंघाई 2026' में हिस्सा लेने जा रही टीम इंडिया को हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं। मंत्री सूद ने खिलाड़ियों को संबोधन में कहा कि आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें, देश का नाम रोशन करें और अनगिनत युवा भारतीयों को प्रेरित करें।

### छात्रों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सरकारः सूद

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार सभी छात्रों के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए एक व्यावहारिक एवं संतुलित नियामक व्यवस्था विकसित की जाएगी। दिल्ली के शिक्षा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को छात्र आवास एवं सुरक्षा के संबंध में गठित 20 सदस्यीय उच्चाधिकार प्राप्त समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता के बाद मीडिया को यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि समिति पीजी के लिए नए कानून एवं नियम तैयार करेगी। इन नियमों के निर्माण में प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा (टीटीई) विभाग सहित सभी संबंधित हितधारक भाग लेंगे। मंगलवार की इस समिति की पहली बैठक में मुख्य सचिव, दिल्ली पुलिस आयुक्त, एमसीडी आयुक्त, संबंधित विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा प्रधान सचिव (शिक्षा) सहित समिति के प्रमुख सदस्यों ने भाग लिया। बता दें कि उपराज्यपाल द्वारा गठित इस उच्चस्तरीय समिति का उद्देश्य राजधानी में छात्र आवास की गंभीर कमी, सुरक्षा मानकों तथा छात्र आवास के नियमन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक में ये प्रमुख निर्णय लिए गए जिनमें दिल्ली के सभी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों से संबंधित डेटा को एकत्रित और मैप करने के लिए 15 दिनों के भीतर एक केंद्रीय पोर्टल विकसित किया जाएगा। पीजी संचालकों के लिए 15 दिनों के भीतर एक पोर्टल तैयार किया जाएगा, जिस पर पीजी सुविधाओं का पंजीकरण किया जाएगा तथा भवन की आयु, संरचना का आकार और अग्नि सुरक्षा संबंधी उपायों का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा।

## 10 हजार विद्यार्थियों के लिए बनेंगे हॉस्टलः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार राजधानी के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले 10 हजार विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल का निर्माण करेगी। इन छात्रावासों का निर्माण विभिन्न विभागों के माध्यम से कराया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर जमीन लेकर भी हॉस्टल बनाए जाएंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं और छात्रों, दोनों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती आवास की व्यवस्था सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

दिल्ली सरकार की कुछ यूनिवर्सिटीज और संस्थानों में हॉस्टलों का निर्माण पहले से जारी है और अब आवश्यकता को देखते हुए इसका दायरा और बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ऐसे छात्रावास बनाना चाहती है, जहां देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के माता-पिता अपने बच्चों को निश्चिंत होकर छोड़ सकें। विद्यार्थियों को इस चिंता में नहीं रहना चाहिए कि उन्हें कहां रहना है, रहने का माहौल कैसा है और भोजन की व्यवस्था कैसे होगी। उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिले, ताकि वे पूरी तरह अपनी पढ़ाई, अपने भविष्य और अपने सपनों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में पढ़ने के लिए आने वाला हर विद्यार्थी केवल एक छात्र नहीं, बल्कि अपने परिवार की उम्मीद और अपने भविष्य का सपना लेकर आता है। सरकार का दायित्व है कि उसे पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण देने के साथ रहने की चिंता से भी मुक्त करे। दिल्ली 'सरकार अपने विद्यार्थियों के साथ खड़ी है और उन्हें सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 'अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में आते हैं युवा'

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ एक बड़ा शिक्षा केंद्र भी है। देश के अलग-अलग राज्यों से बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली आते हैं। कॉलेज और विश्वविद्यालयों में प्रवेश मिलने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक सुरक्षित और किफायती आवास की व्यवस्था करना होती है। सरकार इसी समस्या का स्थायी समाधान तलाश रही है।

### 'कॉलेजों का भी सर्वे कराएगी सरकार'

दिल्ली सरकार के विश्वविद्यालयों और संस्थानों के अलावा दिल्ली के किसी भी कॉलेज या विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। सरकार उन कॉलेजों का भी सर्वे कराएगी, जहां हॉस्टल निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हैं। उपयुक्त स्थानों की पहचान के साथ छात्रावास निर्माण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा।

### 'पीपीपी मॉडल से बनेंगे हॉस्टल, सुविधाओं पर जोर'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉस्टलों का निर्माण पीपीपी आधार पर भी कराया जाएगा। इससे निर्माण में तेजी के साथ-साथ हॉस्टलों के रखरखाव और विद्यार्थियों को लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सरकार केवल हॉस्टल बनाने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वहां विद्यार्थियों की सुरक्षा, सुविधा और आवश्यक जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अंबेडकर विश्वविद्यालय, धीरपुर, जी.बी. पंत इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक, इंदिरा गांधी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज और दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सहित कई संस्थानों में हॉस्टल निर्माण का काम चल रहा है या प्रस्तावित है।

### कूड़े से आजादी द्वारा बनेगी दिल्ली स्वच्छ, सुंदर एवं हरित : मोनिका

नई दिल्ली। दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के तहत मंगलवार को उप महापौर डॉ. मोनिका पंत ने नेहरू नगर का निरीक्षण किया और कहा कि कूड़े से आजादी अभियान द्वारा ही दिल्ली स्वच्छ, सुंदर एवं हरित, बनेगी यह हमारी पहली प्राथमिकता है। उप महापौर डॉ. मोनिका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्पित स्वच्छ भारत अभियान एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा आरंभ किए गए दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान सफलता की और बढ़ रहा है। उन्होंने इस दौरान नेहरू नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, पार्कों, गलियों तथा नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप महापौर ने निगम प्राथमिक विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं क्षेत्र के पार्कों का भी दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। क्षेत्र की क्षतिग्रस्त गलियों का निरीक्षण करते हुए डॉ. मोनिका ने संबंधित अधिकारियों को टूटी हुई गलियों की मरम्मत का कार्य यथाशीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## डूसू चुनाव में इस बार छात्र एनएसयूआई के पैनल को भारी बहुमत से जिताएंगे : यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मंगलवार को दावा किया है कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में इस बार छात्र एनएसयूआई के पैनल को भारी बहुमत से जिताएंगे। यादव ने एनएसयूआई के पक्ष में जिला कांग्रेस कमेटी में आयोजित बैठक में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से अपील की कि अगर वे डूसू चुनाव में 18 सितम्बर को एनएसयूआई पैनल 6-4-1-2 को जिताते हैं तो देश का भविष्य उज्जवल होगा और देश के करोड़ों देशवासियों सहित छात्रों के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गांधी के हाथ मजबूत होंगे। यादव ने नजफगढ़, चांदनी चैक और नई दिल्ली जिला कांग्रेस कमेटी की बैठकों को संबोधित किया। जिला अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान, महेन्द्र मंगला और राजेश यादव ने अपने-अपने जिलों में बैठकों का आयोजन किया।

बैठक दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन और हारुन यूसूफ आदि नेताओं के साथ एनएसयूआई और डूसू के पूर्व पदाधिकारी और छात्र मौजूद थे। यादव ने कहा कि एनएसयूआई के छात्र सहभागी प्रत्येक कॉलेज में संभवतः सभी छात्रों से सम्पर्क साधकर उन्होंने मौजूदा शिक्षा नीति और भाजपा सरकार द्वारा छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ की जो व्यवस्था बन चुकी है उससे अवगत कराएं। साथ ही कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी द्वारा लगातार छात्रों के हकों के लिए चलाए जा रहे छात्रों की गूंज अभियान की चर्चा भी करें ताकि डूसू चुनाव में एनएसयूआई पैनल एकपक्ष जीत हासिल कर सके। यादव ने कहा कि भाजपा डूसू चुनाव में एबीवीपी को जिताने के लिए हर तंत्र का प्रयोग करके पूरी जान झोंक रही है और अपनी वोट चोरी की शैली को डूसू चुनाव में भी इस्तेमाल कर सकती है। एनएसयूआई के छात्रों को भाजपा की गड़बड़ी करने की हर संभव कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार रहना होगा।

### डूसू चुनावः एबीवीपी ने तेज किया अभियान

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव (डूसू) को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। विभिन्न महाविद्यालयों में एबीवीपी के प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता विद्यार्थियों से संवाद कर उनके मुद्दों, अपेक्षाओं और विश्वविद्यालय से जुड़े विषयों पर चर्चा कर रहे हैं। एबीवीपी, दिल्ली के प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि एबीवीपी हमेशा से विद्यार्थियों की पहली पसंद रही है। एबीवीपी ने कहा कि 1973 से विद्यार्थियों के विश्वास का केंद्र एबीवीपी रही है। विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए एबीवीपी ने सदैव जमीन पर काम किया है और विद्यार्थी इससे भली-भांति परिचित हैं। अध्यक्ष पद के लिए यश डबास, उपाध्यक्ष पद के लिए ईशू मौर्य, सचिव पद के लिए रिया छाबड़ी एवं संयुक्त सचिव पद के लिए लक्ष्यराज सिंह मैदान में हैं। प्रदेश मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच एबीवीपी के पैनल को मिल रहे व्यापक समर्थन के साथ 7-3-3-3 मतदान क्रमांक पर एबीवीपी का पूरा पैनल चुनाव मैदान में है।

## अस्पतालों के गेटों पर बिक रहा बीमारियों का सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मुख्य द्वारों पर ही खुलेआम हो रही है गुटखे और सिगरेट की बिक्री, खुली कढ़ाई में भटूरे, ब्रेड पकौड़े तल कर बिना किसी रोक के बेच रहे हैं रेहड़ी वाले

दिल्ली सरकार के प्रमुख बड़े अस्पताल में शुमार गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल (जीबी पंत) और लोक नायक जयप्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के मुख्य द्वारों पर बने फुटपाथ पर खुलेआम बीमारियां परोसी जा रही हैं। उधर दूसरी तरफ अस्पताल के अंदर मरीज की भीड़ के कारण डॉक्टरों को शाम तक मरीजों को देखना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जेएलएन मार्ग पर स्थित जीबी पंत अस्पताल के मुख्य द्वार से लगा पूरा फुटपाथ रेहड़ी पटरी वालों से भरा हुआ है। यहां गुटखा, सिगरेट और तंबाकू की दुकान बिना किसी बेरोकटोक कर चल रहीं हैं।

इसके अलावा खाने पीने का सामान भी बिक रहा है। जो कि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। दरअसल यहां खुली कढ़ाई में भटूरे और ब्रेड पकौड़े तल कर बेचे जा रहे हैं। वहीं अन्य खाने पीने का सामान भी खुलेआम बिक रहा है। देखा जाए तो जीबी पंत अस्पताल के मुख्य द्वार से लगा पूरा फुटपाथ रेहड़ी पटरी से भरा पड़ा है। हालत यह है कि लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी तरफ एलएनजेपी अस्पताल के गेट नंबर 4 और तीन के बाहर भी यही स्थिति बनी हुई है। यहां भी खुलेआम गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू की दुकानें सजी हुई हैं। यहां का भी पूरा फुटपाथ रेहड़ियों से भरा हुआ है। बता दें कि इस फुटपाथ से होकर ही मरीज और तीमारदार अस्पताल में दाखिल होते हैं। लेकिन हैरत की बात यह है कि यह रेहड़ियां किसके इशारे पर चल रही हैं।

जबकि अस्पताल के बाहर गुटखा, सिगरेट या अन्य नशा जैसा सामान बेचने पर पाबंदी हैं। दरअसल इन अस्पतालों में सुबह से दोपहर तक काफी भीड़ रहती है। ऐसे में फुटपाथ पर रेहड़ियां लगने से अस्पताल के अंदर जाने में भी लोगों को दिक्कत हो रही है। अगर कोई इमरजेंसी आ जाए तो एंबुलेंस का निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। मौके पर मौजूद लोगों से बात की तो उन्होंने कहा कि यहां अच्छा खाना न मिलने के कारण लोगों को मजबूरी में यही सब खाना पड़ रहा है। क्या करें। अगर अस्पताल प्रशासन कैफेट एरिया बना दे तो इस समस्या से लोगों को निजात मिल सकता है। अस्पताल के बाहर माहौल भी साफ सुथरा हो जाएगा।

### यमुना में बेहतर होगा जलप्रवाह

# किशाऊ परियोजना : दिल्ली को मिलेगा 109.9 एमसीएम अतिरिक्त पानी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

किशाऊ परियोजना के समझौते से दिल्ली को 109.9 मिलियन क्यूबिक मीटर (एमसीएम) पानी मिल सकेगा, जिससे राजधानी की पेयजल जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। साथ ही यमुना नदी में पर्यावरण के लिए जरूरी जलप्रवाह को बेहतर करने में भी मदद मिलेगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना को लेकर हुए महत्वपूर्ण समझौते के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस परियोजना को वर्षों से लंबित विषय का समाधान बताते हुए केंद्र सरकार तथा संबंधित राज्यों के सहयोग की सराहना की गई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पानी की कमी दिल्ली की बड़ी चुनौतियों में से एक है। किशाऊ परियोजना के आगे बढ़ने से दिल्ली की जल सुरक्षा मजबूत होगी और कम पानी वाले क्षेत्र में राजधानी को अतिरिक्त कच्चा पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना का महत्व केवल दिल्ली को मिलने वाले अतिरिक्त पानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे यमुना नदी में पर्यावरण के लिए जरूरी जलप्रवाह को बेहतर करने में भी मदद मिलेगी, जो यमुना के पुनर्जीवन और पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है।

### सीएम ने राज्यों का भी जताया आभार

मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण समझौते के लिए दिल्ली की ढाई करोड़ जनता की ओर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने किशाऊ परियोजना को आगे बढ़ाने में सहयोग के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान की सरकारों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार वर्षों से लंबित महत्वपूर्ण विषयों का समाधान संवाद और राज्यों की सहमति के माध्यम से कर रही है और किशाऊ परियोजना भी इसी सहयोगात्मक दृष्टिकोण का उदाहरण है।

### 'दिल्ली की जल जरूरतों को मिलेगा दीर्घकालीन आधार'

मुख्यमंत्री ने कहा कि किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना ऊपरी यमुना बेसिन की महत्वपूर्ण जल भंडारण परियोजनाओं में से एक है। टौंस नदी पर बनने वाली इस परियोजना में लगभग 1,324 एमसीएम उपयोगी जल भंडारण की क्षमता होगी। मानसून के दौरान उपलब्ध पानी का भंडारण कर उसे जरूरत के अनुसार नियंत्रित तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे ऊपरी यमुना बेसिन के राज्यों को पानी की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लिए यह परियोजना भविष्य की जल जरूरतों के मद्देनजर महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त जल उपलब्ध होने से पेयजल आपूर्ति को मजबूत आधार मिलेगा और राजधानी में जल सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही भूजल के पुनर्भरण और जल संरक्षण के लिए दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी बल मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार हेमंत त्यागी

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ पत्रकार हेमंत त्यागी का मंगलवार को निधन हो गया। हिंडन तट स्थित शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। हेमंत त्यागी वर्तमान में पीटीआई के संवाददाता के रूप में कार्यरत थे। इससे पहले वह कई प्रमुख अखबारों में कार्य कर चुके थे। उनकी अंतिम यात्रा में शहर तमाम पत्रकार शामिल हुए।

### 83 किलो पटाखे के साथ आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर अवैध रूप से पटाखों के भंडारण एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सेक्टर-30 की टीम ने न्यू तिलपत कॉलोनी में कार्रवाई करते हुए घर में अवैध रूप से पटाखे रखकर बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के घर से 83 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहताश फरीदाबाद के रूप में हुई है।

### ट्रक की चपेट में आने से महिला का सर कुचला

**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम क्षेत्र स्थित राज नगर एक्सटेंशन में एक सड़क हादसे में महिला का सर ट्रक के अगले पहिये के नीचे आ गया। जिससे उसकी मौके पर यह मौत हो गई। महिला स्कूटी पर सवार होकर जा रही थी। एसीपी जियाउद्दीन अहमद ने बताया की मंगलवार के सुबह राज नगर एक्सटेंशन निवासी वरुण गुप्ता की पत्नी अमृत गुप्ता स्कूटी से कहीं जा रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। जिसके चलते उसका सर ट्रक के आगे के पहिये से कुचल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की पुलिस ने आरोपित ट्रक ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

विशेष चाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# धर्मपाल यादव के निवास पर पहुंचीं स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव के निवास पर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के सम्मान में विशेष चाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न सामाजिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, रोटरी एवं नागरिक संगठनों से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के कार्यक्रम में पहुंचने पर धर्मपाल यादव सहित उपस्थित अतिथियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में फरीदाबाद की मेयर परवीन बत्रा जोशी, बल्लभगढ़ के विधायक

मूलचंद शर्मा के बड़े भाई टिपरचंद शर्मा, चेयरमैन हुकम सिंह भाटी, फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहनपाल चौकर, संदीप टोंगर चेयरमैन तथा चेयरमैन धर्मपाल यादव के पुत्र दीपक यादव सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आईएमटी इंडस्ट्री एसोसिएशन के प्रधान हेमंत शर्मा, प्रमोद राणा, चेयरमैन आईएमटी वीर भान शर्मा, भारत विकास परिषद शाखाओं के प्रधान योगेश बंसल, राम भारद्वाज, स्टेट प्रेसिडेंट सुरेश चंद्र, एजुकेटर्स क्लब के प्रेसिडेंट रमेश डागर, बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान चंदर सैन शर्मा, रोटरी क्लब के प्रेसिडेंट हरि किशन गोयल, विभिन्न आरडब्ल्यूए, तथा आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। चाय कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने बल्लभगढ़ शहर सहित पूरे हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर एवं सुलभ बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आरती राव ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने तथा आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और भविष्य में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए चेयरमैन धर्मपाल यादव को शुभकामनाएं दीं।

### शहरवासियों के लिए गौरव की बात

*कार्यक्रम के आयोजक एवं विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन धर्मपाल यादव ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने फरीदाबाद की मेयर, जनप्रतिनिधियों, औद्योगिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, रोटरी क्लबों तथा कार्यक्रम में पहुंचे सभी गणमान्य नागरिकों का भी हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आरती राव का कार्यक्रम में उपस्थित होना शहरवासियों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।*

शिक्षकों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों से करेंगे संवाद

# राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष आज फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों का करेंगे दौरा

**तैयारियों को लेकर एसडीएम डॉ. हनी बंसल ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष 16 सितंबर 2026 को जिला फरीदाबाद के सरकारी विद्यालयों का दौरा करेंगे। इस दौरान राज्यपाल विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संवाद कर विद्यालयों मां शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। साथ ही वे विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी स्थिति का भी आकलन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। इस दौरान वे बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक विषयों के बारे में जानकारी लेंगे।

राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर एसडीएम फरीदाबाद डा. हनी बंसल की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. हनी बंसल ने अधिकारियों को निर्देश

▶▶ तैयारियों को लेकर एसडीएम डॉ. हनी बंसल ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

दिए कि राज्यपाल के दौरे से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूरी कर ली जाएं। उन्होंने विद्यालय परिसरों में साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायातए बैठने की व्यवस्थाए पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण करते समय साफ-सफाई, शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा स्कूल प्रबंधन समिति की भूमिका से संबंधित विषयों का भी आकलन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर सभी व्यवस्थाएं व्यवस्थित एवं सुचारु रहें तथा विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ होने वाले संवाद के लिए आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के दौरे का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों से जुड़े विषयों को समझना तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेना है।

### ठगी के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ ने खाता उपलब्ध करवाने वाले एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने ऑनलाइन साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए ठगी की रकम प्राप्त करने के लिए बैंक खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी विपिन निवासी गांव बाबूगढ़ छावनी जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस द्वारा अब तक एक खाताधारक तथा 3 खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बताया कि भाटिया कॉलोनी बल्लभगढ़ निवासी पीड़ित ने शिकायत दी थी कि उसने 30 नवंबर 2025 को अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड किया था। इसके बाद उसके बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन के माध्यम से 50,000 रुपए, 40000 रुपये और 5000 रुपये कुल 95000 रुपये निकाल लिए गए। शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विपिन ने खाताधारक दिपांशु का बैंक खाता रजत के माध्यम से प्राप्त कर साइबर ठगों तक पहुंचाया था। आरोपी हापुड़ में डिलीवरी बॉय का काम करता है। ठगी के 95 हजार रुपये खाताधारक के खाते में प्राप्त हुई थी। पुलिस ने आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

3 आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

# डॉक्टर से अपॉइंटमेंट के लिए इंटरनेट पर खोज रहा था नंबर, 95,105 रुपए की साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने के लिए इंटरनेट पर मोबाइल नंबर सर्च करना सैनिक कॉलोनी सेक्टर-49 निवासी एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने फोन पर संपर्क कर उसे अपने जाल में फंसाया और उसके बैंक खाते से 95,105 रुपये निकाल लिये। मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने जयपुर राजस्थान से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार सैनिक कॉलोनी सेक्टर-49 निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसने डॉक्टर का अपॉइंटमेंट बुक कराने के उद्देश्य से इंटरनेट पर मोबाइल नंबर की तलाश की थी। इसी दौरान उसके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने उसकी पत्नी का नाम सहित अन्य जानकारी पूछी और बातचीत के दौरान उसे विश्वास में लिया और उसके खाते से चार अनधिकृत 2 जुलाई को यूपीआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 95,105 रुपये निकाल लिये। शिकायत के आधार पर साइबर थाना एनआईटी में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर

जांच आरंभ की गई। उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना एनआईटी की टीम ने राहुल निवासी ए.के. गोपालन नगर जयपुर रवि निवासी गणेश नगर जयपुर तथा यश निवासी शारदा कॉलोनी जयपुर राजस्थान को 14 सितंबर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि राहुल खाताधारक है। उसने स्मार्ट ऐज सॉल्यूशन नाम से एक फर्म के नाम पर करंट खाता खुलवाया था, जिस खाता को रवि व यश के माध्यम से साइबर ठगों तक पहुंचाया गया। जिस खाता में ठगी की रकम में से 79,892 रुपये आए थे। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी यश जयपुर हाई कोर्ट में वकालत करता है, जबकि रवि जयपुर में कोचिंग देने का काम करता है। साइबर थाना एनआईटी की टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश किया।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा सं०– 46265433 के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए कार्यरत सहायक सामग्री प्रबंधक के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | PINION 20 TEETH FOR T M C 1005/4303 DY/CZ Drawing no. BHEL CAT. NO.14391628002 OR CGL DRG. NO. CGM/306209 MATERIAL CODE 767041418. Specification RDSO Spec. C-K303 |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत | Rs.5664000/- |
| 3. | मात्रा | 240 नग |
| 4. | निविदा की बोली प्रस्तुत (जमा) करने की तिथि एवं समय: | 10.10.2026 (11:00 Hrs.) |
| 5. | निविदा दस्तावेजो को खोलने की तिथि एवं समय | 10.10.2026 (11:00 Hrs.) |
| 6. | वेबसाइट का विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

**टिप्पणी (i)** ई–निविदा प्रणाली में शामिल होने के लिए निविदादाता को भारतीय रेल ई–प्रापण प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए। **(ii)** सभी नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। **(iii)** कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं।

एनआईटी सं.: 46265433 दिनांक: 12.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3177/26

पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी

# नकाबपोश बदमाशों स्क्रैप कारोबार के परिवार को बंधक बनाकर की लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भोजपुर थाना क्षेत्र के कलछीना गांव में मंगलवार की रात्रि में करीब तीन बजे आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने एक स्क्रैप कारोबारी के घर में घुसकर लूटपाट की और फरार हो गए। बदमाशों ने स्क्रैप कारोबारी सद्दाम व उसकी पत्नी अफरोज को कमरे में बंधक बना लिया।

बदमाश घर में रखे लाखों रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने मामले के खुलासे के लिए पांच टीमों का गठन किया है। घटना रात्रि 3 बजे के आसपास की है। कारोबारी के

मुताबिक बदमाश नकाबपोश थे तथा उन्होंने घर मे घुसने से पहले जलती हुई मिर्च फेंकी थी, जिसके चलते घर का कमरा धुएं से भर गया। कारोबारी सद्दाम मंगलवार की रात्रि में अपने परिवार के साथ सोया हुआ था ।उसकी पत्नी और बच्चे भी घर में थे। इसी दौरान रात्रि में करीब 3:00 बजे उसे लगा कि घर में मिर्ची का धुआं हो रहा है और पत्नी परेशान है । परेशान पति ने जैसे दरवाजा खोला 5-6 नकाबपोश बदमाशों ने उसे घेर लिया और बंधक बना दिया। इसके बाद जब उसने विरोध किया तो बदमाशों ने उसे भी और एक 10 वर्ष से बच्चे को भी एक कमरे में बंद कर दिया तथा घर में रखें करीब सवा लाख रुपए की नकदी व लाखों रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गए। इस दौरान बदमाश ने बच्चों के गर्दन पर चाकू रखकर यह पूछा कि रुपए और जेवरात कहां रखा है । इसके बाद लूट को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गए ।

क्षेत्र में चलाए जा रहे व्यापक पर्यावरणीय प्रोजेक्ट

# इफ्को चौक पर वृक्षारोपण से बढ़ेगी हरियाली बारिश के पानी के प्रबंधन पर भी जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के इफ्को चौक क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने और बारिश के पानी के बेहतर प्रबंधन के लिए चल रही नेचर-बेस्ड पहल के तहत क्नॉफ इंडिया की टीम ने वृक्षारोपण अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान कंपनी के करीब 40 कर्मचारियों ने पौधे लगाए।

यह पहल गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) और आईएमगुरुग्राम के सहयोग से क्षेत्र में चलाए जा रहे व्यापक पर्यावरणीय प्रोजेक्ट का हिस्सा है। क्नॉफ इंडिया के सीएफओ श्रेय मेहंदीरत्ता ने कहा कि सरकारी संस्थाओं, कम्युनिटी संगठनों और उद्योगों के सहयोग से शहरी पर्यावरणीय चुनौतियों का बेहतर समाधान निकाला जा सकता है। वहीं, मार्केटिंग डायरेक्टर गौनिक सिंह ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी केवल सीएसआर गतिविधि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे निर्माण और विकास से जुड़ी सोच का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। प्रोजेक्ट के तहत इफ्को चौक क्षेत्र में बारिश के पानी को प्राकृतिक तरीके से संचालित करने और भूजल रिचार्ज को बढ़ावा देने के लिए बायोस्वेल्स, रिचार्ज चैनल और रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर विकसित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य जलभराव की समस्या को कम करने के साथ बारिश के पानी को जमीन में पहुंचाना और क्षेत्र की हरियाली बढ़ाना है।

### वाहन चोरी के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-16 की कार्रवाई दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को प्रोडक्शन पर लेकर पूछताछ की और उनकी निशानदेही पर एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना पल्ला में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले की जांच के दौरान अपराध शाखा सेक्टर-16 की टीम ने 14 सितंबर रहीश उर्फ अमरूद्दीन निवासी मामूद नगर जिला अलीगढ़ तथा सकील निवासी गांव सूरतगढ़ जिला अलीगढ़ हाल निवासी गोंडा रोड निबरी मोड़ अलीगढ़ को नीमका जेल से प्रोडक्शन पर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों की निशानदेही पर एक चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु गिरधर, पिता: गुरचरण दास गिरधर, निवासी: 17/10, पहली मंजिल, कालकाजी, साउथ ईस्ट, दिल्ली** ने **FIR No. 71/2020, U/s: 420/406/34 IPC, पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हिमांशु गिरधर** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हिमांशु गिरधर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना वेलकम, दिल्ली** के अभियुक्त **हिमांशु गिरधर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रंगत घेरा
जेएमएफसी–03, शाहदरा, पहली मंजिल, कमरा नंबर 19, करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12881/NE/2026

श्रेमिकों के साथ भेदभाव और अन्याय का आरोप लगाया

# सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों का ठेकेदार कर रहे है शोषण: धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत सेक्टर में सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों का ठेकेदार शोषण कर रहा है।

बालाजी मैनपावर को सरकार ने सेक्टरों की सफाई का काम ठेके पर दे रखा है। ठेकेदार ने कर्मचारियों की संख्या घटा दी है। जबकि सेक्टर की बढ़ती आबादी के हिसाब से अधिक कर्मचारी नियुक्त करने चाहिए थे। लेकिन विभाग और ठेकेदार की मिली भगत की वजह से कर्मचारियों की संख्या बल को कम कर दिया है। काम अधिक है। श्रमिकों कम हैं। इनको सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाता है। इनका पी एफ और ईएसआई जमा नहीं हो रहा है। हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के फरीदाबाद के पूर्व सचिव धर्मवीर वैष्णव ने ठेकेदार और अधिकारियों पर श्रमिकों के साथ भेदभाव और अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है। बढ़ती महंगाई के कारण श्रमिकों को अपने परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में ठेकेदार और विभाग श्रमिकों को समय पर वेतन नहीं देता और उन्हें किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिलती हैं। हफ्ते में भी अवकाश नहीं मिलता है। छुट्टी के दिन भी काम करने के लिए बुला लिया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी है। कि यदि समय पर श्रमिकों के साथ हो रहे अन्य को मिटाया नहीं जाएगा तो यूनियन आंदोलन करेगी।

### गांजा तस्करी पर फरीदाबाद पुलिस का शिकंजा

**फरीदाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ फरीदाबाद पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने गांजा बेचने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 824 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 14 सितंबर को गुलशन पांडे निवासी पलवल को सेक्टर-56 क्षेत्र से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 560 ग्राम गांजा बरामद हुआ। एक अन्य मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-30 की ही टीम ने अभिषेक निवासी हंसा कॉलोनी कुरेशीपुर फरीदाबाद को सेक्टर-56 से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 260 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर-58 में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई।

मोबाइल फोन पाकर स्वामियों के चेहरे खिले

# पुलिस ने डेढ़ करोड़ के मोबाइल बरामद कर असल स्वामियों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार को लूट व चोरी किये गए करीब डेढ़ करोड़ रुपये की कीमत के मोबाइल फोन बरामद किए हैं और उनके असली स्वामियों को सौप दिए। मोबाइल फोन पाकर स्वामियों के चेहरे खिल उठे।

डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने बताया कि नगर जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की सर्विलांस टीम व सभी थानों द्वारा विभिन्न कम्पनियों के कुल 555 मोबाइल (अनुमानित कीमत 1.55 करोड़ रुपये) बरामद कर मोबाइल स्वामियों को लौटाये गये हैं। उन्होंने बताया कि सीईआईआर पोर्टल पर नगर जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नैचिंग व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की गई। जिसमें यह बड़ी बरामदगी हुई। सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिये तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया ।

**थानावार मोबाइल बरामदगी**

1. थाना कोतवाली नगर – 103
2. थाना विजयनगर – 91
3. थाना सिहानीगेट – 56
4. थाना नंदग्राम – 52
5. थाना कविनगर – 64
6. थाना मधुबन बापूधाम – 67
7. थाना वेवसिटी – 54
8. थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक – 55
9. थाना साइबर – 13

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C./84 BNSS देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वसीम पुत्र मोहम्मद रहीस निवासी जे–44, गली नं. 1, सीलमपुर, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 35/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वसीम** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वसीम** फरार हो गया/गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 35/2024, अंतर्गत धारा 25 शस्त्र अधिनियम, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.10.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**दीपाक्षी राणा**
एलडी. महानगर दण्डाधिकारी–03
कमरा नं. 19, उत्तर–पूर्व जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/12875/NE/2026
(Court Matter)

## खबर संक्षेप

### गया में बनेगा काशी विश्वनाथ जैसा कॉरिडोर

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार कैबिनेट ने धार्मिक पर्यटन, कृषि, रोजगार, स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, खनन और नागरिक उड्डयन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी। गया के विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर विकास के लिए ₹2,520 करोड़ तथा सोन-फल्गु नदी जोड़ योजना के लिए ₹996.05 करोड़, यानी कुल ₹3,516.05 करोड़ की स्वीकृति दी।

### झारखंड में एसआईआर का समय, 30 सितंबर तक

**धनबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा प्रविष्टियों में सुधार कराने के लिए दावा-आपत्ति की अवधि अब 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा और विभिन्न हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को देखते हुए दूसरी और अंतिम बार अवधि का विस्तार किया है।

### छेड़खानी करने पर पत्थर से सिर कुचला, मौत

**रांची।** झारखंड के पटमदा थाना क्षेत्र के सारी गांव में 38 साल के युवक मनोहर माझी की हत्या का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार, शराब के नशे में एक महिला से छेड़खानी करने से नाराज उसके पति शंभू सिंह ने मनोहर की पत्थर से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी शंभू सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। डीएसपी दयानंद कुमार ने बताया कि शनिवार देर रात गांव में आयोजित जागरण कार्यक्रम के दौरान मनोहर माझी अपने गांव के दुर्लभ सिंह के साथ बूढ़ीगोड़ा में शराब पीने गया था। वहां दोनों ने एक महिला से शराब ली।

# अयोध्या राम मंदिर में होगी स्नाइपरों की तैनाती, उत्तर प्रदेश सरकार 5.59 करोड़ से खरीदेगी ऑटोमेटिक हथियार

## निगरानी के लिए 14 टेलीस्कोपिक सर्च मिरर भी खरीदे जाएंगे

यूपी सरकार ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर समेत हाईकोर्ट, लोकभवन जैसे संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने का निर्णय लिया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर समेत हाईकोर्ट, लोकभवन, रीजनल रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम व मेट्रो स्टेशनों जैसे संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा को और अधिक पुख्ता करने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्नाइपरों की तैनाती की जाएगी।

शासन ने नए सुरक्षा प्लान के तहत तीन स्नाइपर राइफल खरीदने को मंजूरी दी है। एक रायफल की कीमत 10.76 लाख रुपए है। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल और प्रशिक्षित स्नाइपर्स को राम मंदिर परिसर में तैनात किया

जाएगा। साथ ही निगरानी के लिए 14 टेलीस्कोपिक सर्च मिरर भी खरीदे जाएंगे। महिला वाहिनियों को स्वचलित असलहे देने का निर्णय इसके साथ ही राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को दिए गए पुराने हथियारों को बदलने का भी फैसला किया है। सांसदों व विधायकों की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को नए असलहे और पीएसी की नवगठित महिला वाहिनियों को स्वचलित असलहे देने का निर्णय लिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार जनप्रतिनिधियों के सुरक्षाकर्मियों के लिए सरकार 9 एमएम की 800 सब मशीनगन और 2.56 लाख कारतूस खरीदने जा रही है। असलहों व कारतूसों की खरीद के लिए शासन ने 5.59 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

### नई सुरक्षा व्यवस्था का प्लैन तैयार

*नए सुरक्षा उपकरणों को खरीदने और सुरक्षा प्लान पुख्ता बनाने के साथ आधुनिक बनाया जा रहा है। जो कि 'पुलिस आधुनिकीकरण योजना' के तहत कदम उठाया जा रहा है। राम मंदिर में सुरक्षा अपग्रेड श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में प्रशासनिक पुनर्गठन के बीच हुआ है। पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने हाल ही में ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला और अयोध्या पहुंचे। जिसके बाद नई सुरक्षा व्यवस्था और प्लान तैयार किया गया है।*

नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्रों में संचालित ई-बसों में अब तक 7.18 लाख से अधिक लोगों ने की यात्रा

# योगी सरकार की ग्रीन मोबिलिटी को मिली रफ्तार नोएडा इलेक्ट्रिक100 ई-बसों का शानदार प्रदर्शन

*24 घंटे लाइव निगरानी की तैयारी, नोएडा में बनेगा तीनों प्राधिकरणों की ई-बसों के लिए कमांड सेंटर*

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ग्रीन मोबिलिटी और आधुनिक सार्वजनिक परिवहन के विजन का असर नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो के संचालन प्रतिफल (राजस्व) में लगातार दिखाई दे रहा है। सितंबर के प्रथम 13 दिनों में डिपो की 100 ई-बसों ने कुल 2.96 लाख किलोमीटर का परिचालन कर 1.99 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा प्रदान की और 61.75 लाख से अधिक का राजस्व अर्जित किया।

इस अवधि में प्रति बस प्रतिदिन परिचालन, यात्री संख्या और आय के आधार पर अगस्त की तुलना में बेहतर औसत दैनिक प्रदर्शन दर्ज किया गया। नियमित संचालन प्रारंभ होने के बाद 20 जून से 13 सितंबर 2026 तक तीनों प्राधिकरणों की ई-बसों ने कुल 15.12 लाख किलोमीटर से अधिक का परिचालन किया। इस दौरान 7.18 लाख से ज्यादा यात्रियों ने ई-बस सेवा का लाभ उठाया, जिससे कुल 2.24 करोड़ रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया गया।

**खास बातें**

- तीनों प्राधिकरणों में 2.24 करोड़ रुपए से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ, लगातार सेवाओं का हो रहा विस्तार
- जेवर एयरपोर्ट कनेक्टिविटी से ग्रीन मोबिलिटी तक, योगी सरकार के विजन को मिली जमीनी स्तर पर सफलता

### जून से सितंबर तक बढ़ता गया ई-बसों का कारोबार

नोएडा इलेक्ट्रिक बस डिपो के अधिकारियों के मुताबिक 20 से 30 जून के 11 दिनों में 100 ई-बसों ने 1.47 लाख किलोमीटर का परिचालन कर 28,053 यात्रियों को सेवा दी और 9.07 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया। जुलाई में परिचालन बढ़कर 4.79 लाख किलोमीटर, यात्री संख्या 1.50 लाख और राजस्व 47.93 लाख तक पहुंच गया। अगस्त में बसों ने 5.89 लाख किलोमीटर की दूरी तय की और 3.40 लाख यात्रियों को सेवा दी। इस महीने 1.05 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। सितंबर के प्रथम 13 दिनों में ही 2.96 लाख किलोमीटर परिचालन, 1.99 लाख यात्रियों और 61.75 लाख का राजस्व प्राप्त

### 2.24 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।

*नोएडा प्राधिकरण की 50 बसों ने सितंबर में बनाया बेहतर दैनिक प्रदर्शन नोएडा प्राधिकरण की 50 बसों ने सितंबर के प्रथम 13 दिनों में 1.50 लाख किलोमीटर का परिचालन कर 1.04 लाख से अधिक यात्रियों को सेवा दी। इस दौरान 31.45 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। प्रति बस प्रतिदिन परिचालन 231.17 किलोमीटर, यात्री संख्या 160.14 और आय 4,839.17 रुपये रही। आय प्रति किलोमीटर भी 20.93 पहुंच गई। अगस्त की तुलना में दैनिक परिचालन और यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई।*

## अलीगढ़ में नई यूनिवर्सिटी को एलओआई और छाता में इथेनॉल प्लांट को मंजूरी

**यूपी कैबिनेट: 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में छाता में इथेनॉल प्लांट, अलीगढ़ में नई यूनिवर्सिटी की स्थापना, मकान किराये पर देने-लेने की प्रक्रिया आसान करने और परिवहन विभाग से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मथुरा के छाता में करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से इथेनॉल प्लांट स्थापित किया जाएगा। प्लांट गन्ने, मक्का और धान से इथेनॉल तैयार करेगा। इसकी सालाना क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी और यह साल में करीब 11 महीने चलेगा। यह एक्सटेंशन प्लांट के तौर पर विकसित किया जाएगा।

### छाता में 200 करोड़ से बनेगा इथेनॉल प्लांट

कैबिनेट ने मथुरा के छाता में इथेनॉल प्लांट स्थापित करने को भी मंजूरी दी है। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्लांट में गन्ने के साथ मक्का और धान से इथेनॉल तैयार किया जाएगा। इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 3.96 करोड़ लीटर होगी। यह एक्सटेंशन प्लांट के रूप में विकसित किया जाएगा और साल में करीब 11 महीने संचालित होगा। प्रस्तावित परियोजना के लिए करीब 96 एकड़ जमीन उपलब्ध है। छाता राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और नोएडा एयरपोर्ट से करीब 40 मिनट की दूरी पर है। यहां गोदाम और अन्य कॉम्प्लेक्स भी विकसित किए जाएंगे।

पुलिस ने ज्वैलर्स की दुकान में हुई चोरी का किया पटाक्षेप

# 7 किलो 126 ग्राम सोना तथा 11 लाख रुपए नकद बरामद 2 महिलाओं सहित 4 गिरफ्तार

डॉ.कमलकान्त उपमन्यु ▶▶ मथुरा

एसओजी, सर्विलांस एवं जनपद पुलिस ने कोसीकलां क्षेत्र स्थित ज्वैलर्स के यहां हुई बड़ी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गोपालबाग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर 7 किलो 126 ग्राम सोना तथा 11 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस महानिदेशक एस के भगत ने बताया कि चोरी की घटना के अनावरण को तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीमों ने मंगलवार दोपहर गोपालबाग क्षेत्र से रामनगर कोसीकलां निवासी मुख्य आरोपी विष्णु उर्फ पप्पू सोनी और उसके भाई मोहन सोनी को दो महिला सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है, जिससे जनपद व आसपास के क्षेत्रों में हुई अन्य चोरी की वारदातों के भी खुलासे की संभावना जताई जा रही है। वहीं आपराधिक तत्वों में हड़कंप व्याप्त है। इस दौरान वार्ता में डीआईजी शैलेश पांडेय, एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी देहात सुरेश चंद रावत मौजूद रहे। पुलिस की इस त्वरित व प्रभावी कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। एडीजी ने घटना के खुलासे पर पुलिस टीम को एक लाख रूपये पुरस्कार घोषित किया है।

पुलिस को दी तहरीर में जुगल किशोर ज्वेलर्स स्वामी ने बताया है कि रविवार शाम को रोज की तरह वह शोरूम बंद करके गए थे। सोमवार सुबह शोरूम पहुंचे तो अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अंदर के गेट का ताला टूटा मिला। संदेह होने पर उन्होंने स्ट्रांग रूम चेक किया तो उसमें से करीब 10 किलो सोने के आभूषण कीमत करीब 13 करोड़ रुपए व 15 लाख रुपए गायब मिले। सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई।

### पुलिस ने खंगाले सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरे

एसएसपी श्लोक कुमार के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त विष्णु उर्फ पप्पू दुकान का पुराना कर्मचारी था जिसको चोरी करने के कारण कुछ समय पूर्व नौकरी से निकाल दिया गया था। इसको सब राज मालूम थे। ये ही चोरी की घटना का मुख्य सरगना रहा। ये चोरी का सामान अपने घर मोहल्ला रामनगर कोसी ले गया। वहां पर इसके भाई मोहन और मां बहन ने पूरे सामान की अलग अलग थैली बनाई। गोपाल बाग में जाकर छिपा दिया। विष्णु की शेरगढ़ रोड पर सर्राफ की दुकान है। यह सामान वहां बेचने की योजना थी। सामान बाग में इसलिए छिपा दिया कि पुलिस घर की तलाशी लेगी तो माल नहीं मिलेगा। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले।

## पेज एक का शेष

### वित्तमंत्री ओपी चौधरी ...

एक महीना क्या, हम तो एक साल तक भी इस तरह के अच्छे काम को जनता के हित में चला सकते हैं। 'सेवा मेरा योगदान' एक कार्यक्रम है, उसके माध्यम से सभी तरह के लोगों को जोड़ना है। हमारे कार्यकर्ता, पार्टी के अंदर के लोग, पार्टी के बाहर के लोग, आध्यात्मिक संगठन, शैक्षणिक संगठन, हर तरह के लोगों को जोड़ना है और 'सेवा मेरा योगदान' जैसा कार्यक्रम करना है। उसमें 25 सेवा गतिविधियां लिस्ट की गई हैं। वृक्षारोपण करने की दृष्टि से अलग-अलग प्रकार के 25 सेवा गतिविधियों को हमने सूचित किया है, एक लिस्ट बनाई है। जन्मदिन के अवसर पर उनके 25 साल पूरा करने के अवसर पर, यह सब चीजें की जा रही हैं। इसी तरह से दूसरा मैं कहना चाहूंगा कि सेवा सेतु अभियान है एक। उसमें जो हमारी सरकारें हैं, वो जाकर के कैम्प्स लगाएंगी और स्कीम्स के सैचुरेशन पर जैसे आयुष्मान भारत की योजना हो, चाहे आयुष्मान भारत की योजना हो, चाहे अह अलग-अलग जितनी भी योजनाएं हैं, उनके सैचुरेशन पर काम होगा कि उसमें सब लोग जो छूट गया हो, उसको भी शामिल किया जाए।

- आशीर्वाद का दीया और एक वडनगर से लेकर विश्वनाथ तक जो मोटरसाइकिल दौड़ने वाली है, उसके पीछे क्या दृष्टि है?
- आशीर्वाद का दीया मोदी जी के जन्मदिन को हम लोग सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं। और मोदी जी ने और इस साल विशेष रूप से और भी विशेष हो जाता है क्योंकि इस साल वो 7 अक्टूबर को अपने 25 वर्ष की यात्रा कॉन्स्टिट्यूशनल पोस्ट पर पूरा करने जा रहे हैं। इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। हम सेवा पखवाड़ा जो मनाते थे, उसकी जगह पर हम पूरे माह को सेवा के थीम में मना रहे हैं। इस 25 वर्षों की यात्रा में नरेंद्र मोदी ने करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाया है, जैसे मैं अपने छत्तीसगढ़ की ही बात करूं, मैं उस दिन सरगुजा जा रहा था, तो बिलासपुर से कटघोरा कैसे पहुंचा मुझे पता ही नहीं चला, इस तरह का नेशनल हाईवे बना, और वहां से फिर सरगुजा कैसे पहुंचा, यहां भी बहुत ही शानदार रोड बना है। तो इस तरह के कितने सारे लोगों के जीवन में उन्होंने बदलाव लाया है। 4 करोड़ लोगों को पक्का घर देने की बात हो, 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने की बात हो, गरीबों के उत्थान की बात हो... इस तरह से उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों के माध्यम से और हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में उन्होंने बदलाव लाया है। ऐसे लोगों की जो भावना होती है कि नरेंद्र मोदी के लिए एक सकारात्मक भाव होता है, तो वो लोग दिया अपने से जला रहे हैं। आपने बात कही वडनगर से काशी वाली यात्रा की, तो निश्चित रूप से नरेंद्र मोदी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है और यह कार्यकर्ताओं के द्वारा मूल रूप से डिजाइंड कार्यक्रम है। यह कार्यकर्ता लोग डिजाइन किए हैं कि भाई हम काशी से वडनगर तक की यात्रा करेंगे और वडनगर से काशी तक की यात्रा करेंगे। यह कार्यकर्ताओं का भाव है। नरेंद्र मोदी की जन्मभूमि वडनगर रही है और कर्मभूमि काशी रही है।
- इतना सब कार्यक्रम जो भी बना है, तो यह कार्यक्रम किसका है? भारतीय जनता पार्टी जो है, सेवा संकल्प अभियान के तहत मनाने जा रही है या भाजपा और एनडीए शासित जो राज्य हैं, उनके द्वारा यह आयोजन होने जा रहा है?
- देखिए, कई विषय होते हैं जो विशुद्ध राजनीतिक होते हैं। तो उस तरह के विशुद्ध राजनीतिक विषयों को ऑब्वियसली हमारे पार्टी का, हमारा जो कैडर है, हमारा कार्यकर्ता है, वो करेगा। इसमें कहीं कोई डाउट नहीं है और साथ ही साथ, किसी भी योजना को जब हम संचालित करते हैं, तो एक एंकर रोल कार्यकर्ता का होता है। बट वो साथ में सामाजिक, शैक्षणिक, आध्यात्मिक, गैर-राजनीतिक लोगों को जो मोदी जी के प्रोग्रेसिव थॉट, उनके विकसित भारत के सोच के साथ जो अलाइन करते हैं अपने आप को, उस तरह के गैर-राजनीतिक लोगों को भी जोड़ना, उस जनसमूह को और जनसामान्य को जोड़ना, समाज को जोड़ना भी उसका थीम है, और दूसरी ओर आपने जो पक्ष रखा है कि गवर्नमेंट का कार्यक्रम है या कार्यकर्ता का कार्यक्रम है, तो बहुत सारे विषय सरकारी कार्यक्रम भी हैं और नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं। इस दृष्टिकोण से हम लोगों ने डिजाइन किया है कि सरकार की ओर से भी कुछ अच्छे काम, जैसे सेवा सेतु का मैंने उल्लेख किया, सेवा सेतु के माध्यम से जाकर कैम्प लगेगा, वहां लोगों को सर्विस दी जाएगी।

### सिंध में छिपा ....

आतंकवादियों के नाम भी शामिल किए हैं। पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सशस्त्र सेनाओं ने पाकिस्तानी पंजाब के बहावलपुर प्रांत में मौजूद जैश के आतंकी ठिकाने मरकज सुभानअल्लाह को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया था। जिसे पाक सरकार और सेना ने 25 करोड़ रुपए की भारी भरकम धनराशि के साथ एक बार फिर से खड़ा कर दिया है।

### राहुल गांधी ने ...

व्यक्ति-से-व्यक्ति यानी P2P भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसी बीच मंगलवार को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने स्थिति को और स्पष्ट करते हुए घोषणा की कि 15 अक्टूबर 2026 से 2,000 से अधिक के चुनिंदा व्यक्ति-से-मर्चेंट यानी पी टू एम यूपीआई लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू होगा। 75,000 या उससे अधिक के सामान्य मर्चेंट लेन-देन में एमडीआर अधिकतम 300 प्रति लेन-देन तक सीमित रहेगा।

**सरकार ने क्यों बदला कानूनी ढांचा?:** अगस्त में संसद से पारित संशोधन विधेयक ने सरकार को यह अधिकार दिया कि वह अधिसूचना के जरिए यह तय कर सके कि किन इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यमों या किन श्रेणियों के लेन-देन पर शुल्क नहीं लगाया जाएगा। 14 सितंबर की अधिसूचना में सरकार ने 2,000 तक के यूपीआई भुगतान और रुपे डेबिट कार्ड भुगतान को शुल्क से सुरक्षित कर दिया। यही वह कानूनी बदलाव है जिसे विपक्ष "शुल्क लगाने का रास्ता खुलना" बता रहा था। अब एनसीपीयाई की घोषणा के बाद बड़े मर्चेंट लेन-देन के लिए एमडीआर की वास्तविक दर और लागू होने की तारीख भी सामने आ गई है।

**सोशल मीडिया पर क्यों मचा बवाल?:** जैसे ही 2,000 की सीमा और कानूनी बदलाव की खबर सामने आई, सोशल मीडिया पर यूपीआई के भविष्य को लेकर तीखी बहस शुरू हो गई। एक तरफ इसे भारत के सफल डिजिटल भुगतान मॉडल के लिए बड़ा बदलाव बताया गया, वहीं दूसरी तरफ सरकार और समर्थकों ने तर्क दिया कि रोजमर्रा के अधिकांश छोटे भुगतान अब भी पूरी तरह मुफ्त रहेंगे। बाजार इस पूरे बदलाव को केवल उपभोक्ता शुल्क के नजरिए से नहीं, बल्कि बैंकों, फिनटेक कंपनियों और भुगतान प्लेटफॉर्म के भविष्य के राजस्व मॉडल के रूप में भी देख रहा है।

**क्या व्यापारी शुल्क ग्राहक से वसूल सकेंगे?:** यही विवाद का सबसे अहम पहलू है। सरकार का कहना है कि एमडीआर व्यापारी पर लागू होगा, ग्राहक पर नहीं। नए ढांचे में भी शुल्क मर्चेंट से संबंधित है। नए नियमों के तहत व्यापारियों को यह शुल्क सीधे उपभोक्ता पर डालने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि राहुल गांधी और कांग्रेस की आपत्ति यह है कि किसी भी कारोबारी लागत का अप्रत्यक्ष असर वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों पर पड़ सकता है। इसलिए राजनीतिक विवाद सीधे "ग्राहक से शुल्क" और "व्यापारी की लागत" के बीच अंतर को लेकर है।

**यूपीआई का पैमाना कितना बड़ा? :** यूपीआई अब भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। 2025-26 में 24,000 करोड़ से अधिक यूपीआई लेन-देन हुए, जिनका कुल मूल्य करीब 314 लाख करोड़ था। इनमें 2,000 से अधिक वाले लेन-देन संख्या में बहुत कम लेकिन मूल्य के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### राहुल गांधी का ...

उठाया कि शुल्क ग्राहक से नहीं लिया जाएगा। राहुल ने कहा कि यदि व्यापारी को डिजिटल भुगतान स्वीकार करने की लागत उठानी पड़ेगी तो वह अंततः कीमतों में इसका बोझ डाल सकता है और इसका असर उपभोक्ता की जेब पर पड़ेगा। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिकी भुगतान कंपनियां लंबे समय से भारत की शून्य-एमडीआर व्यवस्था का विरोध करती रही हैं और सरकार का मौजूदा कदम उसी दिशा में है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमेरिकी दबाव के आगे "सरेंडर" करने का आरोप लगाया। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों में एक महत्वपूर्ण अंतर है। 2025-26 में 2,000 से अधिक के यूपीआई लेन-देन की हिस्सेदारी करीब 4 प्रतिशत रही, लेकिन इनका मूल्य लेन-देन के कुल मूल्य का लगभग दो-तिहाई था। राहुल गांधी ने इसे करीब 5 प्रतिशत और 65 प्रतिशत बताया।

### सरकार की सफाई-....

यूपीआई भुगतान पर बैंक या पेमेंट सिस्टम प्रदाता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई शुल्क नहीं लगा सकते। यही व्यवस्था रुपे डेबिट कार्ड भुगतान पर भी लागू की गई है। इसका अर्थ यह है कि सामान्य छोटे डिजिटल भुगतान जैसे किराना, सब्जी, दैनिक जरूरतों और छोटे व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 तक के भुगतान पर अतिरिक्त नहीं देने होंगे। लेकिन अब बड़े मर्चेंट भुगतान का मामला अलग है। एनपीसीआई की मंगलवार की घोषणा के बाद 2,000 से अधिक के निर्धारित लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लागू होने की स्थिति साफ हो गई है।

### सीएम अनाउंसमेंट ...

इसकी भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने जिला व सबडिविजन स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों का मूल्यांकन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का औचक निरीक्षण करें और वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री सैनी ने सभी सीएमजीजीए को प्रदेश के स्पोर्टस स्टेडियम और व्यायामशालाओं की रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

**जिला की मासिक बैठकों में हिस्सा लें**

**सीएमजीजीए:** मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जिला के विकास कार्यों को लेकर आयोजित होने वाली मासिक बैठक में सभी सीएमजीजीए हिस्सा लें और सीएम अनाउंसमेंट की वास्तविक स्थिति से अवगत करवाएं। उन्होंने ई-रजिस्ट्री पोर्टल को लेकर भी रिव्यू किया। इसमें सीएमजीजीए द्वारा बताई गई खामियों पर जल्द से जल्द विभाग की बैठक बुलाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर बताई गई खामियों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा जिन तथ्यों पर रिपोर्ट तैयार की जाती है, उन पर विशेष फोकस करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, नगर निकायों से जुड़े विषयों, एनजीओ मैपिंग, ई-आफिस, सीएफएमएस, एसीआर जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सेवाओं का रिव्यू किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के सरकारी अस्पताओं को लेकर जल्द से जल्द सभी सीएमओ की बैठक बुलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रदेश में जलभराव जैसी स्थिति से निपटने के लिए मानसून और नॉन मानसून सीजन के लिए एक एसओपी बनाने के भी निर्देश दिए।

### सेवा, सुशासन और ...

आर. अशोक, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष टी. नारायणस्वामी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा कि 2014 में भारत 'फ्रैजाइल फाइव' इकॉनमी में गिना जाता था, लेकिन आज यह टॉप फाइव में है और तीसरे स्थान के लिए अग्रसर है। 2026-27 की पहली तिमाही का ग्रोथ रेट 7.8% है। मोदी सरकार की 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' नीति के तहत जीएसटी लागू हुआ, जिसमें केवल दो स्लैब रखे गए और आम आदमी को राहत देते हुए 12 लाख रुपये तक की आय को टैक्स फ्री किया गया। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं और 80 करोड़ लोगों को गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन मिल रहा है। नेशनल हाईवे 91,000 किमी से बढ़कर 1,46,000 किमी हो गए हैं और एयरपोर्ट की संख्या 74 से बढ़कर 165 हो गई है। इससे हाईवेज, एयरवेज और रेलवेज, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। राष्ट्रीय सुरक्षा और कूटनीति के मोर्चे पर मोदी सरकार ने दुनिया को दिखाया है कि पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब कैसे दिया जाता है। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसके उदाहरण हैं कि भारत घर में घुसकर मारता है। हमारा संदेश स्पष्ट है कि हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन कोई छेड़े तो छोड़ते नहीं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाया जाना आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जिससे साबित हुआ कि भारत आत्मा और लेटर में एक है। हमारा डिफेंस प्रोडक्शन 300% बढ़कर 1,78,000 करोड़ रुपये हो गया है और डिफेंस एक्सपोर्ट में 5500% की वृद्धि हुई है।

### किशाऊ बहुउद्देश्यीय...

को उठाना होगा।

**छह राज्यों के लिए अहम परियोजना:** किशाऊ परियोजना उत्तर भारत के कई राज्यों की जल जरूरतों से जुड़ी है। समझौते में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली शामिल हैं। इन राज्यों के बीच सहमति बनने से परियोजना के निर्माण और उससे मिलने वाले जल संसाधनों के नियमन का रास्ता साफ होने की उम्मीद है। केंद्र के 90 प्रतिशत वित्तीय भार उठाने के फैसले से राज्यों पर परियोजना की लागत का दबाव भी अपेक्षाकृत कम होगा। शेष 10 प्रतिशत राशि संबंधित भागीदार राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। किशाऊ समझौते को ऐसे समय में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जब दिल्ली में यमुना की सफाई लंबे समय से राजनीतिक और प्रशासनिक बहस का प्रमुख मुद्दा रही है। नदी में प्रदूषण कम करने के साथ-साथ पर्याप्त जल प्रवाह बनाए रखना भी यमुना के पुनर्जीवन के लिए अहम चुनौती है।

**केंद्र-राज्य समन्वय पर जोर:** समझौते के दौरान केंद्र और राज्यों के बीच जल संसाधनों के बेहतर समन्वय को लेकर भी व्यापक संदेश गया। जल संसाधन से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं में कई राज्यों के हित जुड़े होने के कारण सहमति बनाना अक्सर चुनौतीपूर्ण रहा है। ऐसे में छह राज्यों का एक साथ आना परियोजना के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, केंद्रीय गृह सचिव, जल संसाधन विभाग के सचिव तथा संबंधित राज्यों के मुख्य सचिव भी मौजूद रहे। किशाऊ परियोजना पर बनी यह सहमति न केवल एक बहुउद्देश्यीय जल परियोजना को आगे बढ़ाने का प्रयास है, बल्कि यमुना बेसिन से जुड़े राज्यों के बीच जल प्रबंधन और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद इसके प्रभाव का दायरा यमुना के जल प्रवाह से लेकर विभिन्न राज्यों की दीर्घकालिक जल जरूरतों तक देखा जा सकेगा।

### यमुना के पुनर्जीवन....

है। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ और पुनर्जीवित करने के प्रयासों को नदी के जल प्रवाह और जल संसाधन प्रबंधन से जुड़ी दीर्घकालिक परियोजनाओं का भी समर्थन जरूरी है।

### मोदी सरकार के ...

लगातार किया गया है। अमित शाह के मुताबिक अगस्त 2018 में लखवार बहुउद्देश्यीय परियोजना को लेकर विवाद का समाधान हुआ था। इसी महीने शाहपुरकंडी बांध परियोजना से संबंधित विवाद भी सुलझाया गया। वर्ष 2021 में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर समझौता हुआ, जिससे जल संकट से जूझ रहे बुंदेलखंड क्षेत्र को लाभ मिलने की उम्मीद बनी। उन्होंने बताया कि जुलाई 2026 में नर्मदा परियोजना से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास से जुड़ा विवाद भी हल किया गया।

# एक हफ्ते के अंतर में रिलीज होंगी किंग और एवेंजर्स डूम्सडे

**मुंबई।** शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो इस साल के आखिरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। दरअसल, दिसंबर में ही 'एवेंजर्सः डूम्सडे' और 'ड्यून 3' जैसी बड़ी हॉलीवुड फिल्में रिलीज हो रही हैं। ऐसे में ऐसी अफवाहें तेज हो चलीं कि इन बड़ी फिल्मों से टकराव रोकने के लिए 'किंग' को पोस्टपोन किया जा सकता है। लेकिन, अब शाहरुख खान ने कन्फर्म कर दिया है कि 'किंग' तय डेट पर ही रिलीज होगी। सुपरस्टार ने कन्फर्म किया कि 'किंग' को पोस्टपोन नहीं किया जाएगा, भले ही दिसंबर 2026 में कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। फिल्म आने में अभी 100 दिन बाकी हैं ना... 24 दिसंबर, ब्रो।'

## लाइफ Style

# आंचल

## 14 साल से इंडस्ट्री में, फिर भी अपना घर नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई को सपनों का शहर कहा जाता है। खासकर फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए यह शहर सफलता और चमक-दमक का प्रतीक माना जाता है। सोशल मीडिया पर भी अक्सर कलाकार अपने खूबसूरत घरों, आलीशान इंटीरियर और लग्जरी लाइफस्टाइल की तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

टीवी अभिनेत्री आंचल खुराना ने हाल ही में अपने घर का जो वीडियो दिखाया, वह इस चमकती तस्वीर से बिल्कुल अलग है। 'एमटीवी रोडीज 8' की विजेता रह चुकीं आंचल ने अपने मुंबई वाले 1 बीएचके किराए के फ्लैट का ऐसा टूर कराया, जिसमें उन्होंने बिना किसी बनावट के अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक दिखाई। आंचल ने अपने व्लॉग में बताया कि मुंबई में जिस 1 बीएचके फ्लैट में वह रहती हैं, उसका मासिक किराया करीब 70 हजार रुपए है। खास बात यह है कि इतने किराए के बावजूद घर के आसपास कोई शानदार गार्डन, स्विमिंग पूल या समुद्र का खूबसूरत नजारा नहीं है। उनके फ्लैट की खिड़कियों से दूर तक फैली चॉल और झुग्गी बस्ती दिखाई देती है। आंचल ने इस स्थिति को लेकर कोई शिकायत करने के बजाय इसे मजाकिया अंदाज में पेश किया। उन्होंने कहा कि मुंबई में घर खरीदना उनके लिए अभी भी बहुत दूर की बात है। अभिनेत्री ने यहां तक मजाक किया कि जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है और इंडस्ट्री की स्थिति है, उन्हें अपना घर खरीदने में 400-500 साल लग सकते हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह कोई लग्जरी या बेहद खूबसूरत घर नहीं है, बल्कि किराए का एक साधारण फ्लैट है, जिसके लिए उन्हें हर महीने 70 हजार रुपये चुकाने पड़ते हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# टॉम-जेंडाया ने अभी नहीं की है शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के चर्चित कपल टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी को लेकर उनके स्टाइलिस्ट ने नया खुलासा किया है। दावा किया है कि दोनों ने अभी आधिकारिक तौर पर शादी नहीं की है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया की शादी की मिस्ट्री में एक नया ट्विस्ट आया है। महीनों से यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि स्पाइडर-मैन स्टार्स ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली है। मगर, जेंडाया के स्टाइलिस्ट और करीबी दोस्त लॉ रोच का कहना है कि कपल अभी आधिकारिक रूप से शादीशुदा नहीं है।

# छह साल बाद किया परफॉर्म मंच पर हुईं भावुक

**पेरिस।** सिंगर सेलीन डायोन ने संगीत के मंच पर भावुक वापसी कर ली है। हाल ही में पेरिस में आयोजित शो में उन्होंने फैंस को शुक्रिया कहा। इसके साथ ही सेलीन शो के दौरान काफी खुश नजर आईं।सिंगर सेलीन डायोन ने गंभीर बीमारी से लड़ने के बाद स्टेज पर वापसी कर ली है। वह कई साल बाद पेरिस में शो के दौरान फैंस के लिए भावुक बाते कीं। सिंगर सेलीन डायोन ने हाल ही में पैरिस में कई साल बाद अपना शो किया। इस दौरान वह काफी भावुक दिखाई दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक वादा किया था। मंच पर वापस आने काऔर मैं यहां हूं। मैं आप सबको देखकर काफी खुश हूं। मैंने आप सभी को बहुत याद किया। मैं जो भी हूं आप सबके प्यार की वजह से हूं।'इस दौरान सिंगर के चेहरे पर खुशी के आंसू देखने मिले। 58 वर्षीय डायोन ने पेरिस के ला डिफेंस एरिना में अपनी आवाज का जादू बिखेरा।

# बेबी शावर सेरेमनी में निभाईं रस्में

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। इस बीच पहली बार मां बनने जा रही एक्ट्रेस का बेबी शावर हुआ है। सामंथा ने परंपरिक 'सीमंतम' सेरेमनी के फोटोज-वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिसमें पारंपरिक अंदाज, रस्म और मंत्रों की गूंज ने फैंस का दिल जीत लिया है। इसमें पति राज भी सामंथा पर प्यार लुटाते हुए दिख रहे हैं। सामंथा ने बताया है कि बेबी शावर सेरेमनी के दौरान निभाई गई श्रीविद्या परंपरा के खास रस्म ने उन्हें भावुक कर दिया। तस्वीरों और वीडियो में एक्ट्रेस फूलों से सजी, एक खुली जगह पर बैठी नजर आईं। पुजारियों की मौजूदगी में श्रीविद्या परंपरा की रस्म अदायगी हुई। यह रस्म तमिल और तेलुगू परंपराओं का हिस्सा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को आशीर्वाद दिया जाता है।

# नए लुक में गणेश चतुर्थी पूजा में पहुंचे...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सलमान खान नीता अंबानी और मुकेश अंबानी की गणेश चतुर्थी पूजा में नए लुक में शामिल होकर हर किसी का ध्यान खींच लिया। 14 सितंबर को मुकेश अंबानी के घर पर गणेश चतुर्थी पूजा का आयोजन किया गया था, जहां कटरीना कैफ, विक्की कौशल, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान और कृति सेनन समेत बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचे थे। इस गणेश पूजा में सलमान खान ने भी शिरकत की। उन्होंने स्वैग मारते हुए सिंपल लुक में एंट्री की और देखते ही देखते उनका लुक छा गया। उन्होंने वॉन्टेड लुक में एंट्री मारी। उन्होंने अपने बालों को स्कार्फ से कवर किया। लाइट ब्लू स्ट्रिप शर्ट और डेनिम जींस में एक्टर हैंडसम लग रहे हैं। सलमान खान का नया लुक देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं।

## टीवी मसाला

# आसिफ और यंग समेत चार घर वालों पर साजिश के आरोप

**नई दिल्ली।** चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' की बात हो और इसमें विवाद न हो, ऐसा नहीं हो सकता। शो के हालिया एपिसोड में 'बिग बॉस' ने यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर साथी कंटेस्टेंट्स को शो से बाहर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके चलते उन्हें सीधे नॉमिनेट कर दिया गया है। 'बिग बॉस 20' में एक नया ट्विस्ट देखा गया। बिग बॉस ने घर के अंदर यंग डीएसए, रोहेद खान, आसिफ खान और स्काउट पर घर के दूसरे सदस्यों को बाहर निकालने की योजना बनाने का आरोप लगाया। कप्तान होने के कारण यंग तो सजा से बच गए, लेकिन नियमों के कथित उल्लंघन के कारण रोहेद, आसिफ और स्काउट को सीधे एलिमिनेशन के लिए नॉमिनेट कर दिया गया। बता दें कि एपिसोड की शुरुआत नॉमिनेशन प्रक्रिया से हुई, जिससे घर के अंदर कई समीकरण सामने आए। प्रतिभागियों से उन साथी सदस्यों के नाम बताने को कहा गया, जिन्हें वे घर से बाहर होते देखना चाहते थे। इसके चलते तीखी बहस हुई और कई नाम सामने आए। आम्रपाली, अरिशफा, माही, आसिफ, अमन, उदिति, गुल्लू और स्काउट जैसे कई सदस्य नॉमिनेशन से जुड़ी चर्चाओं के केंद्र में रहे। एलिमिनेशन नॉमिनेशन में आम्रपाली, ईशा, आसिफ और लव जैसे नामों का भी जिक्र किया गया। मगर, एपिसोड खत्म होते-होते एक नया ट्विस्ट आया, जिसने सभी को चौंका दिया। बिग बॉस ने यंग, रोहेद, आसिफ और स्काउट पर अन्य घरवालों को घर से बाहर भेजने की कथित साजिश रचने का आरोप लगाया।

## मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं : बिग बी

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 उम्र के हैं, लेकिन इस उम्र में भी वह काम को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। वह लंबे घंटे तक काम करते हैं और सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहते हैं और अपनी लाइफ और काम को लेकर एक्स और ब्लॉग के जरिए फैंस को अपडेट देते रहते हैं। अब हाल ही में बिग बी ने एक पोस्ट किया जिसके बाद ये अफवाह आने लगी कि बिग बी रिटायरमेंट ले सकते हैं। अब बिग बी का इस पर रिएक्शन आया है। बिग बी ने अपने ब्लॉग में क्लीयर किया कि वह रिटायरमेंट नहीं ले रहे हैं और उनके रिटायर फॉर द डे का मतलब ये नहीं था कि वह रिटायर ले रहे हैं बल्कि उनका मतलब है कि वह दिन के काम से रिटायर होकर सो रहे हैं। इसके अलावा बिग बी ने उन कुछ मीडिया वेबसाइट और सोशल मीडिया पेज की आलोचना की जिन्होंने उनके रिटायरमेंट की खबर लिखी। बिग बी ने आगे लिखा, 'जी नहीं हुजूर, मैं काम से रिटायर नहीं हो रहा हूं। अंग्रेजी में इसका मतलब होता है मैं अब सोने जा रहा हूं और वहां मान्यवर आपको आने का निमंत्रण नहीं है।'

# राधिका का अनोखा गणपति लुक भरतनाट्यम से जमाया रंग

*मुंबई। मुंबई में अंबानी परिवार का गणपति उत्सव हर साल अपनी भव्यता के लिए चर्चा में रहता है। इस बार भी अंटीलिया में गणपति बप्पा के स्वागत के लिए खास आयोजन किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हुईं। हालांकि, इस पूरे समारोह में राधिका मर्चेंट का अंदाज कुछ अलग रहा। उन्होंने सिर्फ अपने आउटफिट से ही ध्यान नहीं खींचा, बल्कि भरतनाट्यम प्रस्तुति के जरिए भारतीय संस्कृति और फैशन के खूबसूरत मेल को भी सामने रखा। राधिका मर्चेंट प्रशिक्षित भरतनाट्यम डांसर हैं और गणेश चतुर्थी के इस शुभ अवसर पर उन्होंने अंटीलिया में खास प्रस्तुति दी। इस परफॉर्मेंस के लिए उनका पहनावा भी साधारण नहीं था। उनके लिए खास तौर पर तैयार किया गया आउटफिट भारतीय पारंपरिक टेक्सटाइल की खूबसूरती और क्लासिकल डांस की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया था। यही वजह रही कि उनका लुक सिर्फ देखने में खूबसूरत नहीं लगा, बल्कि उनकी डांस परफॉर्मेंस के साथ भी पूरी तरह जुड़ा हुआ नजर आया।*



# एमी अवॉर्ड्सः मैथ्यू बने बेस्ट लीड एक्टर, जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास

**लॉस एंजिल्स।** 78वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2026 के मुख्य विजेताओं का ऐलान हो चुका है। बता दें कि इससे एक सप्ताह पहले तकनीकी और सहायक श्रेणियों के लिए क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवॉर्ड्स प्रदान किए गए थे। अब मुख्य विनर्स की लिस्ट भी सामने आ चुकी है। हॉरर-कॉमेडी विडोज बे, हैक्स और द पिट के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला है।

***मैथ्यू राइस ने झटके दो अवॉर्ड, बनाया रिकॉर्ड :*** अवॉर्ड सेरेमनी में मैथ्यू ने एक रिकॉर्ड कायम किया है। मैथ्यू ने एक नहीं, बल्कि दो अवॉर्ड जीते। इसी के साथ मैथ्यू राइस ने एक ही रात में दो 'लीड एक्टर' अवॉर्ड जीतकर एमी अवॉर्ड्स के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। वे इस सेरेमनी के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले एक्टर बन गए हैं। सोमवार को हुई सेरेमनी में मैथ्यू ने पहले नेटफ्लिक्स की 'द बीस्ट इन मी' में अपने काम के लिए 'लीड एक्टर (लिमिटेड)' का अवॉर्ड जीता। इसके बाद उन्होंने 'विडोज बे' के लिए 'लीड कॉमेडी एक्टर' का अवॉर्ड अपने नाम किया।

***जीन स्मार्ट ने रचा इतिहास :*** अभिनेत्री जीन स्मार्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का एमी पुरस्कार मिला है। उन्हें 'हैक्स' के लिए यह प्रदान किया गया है। यह उनका लगातार पांचवी बार 'लीड एक्ट्रेस' का अवॉर्ड है। वह ऐसी पहली कलाकार हैं, जिन्होंने किसी सीरीज के पूरे रन के हर सीजन के लिए एक्टिंग एमी जीता हो। इसी के साथ जीन ने इतिहास रच दिया है। यह उनके करियर का आठवां एमी पुरस्कार है।

***नोह वाइल, रिया सीहोर्न ने भी झटकी ट्रॉफी :*** एमी पुरस्कार पर नोह वाइल का भी कब्जा रहा। नोह ने 'द पिट' के लिए ड्रामा सीरीज में लीड एक्टर का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा रिया सीहोर्न ने प्लूरिबस के लिए ड्रामा सीरीज में मुख्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। वहीं, लिंडा कार्डेलिनी और डेविड हार्बर ने डीटीएफ सेंट लुइस के लिए सपोर्टिंग एक्टिंग अवॉर्ड जीते हैं।

## मुख्य अवॉर्ड सेरेमनी के विजेताओं की लिस्ट कुछ इस तरह है

***ड्रामा श्रेणी के विजेता :*** लीड एक्टर के तौर पर नोह वाइल ने 'द पिट' के लिए पुरस्कार जीता

मुख्य अभिनेत्री के लिए रिया सीहोर्न ने 'प्लूरिबस' के लिए अवॉर्ड

सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड एलिसन जैनी ने 'द डिप्लोमैट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड अर्नेस्ट हार्डन जूनियर ने 'द पिट' के लिए जीता

गेस्ट एक्ट्रेस शैलीन वुडली को 'पैराडाइज' के लिए पुरस्कार मिला

***कॉमेडी सीरीज श्रेणी के विजेता :*** 'हैक्स' के लिए लीड एक्ट्रेस के तौर पर जीन स्मार्ट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग अभिनेता स्टीफन रूट

'विडोज बे' के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस बनीं केट ओ'फ्लिन

गेस्ट एक्टर का अवॉर्ड रॉब रेनर को 'द बेयर' के लिए मिला।

गेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड बेट्टी गिलपिन को 'विडोज बे' के लिए मिला

## इस सप्ताह लगेगा क्राइम-सस्पेंस और रोमांस का तड़का

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। मनोरंजन के शौकीनों को नई फिल्मों और सीरीज का इंतजार होगा। सिनेमाघरों में छह हफ्ते बाद भी हनुमान अंश छाई हुई है। मिर्जापुर' भी बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर काबिज है। दायरा और वाइब जैसी फिल्में इस नए वीक में दस्तक देंगी। इस बीच ओटीटी पर भी माहौल जबर्दस्त रहने वाला है। क्राइम, सस्पेंस थ्रिलर से लेकर रोमांटिक सीरीज और फिल्में इस वीक में रिलीज होंगी।*

### लस्ट स्टोरीज सीजन 3

इस सप्ताह सबसे ज्यादा चर्चा इसी सीरीज को लेकर हो रही है। चर्चित सीरीज 'लस्ट स्टोरीज' का तीसरा सीजन आएगा। इस बार आधुनिक रिश्तों, ख्वाहिशों और इमोशंस की थीम पर बनी ये सीरीज दर्शकों का कितना ध्यान आकर्षित करती है, देखना दिलचस्प होगा। राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, अदिति राव हैदरी, विजय वर्मा, राधिका मदान, अली फजल और सिद्धार्थ अभिनीत यह सीरीज 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसे विक्रमादित्य मोटवाने, किरण राव, शकुन बत्रा और विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया है।

### थुडक्कम

मलयालम एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थुडक्कम' भी इस सप्ताह दस्तक देगी। बता दें कि जूड एंथनी जोसेफ निर्देशित यह फिल्म 07 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। इसे काफी पसंद किया गया। अब यह फिल्म 18 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आशीष जो एंटनी और मोहनलाल अभिनीत फिल्म ने सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म किया था। आशीष इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।

### द स्कैंडल

साउथ कोरियन पीरियड रोमांस ड्रामा सीरीज 'द स्कैंडल' भी इस बार की लिस्ट में शामिल है। इसे ली सेउंग-यंग और आन हे-सोंग ने लिखा है। जंग जी-वू ने डायरेक्ट किया है। इसकी कहानी कोरिया के जोसोन राजवंश के समय पर आधारित है और यह उन लोगों की कहानी है जो समाज के सख्त नियमों को तोड़कर प्यार और आकर्षण के एक खतरनाक खेल में शामिल हो जाते हैं। दर्शक इसे 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसमें सोन ये-जिन और जी चांग-वूक अहम भूमिकाओं में हैं।

### मोबलैंड सीजन 2



ब्रिटिश क्राइम ड्रामा सीरीज का दूसरा सीजन इस वीक रिलीज होगा। 10 एपिसोड वाली मोबलैंड सीजन 2 सीरीज 18 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। यह एक बड़े माफिया परिवार और उनके बीच सत्ता के संघर्ष की कहानी पर आधारित है।

### इरुमुडी

रवि तेजा की यह फिल्म भी इस सप्ताह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। यह एक्शन-ड्रामा फिल्म 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 18 सितंबर से यह नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### मैंगो पच्चा

अगर क्राइम ड्रामा फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीक 'मैंगो पच्चा' आप देख सकते हैं। यह फिल्म इस साल जून में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 14 सितंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है। यह कन्नड़ क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसके जरिए संचित संजीव ने डेब्यू किया है, जो कि किच्चा सुदीप के भतीजे हैं।

### कट्टलन

यह मलयालम भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो इस साल मई में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस वीक यह हिंदी भाषा में ओटीटी पर रिलीज हो रही है। रोमांच से भरपूर यह एक्शन ड्रामा फिल्म सोनी लिव पर 18 सितंबर से स्ट्रीम होगी। फिल्म में एंटनी वर्गीस, सुनील, और कबीर दूहन सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## 1800 मीटर रनवे से होगी शुरुआत, 2700 मीटर तक होगा विस्तार

# सिंहस्थ के पूर्व उज्जैन एयरपोर्ट पर विकसित की जाएगी दताना-मताना स्थित हवाई पट्टी

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत उज्जैन में अधोसंरचना विकास के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और अन्य यात्रियों के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए दताना-मताना स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है। यह प्रदेश का 10वां एयरपोर्ट होगा। सिंहस्थ से पूर्व इसके निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दताना-मताना हवाई पट्टी का विकास केंद्र सरकार की

आरसीएस-उड़ान 5.2 योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। परियोजना के लिए लगभग 120 एकड़ शासकीय भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को हस्तांतरित की जा चुकी है। दताना-मताना में वर्तमान हवाई पट्टी को 1800 मीटर रनवे के लिए विकसित किया जा रहा है। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रनवे की लंबाई 2700 मीटर तक बढ़ाये जाने की योजना है।

### सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में महत्वपूर्ण कड़ी

सिंहस्थ-2028 उज्जैन के लिए देश और दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक होगा। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में दताना-मताना एयरपोर्ट का विकास सिंहस्थ की तैयारियों की महत्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक कड़ी है। एयरपोर्ट के माध्यम से उज्जैन तक हवाई मार्ग से पहुंचना अधिक सुगम होगा, जिससे बड़े आयोजन के दौरान यात्रियों को आवागमन का एक अतिरिक्त और सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होगा। एयरपोर्ट के विकास से वर्षभर देश के विभिन्न हिस्सों से उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुविधा मिलेगी। इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ व्यापार, स्थानीय परिवहन, होटल, खान-पान और अन्य सेवा क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

### महत्वपूर्ण मुलाकात...



गणेशोत्सव के प्रथम दिन नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणपति के दर्शन किए। वहीं पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी से उनकी भेंट हुई। सोनी भी गोयल के आवास पर गणपति पूजा में शामिल होने के लिए आए हुए थे।

## प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होगा संचालित

# पीएम के जन्मदिन पर दीप प्रज्ज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम करने का प्रयास हो: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*सीएम बोले-बेहतर समन्वय और अधिक से अधिक जनसहभागिता की जाए सुनिश्चित*

*मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा*

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रज्ज्वलित विकास के दीपक का प्रकाश देश भर में फैल रहा है। यह मोदी के सेवा और जिम्मेदारी के 25 वर्षों के उजास का प्रतीक है। प्रदेश में सेवा-संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित होगा।

प्रदेशवासी प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर बड़ी संख्या में दीप प्रज्जवलित कर उनके प्रति आभार प्रदर्शित करेंगे, हमारा प्रयास हो कि इस अवसर पर दीप प्रज्ज्वलन का विश्व रिकॉर्ड कायम हो। डॉ यादव ने सेवा संकल्प अभियान की प्रदेश में जारी तैयारियों की समत्व भवन में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का आयोजन ग्राम और नगर स्तर पर अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए उत्साह पूर्वक किया जाए। सभी कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी मॉनीटरिंग हो। विभिन्न कार्यक्रमों की व्यवस्था के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी बेहतर समन्वय और सभी संबंधितों की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सेवा-संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

### सेवा संकल्प अभियान के तहत होंगे ये कार्यक्रम

सेवा संकल्प अभियान के तहत पूरे माह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत नमो सेवा-अनकही कहानियां गतिविधि 19 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होंगी। आंगन मिलन सेवा का आयोजन 26 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक सभी आंगनवाड़ियों में होगा। सेवा ज्योति कलश यात्रा 7 अक्टूबर को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में निकाली जाएगी।

### आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से अभियान की शुरुआत

सेवा-संकल्प अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम अंतर्गत प्रदेश में दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगी। उज्जैन के महाकाल महालोक सहित प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में शाम 7 बजे एकसाथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव, उज्जैन से कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के सभी लाभार्थी परिवारों और संस्थाओं को दीप प्रज्जवलन में शामिल किया जाए। इसी दिन सभी स्वास्थ्य केंद्रों और मेडिकल कॉलेजों में रक्तदान शिविर आयोजित होंगे। बैठक में रक्त संग्रह, परिवहन और संग्रहण के लिए आवश्यक व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम के राज्य प्रभारी, नगरीय विकास एवं आवास कैलाश विजयवर्गीय होंगे। सेवा-संकल्प अभियान अंतर्गत मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम में 19 से 26 सितम्बर तक जिलास्तर पर और 4 व 5 अक्टूबर को राज्यस्तर पर चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें सभी शासकीय और निजी स्कूल, कॉलेज भागीदारी करेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के राज्य प्रभारी, स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह होंगे।

## सरगुजा के अम्बिकापुर अंतर्गत आने वाले सीतापुर थाना क्षेत्र का मामला

# गो-हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, चार किग्रा गोमांस और दो टांगी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के अम्बिकापुर अंतर्गत आने वाले सीतापुर थाना क्षेत्र में गौ हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह पूरा मामला ग्राम रजौटी के सान्याघुटरी जंगल का है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से लगभग चार किलोग्राम गौमांस और दो टांगी बरामद की हैं। वहीं, इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम रजौटी के सान्याघुटरी जंगल में कुछ लोग गाय काट रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अजय कुमार कुजूर और रंजीत कुजूर को मौके से ही पकड़ लिया। वहीं, इस आपराधिक कृत्य में शामिल तीन अन्य आरोपी पुलिस टीम को देखकर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस अब फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### दोनों आरोपियों को भेजा जेल

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से दो टांगी और करीब चार किलोग्राम गौमांस बरामद किया। इसके अलावा पुलिस टीम ने घटनास्थल से कटे हुए गाय के अवशेष भी जब्त किए हैं। अन्य सभी साक्ष्यों को भी पुलिस ने अपनी कार्रवाई में शामिल किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों से कथित तौर पर पता चला कि गौमांस को आपस में बांटने की योजना थी। इसके अलावा बचा हुआ मांस बेचने की बात भी सामने आई है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के बाद दोनों गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है।

## सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला आरोपी गिरफ्तार

# प्रेमी ने अवयस्क प्रेमिका के नाबालिग प्रेमी पर कैंची से किया प्राणघातक हमला, चेहरे पर आईं गंभीर चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पथरीपारा में प्रेम-प्रसंग को लेकर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। एक सिरफिरे आशिक ने अपने नाबालिग प्रतिद्वंदी पर कैंची से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में किशोर के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी सागर यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी सागर यादव उम्र 18 साल 03 माह निवासी पथरीपारा का एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। कुछ समय बाद लड़की ने आरोपी से दूरी बना ली और उसी मोहल्ले के दूसरे नाबालिग किशोर के साथ नजदीकियां बढ़ा लीं। इसी बात को लेकर सागर यादव अंदर ही अंदर रंजिश पाले हुए था और बदला लेने की फिराक में था। बताया जा रहा है कि बीती रात इसी पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि सागर यादव ने आवेश में आकर अपने पास रखी कैंची से नाबालिग किशोर के चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में किशोर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

### आरोपी पर पहले भी दर्ज हो चुके हैं कई

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल किशोर का बयान दर्ज कर आरोपी सागर यादव को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 हत्या के प्रयास के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी सागर यादव आदतन अपराधी है। इसके पहले भी उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हो चुका है।

### नाबालिग रहते बाल सुधार गृह में रह चुका निरुद्ध

नाबालिग रहने के दौरान एक अन्य मामले में उसे बाल सुधार गृह में निरुद्ध किया गया था। बालिग होते ही उसने फिर से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और घायल किशोर का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रेम-प्रसंग के इस खूनी खेल ने एक बार फिर नाबालिगों के बीच बढ़ते अपराध पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सीएम साय ने दिया अद्भुत संदेश, मौके पर बना उत्सुकता का माहौल

# सड़क पर रुका सीएम साय का काफिला, खरीदे दीये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सड़क किनारे मिट्टी के दीये बेच रही मीरा उस वक्त हैरान रह गई, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का काफिला अचानक उसके छोटे से पसरे के पास रुक गया। मुख्यमंत्री ने बिना किसी औपचारिकता के मीरा से बातचीत की और उसके बनाए मिट्टी के दीये देखे। इसके बाद उन्होंने 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के लिए मीरा से एक दीया खरीदा और उसे 1000 रुपए दिए। मुख्यमंत्री की इस सहज पहल ने सड़क किनारे छोटे कारोबार के जरिए आजीविका चलाने वाली मीरा के श्रम और स्वावलंबन को सम्मान देने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री के अचानक वहां पहुंचने से आसपास मौजूद लोगों में भी उत्सुकता का माहौल बन गया।बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने मीरा से उसके कामकाज और परिवार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उसे मिल रहा है या नहीं। मीरा ने बताया कि उसका प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत बैंक खाता खुला हुआ है। इसके साथ ही उसे महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रुपए की राशि भी मिल रही है। योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की सार्थकता तभी है, जब उनका लाभ पात्र और जरूरतमंद लोगों तक सीधे पहुंचे और उनके जीवन को बेहतर बनाने में मदद करे।

*पीएम जनधन योजना के तहत खुला बैंक खाता*

*आम जनता तक पहुंचाना है योजना का*

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों-2026 में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**04072/04071 नई दिल्ली – सुपौल – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 118 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04072 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04072 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04071 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04071 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:35 | नई दिल्ली | 15:00 | --- |
| 06:35 | --- | सुपौल | --- | 07:45 |

**चलने के दिन: 04072 नई दिल्ली** से प्रतिदिन दिनांक 01.10.2026 से 28.11.2026 तक और **04071 सुपौल** से प्रतिदिन दिनांक 03.10.2026 से 30.11.2026 तक।
**स्थान** : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी जं., प्रयागराज जं., ज्ञानपुर रोड., वाराणसी जं., औंरिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., सिमरी बख्तियारपुर एवं सहरसा जं. स्टेशन।

**04212/04211 सुल्तानपुर – लोकमान्य तिलक (ट.) – सुल्तानपुर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04212 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04212 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04211 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04211 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 04:00 | सुल्तानपुर | 23:00 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 14:00 | --- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | --- | 15:00 |

**चलने के दिन: 04212 सुल्तानपुर** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 21.10.2026 से 11.11.2026 तक और **04211 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 22.10.2026 से 12.11.2026 तक।
**स्थान** : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य।
**ठहराव** : कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।

**04226/04225 वाराणसी – लोकमान्य तिलक (ट.) – वाराणसी आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04226 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04226 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04225 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04225 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 01:35 | वाराणसी जं. | 02:05 | --- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 14:00 | --- | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | --- | 15:00 |

**चलने के दिन: 04226 वाराणसी जं.** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 22.10.2026 से 12.11.2026 तक और **04225 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 23.10.2026 से 13.11.2026 तक।
**स्थान** : 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सानान्य।
**ठहराव** : जौनपुर सिटी, सुल्तानपुर, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।

**04314/04313 योग नगरी ऋषिकेश-मुजफ्फरपुर – योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 36 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04314 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04314 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04313 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04313 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | --- |
| 11:45 | --- | मुजफ्फरपुर | --- | 13:15 |

**चलने के दिन: 04314 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक रविवार व गुरूवार को दिनांक 01.10.2026 से 29.11.2026 तक और **04313 मुजफ्फरपुर** से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 02.10.2026 से 30.11.2026 तक।
**स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, सीवान, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर स्टेशन।

**04052/04051 नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04052 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04052 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04051 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04051 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:40 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:40 |

**चलने के दिन: 04052 नई दिल्ली** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 02.10.2026 से 27.11.2026 तक और **04051 हावड़ा जं.** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 04.10.2026 से 29.11.2026 तक।
**स्थान**: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : गाजियाबाद, अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., बख्तियारपुर जं., किऊल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं. , दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल स्टेशन।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

**04062/04061 आनन्द विहार (ट.)– भागलपुर – आनन्द विहार (ट.)आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 94 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04062 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04062 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04061 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04061 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 20:00 | --- |
| 13:30 | --- | भागलपुर | --- | 16:30 |

**चलने के दिन: 04062 आनन्द विहार टर्मिनल** से प्रतिदिन दिनांक 10.10.2026 से 25.11.2026 तक और **04061 भागलपुर** से प्रतिदिन दिनांक 11.10.2026 से 26.11.2026 तक।
**स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : अलीगढ जं., टूंडला जं., गोविंदपुरी., सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., तिलैया, नवादा, वारिसलीगंज, शेखपुरा, किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं. एवं सुल्तानगंज स्टेशन।

**04312/04311 योग नगरी ऋषिकेश – कोलकाता योग नगरी ऋषिकेश आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04312 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04312 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04311 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04311 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:20 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | --- |
| 08:00 | --- | कोलकाता | --- | 13:55 |

**चलने के दिन: 04312 योग नगरी ऋषिकेश** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 16.10.2026 से 20.11.2026 तक और **04311 कोलकाता** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 18.10.2026 से 22.11.2026 तक।
**स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : हरिद्वार जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, आलम नगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमोह, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान, बैण्डेल जं. एवं नैहाटी जं. स्टेशन।

**04624/04623 अमृतसर – कोलकाता – अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 16 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04624 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04624 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04623 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04623 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:10 | अमृतसर | 21:05 | --- |
| 15:00 | --- | कोलकाता | --- | 04:45 |

**चलने के दिन: 04624 अमृतसर** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 07.10.2026 से 25.11.2026 तक और **04623 कोलकाता** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 10.10.2026 से 28.11.2026 तक।
**स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : ब्यास, जलंधर सिटी, फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., किउल जं., झाझा, जसीडीह जं., मधुपुर जं., चित्तरंजन, आसनसोल जं., दुर्गापुर एवं बर्द्धमान स्टेशन।

**04668/04667 अमृतसर – बरौनी – अमृतसर आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04668 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04668 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04667 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04667 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 20:10 | अमृतसर | 13:50 | --- |
| 02:10 | --- | बरौनी जं. | --- | 05:05 |

**चलने के दिन: 04668 अमृतसर** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 04.10.2026 से 29.11.2026 तक और **04667 बरौनी** से प्रत्येक गुरूवार को दिनांक 06.10.2026 से 01.12.2026 तक।
**स्थान**: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव** : ब्यास जं., जलंधर सिटी जं., फगवाड़ा जं., ढंडारी कलां, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर जं., हरदोई, आलम नगर, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी, औंरिहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर जं. एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन।

**स्पेशल ट्रेन की सेवा अवधि का विस्तार**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | पूर्व घोषित तिथि | विस्तारित तिथि | फेरे |
|---|---|---|---|
| 04090 नई दिल्ली – दानापुर एक्सप्रेस | 25.09.26 | 20.11.26 | 08 |
| 04089 दानापुर – नई दिल्ली एक्सप्रेस | 26.09.26 | 21.11.26 | 08 |
| 02877 राँची – आनन्द विहार ट. एक्सप्रेस | 26.09.26 | 28.11.26 | 09 |
| 02878 आनन्द विहार ट. – राँची एक्सप्रेस | 27.09.26 | 29.11.26 | 09 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# धरती के लिए खतरा बढ़ा रही अंतरिक्ष में हथियारों की आहट

अमेरिका ने पहली बार सार्वजनिक रूप से यह स्वीकार किया है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में रणनीतिक बढ़त हासिल करने की होड़ लगातार तेज हो रही है। सवाल इसलिए केवल यह नहीं है कि अमेरिका ने अंतरिक्ष में कौन से हथियार तैनात किए हैं, बल्कि यह भी है कि इस खुलासे का समय क्या संकेत देता है? क्या यह ईरान और पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रम से दुनिया का ध्यान हटाने की कोशिश है या फिर अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ के एक नए दौर का सार्वजनिक ऐलान? अमेरिकी अधिकारी ने यह तो कहा कि ऑर्बिट में मौजूद हथियार जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों और अंतरिक्ष प्रणालियों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं, लेकिन यह नहीं बताया कि ये हथियार किस प्रकार के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया। यही गोपनीयता इस पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बनाती है। आज के युद्ध में सैटेलाइट किसी देश की आंख, कान और संचार व्यवस्था की रीढ़ बन चुके हैं। सेना इनके जरिए संपर्क बनाए रखती है, दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखती है, मिसाइलों की चेतावनी हासिल करती है और अपने सैनिकों तथा हथियारों की स्थिति का पता लगाती है। इसलिए अंतरिक्ष पर नियंत्रण का अर्थ धीरे-धीरे युद्ध के मैदान पर बढ़त हासिल करने से जुड़ता जा रहा है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की अंतरिक्ष सैन्य क्षमताओं को लेकर चिंता जताता रहा है। रूस के अंतरिक्ष में परमाणु क्षमता विकसित करने की आशंकाओं को लेकर भी अमेरिका चिंता जाहिर करता रहा है, हालांकि मॉस्को इन आरोपों से इनकार करता है। दूसरी ओर, चीन भी अपनी सैन्य आधुनिकीकरण नीति के तहत अंतरिक्ष और एंटी-सैटेलाइट तकनीक में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अमेरिका का यह कहना कि उसके पास भी ऑर्बिट में हथियार मौजूद हैं, सुरक्षा की मजबूरी के रूप में पेश किया जा सकता है। समस्या यह है कि एक देश की सुरक्षा दूसरे देश के लिए खतरा बन सकती है। परिणाम वही होगा जो दुनिया ने परमाणु हथियारों की होड़ में देखा। सुरक्षा के नाम पर शुरू हुई प्रतिस्पर्धा धीरे-धीरे असुरक्षा को बढ़ाती चली गई। इस घटनाक्रम का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि अंतरिक्ष अब केवल वैज्ञानिक अनुसंधान, संचार और मानव प्रगति का क्षेत्र नहीं रह गया है। वह तेजी से सैन्य रणनीति का नया मोर्चा बन रहा है। यदि किसी बड़े संघर्ष में सैटेलाइटों को निशाना बनाया गया तो उसका असर केवल सैनिक अभियानों तक सीमित नहीं रहेगा। नेविगेशन, विमानन, समुद्री परिवहन, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, दूरसंचार और वित्तीय सेवाओं तक पर असर पड़ सकता है। अंतरिक्ष में मुठभेड़ हुई तो उसकी कीमत धरती पर आम आदमी चुका सकता है। यहीं 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी की प्रासंगिकता सामने आती है। इस संधि ने पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों और सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों की तैनाती पर रोक लगाई थी। लेकिन इसमें पारंपरिक हथियारों के अंतरिक्ष में इस्तेमाल पर वैसी स्पष्ट और व्यापक रोक नहीं है। अमेरिका का ताजा खुलासा इसलिए दुनिया के लिए चेतावनी है कि अंतरिक्ष को युद्ध का नया मैदान बनने से रोकने के लिए मौजूदा अंतरराष्ट्रीय नियम पर्याप्त नहीं हैं। दुनिया को अब यह तय करना होगा कि अंतरिक्ष में कौन-सी सैन्य गतिविधियां स्वीकार्य होंगी और कौन-सी नहीं।

# ऊर्जा जरूरत और अर्थव्यवस्था पर असर

**पश्चिम एशिया संकट**
अखिलेश आर्येन्दु

> तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं। सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

पश्चिम एशिया संकट सुलझता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। अमेरिका पीछे हटने को तैयार नहीं है और न ईरान ही। ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध रूस-यूक्रेन जैसा लम्बा खिंचेगा। तेल की कीमत 100 डालर के पार पहुंच गई है, जिसका असर दुनियाभर में साफ-साफ दिखाई दे रहा है। भारत जैसे बड़े तेल आयातक देश के लिए इसका अर्थ है-ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती, रुपये पर दबाव, महंगाई का जोखिम और आयात बिल में वृद्धि। जैसे-जैसे सैन्य तनाव बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे तमाम तरह की समस्याएं बढ़ रही हैं।

सवाल खड़ा किया जा रहा है कि क्या भारत की बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा सुरक्षा इतनी अधिक आयातित तेल पर निर्भर रह सकती है? पश्चिम एशिया में संघर्ष और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर व्यवधान ने तेल की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत के लिए यह चिंता इसलिए बड़ी है क्योंकि देश अपनी तेल जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। ऐसे में तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत में हर उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती लेकर आता है। तेल केवल पेट्रोल पंप पर बिकने वाला ईंधन नहीं है, इसका संबंध अर्थव्यवस्था के तकरीबन हर क्षेत्र से है। परिवहन, कृषि, विमानन, पेट्रोकेमिकल उद्योग में कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों का इस्तेमाल होता है। प्लास्टिक, रसायन, सिंथेटिक फाइबर और अनेक औद्योगिक वस्तुओं की लागत भी ऊर्जा कीमतों से जुड़ी होती है। इसलिए कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का असर धीरे-धीरे ही सही, हर क्षेत्र में दिखाई देता है। सबसे पहले आयात बिल बढ़ता है। इसके बाद डालर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव बढ़ जाता है। रुपया लगातार प्रतिदिन गिर रहा है। रुपया कमजोर होने पर भारत में आयातित तेल और महंगा हो जाता है। यानी भारत के सामने दोहरा दबाव पैदा हो जाता है- अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा और डालर के मुकाबले रुपया कमजोर। रुपया कमजोर होने का मतलब डालर की मांग बढ़ना और आयात की हुई हर वस्तु की कीमत अधिक चुकता करना। महंगाई बढ़ने की बड़ी वजह रुपये का लगातार कमजोर होते जाना है। इसलिए एशिया संकट जितनी जल्दी खत्म होगा, भारत के लिए उतना ही अच्छा होगा। पश्चिम एशिया में तेल की कीमतों का लगातार बढ़ते जाने के बावजूद भारत में उस तरह की महंगाई का दौर नहीं आया, जैसे दुनिया के दूसरे देशों में देखने में आया और अभी भी बना हुआ है। सवाल यह है कि तेल के दाम बढ़ते जाने के असर से भारत में वस्तुओं के दाम स्थिर बनाए रखना क्या हर स्थिति में संभव होगा? अर्थशास्त्रियों के अनुसार दुनिया में तेल संकट के बाद भी भारत में महंगाई उस दर से नहीं बढ़ी, जैसे भारत के पड़ोसी देशों में बढ़ी। इसकी वजह है भारत के पास दुनिया की बड़ी रिफाइनिंग क्षमता वाला सुरक्षा कवच का होना। इस सुरक्षा कवच के कारण कच्चा तेल आयात करके उसे पेट्रोल, डीजल, विमानन ईंधन और दूसरे पेट्रोलियम उत्पाद में बदल सकता है। दूसरी बात, भारत ने रूस सहित अलग-अलग देशों से तेल खरीदकर पिछले वर्षों में अपने आयात स्त्रोतों को भी विधिवत बनाया है,लेकिन यह सुरक्षा कवच बहुत लम्बे समय तक सुरक्षा नहीं दे सकता है। यदि तेल आयात पूरी तरह ठप हो जाए तो भारत के सामने ऊर्जा के दूसरे विकल्पों का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसलिए

अभी से ही विकल्पों को दुरुस्त करना होगा। सवाल यह है कि क्या रूस पर निर्भरता ऊर्जा समस्या का समाधान है या असली समाधान के लिए वैकल्पिक ऊर्जा पर निर्भरता बढ़ाना समाधान है? पश्चिम एशिया संकट के बीच अक्सर कहा जाता है कि भारत को अपने सबसे विश्वसनीय मित्र रूस से अधिक तेल खरीदना चाहिए बजाय मध्य-पूर्व देशों से। जानकारों के अनुसार रूस पर निर्भरता कुछ हद तक ही ठीक है।

एक देश पर निर्भरता के बजाय भारत को चाहिए कि वह अनेक स्त्रोतों और अनेक तकनीकों के संतुलित मिश्रण को अपनाए। यानी स्थायी समाधान भारत को मुकम्मल रूप से खुद तैयार करना होगा। हर तेल संकट भारत को एक ही संदेश देता है-तेल आयात पर निर्भरता कम करनी होगी। इसके लिए केंद्र सरकार लगातार वैकल्पिक ऊर्जा का विस्तार कर रही है। सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा में लगातार विस्तार कर रही है। गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। केवल सौर पैनल लगा देने से तेल समस्या खत्म नहीं होगी। अभी गैर-जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले वाहनों की संख्या बहुत कम है। गैर जीवाश्म ऊर्जा से चलने वाले दो और चार पहिया वाहनों की खरीदारी बढ़ी तो है, लेकिन उतनी नहीं, जिससे तेल संकट के वक्त काम आ सकें। इसी तरह सार्वजनिक परिवहनों, रेलवे का विद्युतीकरण, ऊर्जा-कुशल माल ढुलाई जैसे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन यह बहुत कम हैं। इसके लिए वैटरी भंडारण और ग्रिड क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ठंडक के दिनों में कोहरा छाए रहने, बरसात में कई दिनों तक बादल छाए रहने पर सौर ऊर्जा कम प्राप्त हो पाती है। हालिया ऊर्जा समस्या के समाधान में केंद्र सरकार ने कोयले और तेल पर निर्भरता कम करने के लिए परमाणु, सौर, पवन, जलविद्युत, बैटरी भंडारण और हरित हाइड्रोजन जैसे विविध स्त्रोतों पर निर्भरता बढ़ाने का कार्य किया है। इससे ऊर्जा सुरक्षा को लेकर होने वाली चिंताओं में राहत दिखाई दी है। हाल में यह बताया गया कि तेल संकट के साथ देश में बिजली संकट भी बढ़ सकता है, क्योंकि मांग की अपेक्षा आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आज की तारीख में देश के 59 कोयला आधारित बिजली संयत्रों में कोयले का भंडार बेहद कम है। आज की रिपोर्ट के अनुसार इन संयंत्रों के पास या तो निर्धारित स्टाक का 25 प्रतिशत से कम था या तीन दिन से कम उत्पादन जितना कोयला उपलब्ध था। बिजली की मांग करीब 267 गेगा वाट पहुंची और रिकार्ड 270 गेगा वाट के आसपास बनी हुई है। अब जब कि तेल, कोयला दोनों का संकट बढ़ रहा है, देश को ऊर्जा सुरक्षा मिशन की जरूरत बढ़ गई है। अब केंद्र सरकार को ऐसी ऊर्जा नीति बनानी होगी, जो किसी भी संकट के वक्त सुरक्षा कवच के रूप में मौजूद रहे। पहला लक्ष्य यह होना चाहिए कि तेल आयात पर धीरे-धीरे निर्भरता कम की जाए। दूसरी नीति रणनीतिक रूप से पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाया जाए। तीसरी सुरक्षा यह होनी चाहिए कि एलपीजी और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के वैकल्पिक मार्ग विकसित किए जाएं। चौथी सुरक्षा इलेक्ट्रोलिकल सार्वजनिक परिवहन को तेज गति से बढ़ाया जाए जैसे दिल्ली सरकार ने किया है। पांचवीं सुरक्षा बैटरी स्टोरेज और राष्ट्रीय बिजली ग्रिड को मजबूत किया जाए। छठे सुरक्षा के रूप में परमाणु ऊर्जाऔर नवीकरणीय ऊर्जा के संतुलित विस्तार को बढ़ाया जाए और ऊर्जा आयात के लिए एक ही क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता धीरे-धीरे कम की जाए। बढ़ते ऊर्जा संकट में केंद्र सरकार बड़ी सावधानी से आगे बढ़ रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि तेल और गैस संकट से भारत अपने वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों का बेहतर इस्तेमाल कर उबर जाएगा और ऐसा संकट नहीं आएगा कि जनता त्राहि-त्राहि करने लगेगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्व ओजोन दिवस

रोहित कौशिक

# नया शोध, नई जानकारी लेकिन खतरा टला नहीं

विकास एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। यही कारण है कि विश्व के ज्यादातर देश किसी न किसी रूप से विकास कर रहे हैं। जीवन स्तर सुधारने के लिए विकास की यह प्रक्रिया सुखद है, लेकिन क्या इस विकास से सच्चे अर्थों में हमारा जीवन स्तर सुधर पाया है? भौतिक रूप से देखें तो निश्चित रूप से हमारा जीवन स्तर सुधरा है, लेकिन विकास की इस प्रक्रिया ने हमारे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। इसका असर न केवल प्रकृति के स्वास्थ्य बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी पड़ा है। इस दृष्टि से देखें तो हमारा जीवन स्तर सुधरा नहीं है, अपितु खराब ही हुआ है। विकास की इस प्रक्रिया ने प्रकृति को कई जख्म दिए है। प्रकृति के इन जख्मों ने इंसान के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा प्रभाव डाला है। विभिन्न तरह से हमारी रक्षा करने वाली ओजोन परत का क्षरण भी विकास की अंधाधुंध प्रक्रियाओं का ही नतीता है। समय-समय पर ओजान परत को लेकर कई अध्ययन प्रकाशित होते रहते हैं। दरअसल, ओजोन परत पृथ्वी के वातावरण की एक महत्वपूर्ण है। यह परत हमें सूर्य की हानिकारण पैराबैंगनी किरणों से बचाती है। 1980 के दशक में वैज्ञानिकों को पता चला था कि यह परत तेजी से पतली हो रही है। मुख्य रूप से अंटार्कटिका के ऊपर एक ओजोन छेद बन रहा था। वैज्ञानिकों ने बताया था कि इसका मुख्य कारण क्लोरोफ्लोरोकार्बन जैसे रसायन हैं जो फ्रिज, एयरकंडीशनर और स्प्रे उत्पादों में इस्तेमाल किए जाते हैं। अब एक नए अध्ययन में बताया गया है कि ओजोन परत का क्षरण 1985 में अंटार्कटिका के ऊपर ओजोन छिद्र की खोज से बहुत पहले ही शुरू हो चुका था। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) ने अपने नए अध्ययन में दावा किया है कि अगर आज जैसी उन्नत निगरानी तकनीकें पहले उपलब्ध होतीं तो वैज्ञानिक ओजोन क्षरण के संकेत 1957 में ही पकड़ सकते थे। इसका अर्थ यह है कि ओजोन छिद्र की खोज से लगभग तीन दशक पहले ही इस सुरक्षात्मक परत को नुकसान होना शुरू हो चुका था।

अब तक मुख्य रूप से क्लोरोफ्लोरोकार्बन को ही ओजोन परत के शुरुआती क्षरण के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, लेकिन बताया गया है कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन नहीं बल्कि कार्बन टेट्राक्लोराइड नाम का एक औद्यागिक रयासन ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार था। दरअसल, लगातार हो रहे वैज्ञानिक अनुसंधानों का सबसे बड़ा लाभ यही है कि नई-नई जानकारियां सामने आती रहती है। ऐसे अध्ययनों में कई बार पिछले अध्ययनों को नकार भी दिया जाता है। यही विज्ञान की सबसे बड़ी ताकत है। विज्ञान की इसी ताकत के बल पर नए आविष्कार होते हैं और नया शोध प्रमाण के साथ सामने आता है। ओजोन परत पर हुए इस नए अध्ययन के नतीजे प्रतिष्ठित जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (पीएनएएस) में प्रकाशित हुए हैं। कार्बन टेट्राक्लोराइड 1930 के दशक से ही ड्राईक्लीनिंग और मशीनों की सफाई में चिकनाई हटाने वाले सॉल्वेंट के रूप में इस्तेमाल हो रहा था। बर्फ की गहराइयों से निकाले गए आइस कोर नमूनों में भी इसके निशान मिले। यही रसायन ओजोन परत का शुरुआती क्षरण कर रहा था। हालांकि, अब कार्बन टेट्राक्लोराइड का इस्तेमाल दुनिया के कई हिस्सों में बंद किया जा चुका है। अब कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि ओजोन परत का क्षरण कम हुआ है। इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। विभिन्न देशों की सरकारें भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही हैं। हालांकि पर्यावरण के मुद्दे पर अभी भी कई देशों का व्यवहार खोखले आदर्शवाद की परिधि में आता है। यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस दौर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है और इस दिशा में कुछ काम भी हो रहा है। यही कारण है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। ओजोन परत की दशा सुधारने के लिए कई तरीके के उपाय किए गए। यह भी कटु सत्य है कि पर्यावरण के विभिन्न मुद्दों पर होने वाली वैश्विक संगोष्ठियों में कई बार अपेक्षित निर्णय नही लिए जाते। अनेक बार कई तरह के विरोधाभास भी उभर आते हैं, लेकिन इन सब विसंगतियों के बावजूद जब बार-बार ऐसे मुद्दों पर चर्चा होती है तो कुछ सार्थक परिणाम भी सामने आते ही हैं। इन परिणामों का ही यह नतीजा है कि आज ओजोन परत की स्थिति में सुधार हुआ है। हालांकि इस सुधार के आधार पर यह मान लेना कि खतरा पूरी तरह टल गया है, उचित नहीं है। हमें इस दिशा में लगातार प्रयास करने होंगे। अगर इन प्रयासों में कहीं भी कमी हुई तो ओजोन परत के क्षरण का खतरा पुनः पैदा हो सकता है। हमें यह समझना होगा कि ओजोन परत को संरक्षित करना जिंदगी के लिए बहुत जरूरी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मनुष्य इंद्रिय विषयों में करता है आनंद अनुभव



संकलित
**दर्शन**

भक्ति विभिन्न रूपों में प्रकाशित होती है। पहला है श्रद्धा। लोग मंदिरों और पवित्र स्थानों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि वहां भगवान की पूजा होती है, ऐसे स्थानों में उनकी सत्ता अधिक अनुभूति होती है। प्रत्येक देश में लोग धर्माचार्यों के प्रति श्रद्धा इसलिए प्रकट करते हैं, क्योंकि ये आचार्य उन्हीं भगवान की महिमा का उपदेश देते हैं। इस श्रद्धा का मूल है प्रेम। हम जिससे प्रेम नहीं करते, उसके प्रति कभी श्रद्धालु नहीं हो सकते। इसके बाद है प्रीति अर्थात ईश्वर चिंतन में आनंद। मनुष्य इंद्रिय विषयों में तीव्र आनंद अनुभव करता है। इंद्रियों को अच्छी लगने वाली चीजों के लिए वह भटकता फिरता है और बड़ा से बड़ा जोखिम उठाने के लिए तैयार रहता है। भक्त को चाहिए कि वह भगवान के प्रति इसी प्रकार का तीव्र प्रेम रखे। इसके उपरांत आता है विरह। विरह प्रेमास्पद के अभाव में उत्पन्न होने वाला तीव्र दुख। यह दुख संसार के समस्त दुखों में सबसे मधुर है। जब मनुष्य भगवान को न पा सकने के कारण, संसार में एकमात्र जानने योग वस्तु को न जान सकने के कारण तीव्र वेदना अनुभव करने लगता है और अत्यंत व्याकुल हो पागल-सा हो जाता है, उस दशा को विरह कहते हैं। मन की ऐसी दशा में प्रेमास्पद को छोड़ उसे और कुछ अच्छा नहीं लगता। बहुधा यह विरह सांसारिक प्रणय में देखा जाता है। जब पराभक्ति हृदय पर अपना प्रभाव जमा लेती है तो अन्य अप्रिय विषयों की उपस्थिति हमें खटकने लगती है, यहां तक कि प्रेमास्पद भगवान के अतिरिक्त अन्य किसी विषय पर बातचीत तक कहना हमारे लिए अरुचिकर हो जाता है।

# मैं भी मेला देखने जाऊंगी

संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने कहा कि वहाँ बहुत भीड़ होगी कहीं गिर जाओगी तो चोट लगेगी। लड़की ने मां की बात नहीं सुनी और मेला देखने चल पड़ी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### युवाओं के हौसले का विजयघोष

आज का भारत उस दौर से गुजर रहा है, जहां प्रतिभा किसी बड़े शहर, संपन्न परिवार या महंगे संसाधनों की मोहताज नहीं रह गई है। देश के छोटे कस्बों, गांवों और सामान्य परिवारों से निकलकर युवा अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर दुनिया के मंच पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा की विश्व कप फाइनल में स्वर्णिम सफलता इसी बदलते भारत और उसके युवाओं के बढ़ते हौसले का जीवंत उदाहरण है। यह केवल एक खिलाड़ी की जीत नहीं, बल्कि उन लाखों युवाओं के सपनों की जीत है, जो सीमित साधनों के बावजूद बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। मैक्सिको के साल्टिलो में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज ने जापान के जुन्या नाकानिशी को रोमांचक मुकाबले में शूट ऑफ के जरिए हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। *-कांतिलाला मांडोत, सूरत*

## ट्रेंड

### डिफेंस स्टार्टअप्स

भारत में डिफेंस स्टार्टअप्स की एक नई लहर उठ रही है। ये स्टार्टअप्स ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में आधुनिक डिफेंस सेक्टर को एक नई दिशा दे रहे हैं। आज का इनोवेशन ही कल की मिलिट्री क्षमता है। - **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### सेवा संकल्प अभियान

'सेवा संकल्प अभियान' इस साल इसलिए भी खास है क्योंकि 7 अक्टूबर 2001 को नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी और तब से वे लगातार 25 सालों से जनसेवा में समर्पित हैं।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

### शिक्षा सिस्टम

भारत का शिक्षा सिस्टम उसी पीढ़ी को निराश कर रहा है जिसे उसे ऊपर उठाना था। पेपर लीक होना। बहुत ज़्यादा फ्रीस। खस्ताहाल इंफ्रास्ट्रक्चर। लाखों युवा भारतीय ईमानदारी से काम करते हैं, फिर भी सिस्टम उन्हें निराश करता है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### लोकतंत्र दिवस

लोकतंत्र के इस अंतरराष्ट्रीय दिवस पर, हमें खुद को यह याद दिलाना चाहिए कि 'हम, भारत के लोग' ही लोकतंत्र की असली नींव और आत्मा हैं। सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस तरह काम करे जिससे लोगों का कल्याण हो। जो लोकतंत्र अपने लोगों की बात नहीं सुनता, वह लोकतंत्र नहीं है।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# बांग्लादेश व चीन ने प्रस्तावित आर्थिक गलियारे पर की चर्चा

चीन के राजदूत याओ वेन ने बांग्लादेश की कनिष्ठ विदेश मंत्री शमा ओबैद इस्लाम से मुलाकात की तथा उन्होंने ढाका को म्यांमा और चीन से जोड़ने वाले प्रस्तावित आर्थिक गलियारे के संबंध में सहयोग पर चर्चा की। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। विदेश मंत्रालय का हवाला देते हुए बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी 'बीएसएस' ने बताया कि सोमवार को मंत्री के कार्यालय में यह बैठक हुई, जिसमें दोनों पक्षों ने बुनियादी ढांचा, ऊर्जा, मानव संसाधन विकास और आर्थिक सहयोग पर भी चर्चा की। प्रस्तावित आर्थिक गलियारा का मकसद म्यांमा के रास्ते बांग्लादेश और दक्षिण-पश्चिमी चीन के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना है। यह पूर्व में प्रस्तावित बांग्लादेश-चीन-भारत-म्यांमा (बीसीआईएम) आर्थिक गलियारा से अलग है। इस प्रस्तावित गलियारे से बीजिंग को बंगाल की खाड़ी तक व्यापार और कनेक्टिविटी का एक अतिरिक्त रास्ता मिल सकता है। खबर के अनुसार, दोनों पक्षों ने रंगपुर में 1,000 बिस्तरों वाले प्रस्तावित अस्पताल, शिक्षा और मानव-संसाधन विकास, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संपर्क, ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग और महिला सशक्तीकरण पर भी चर्चा की।

## ऑफ बीट

# एआई से बढ़ी वित्तीय धोखाधड़ी सावधानी बरतने की जरूरत

फोन की घंटी बजती है और दूसरी तरफ आपके पोते की घबराई हुई आवाज सुनाई देती है। वह बताता है कि उसके साथ दुर्घटना हो गई है और उसे तत्काल पैसों की जरूरत है। आवाज पोते की आवाज जैसी ही होती है लेकिन पोते की आवाज नहीं होती। यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार की गई आवाज होती है, जिसे इंटरनेट पर उपलब्ध किसी वीडियो या ऑडियो क्लिप से तैयार किया गया है। कई वर्षों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा को लेकर चेतावनियों का केंद्र कॉरपोरेट नेटवर्क और सरकारी प्रणालियां रही हैं। हालांकि, ये खतरे वास्तविक हैं, लेकिन अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के धोखाधड़ी संबंधी आंकड़ों से एक अलग तस्वीर सामने आती है—घरेलू खातों से बड़ी मात्रा में धन निकल रहा है। एफबीआई की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, उसकी इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) इकाई ने पहली बार एआई से जुड़े मामलों को अलग से दर्ज करना शुरू किया। अमेरिकियों ने ऐसे 22,000 से अधिक मामले दर्ज कराए और करीब 89 .3 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी। इनमें से 63 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान निवेश संबंधी धोखाधड़ी में हुआ जबकि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को 35 .2 करोड़ डॉलर का नुकसान हुआ।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# दगडूशेठ गणपति के समक्ष महिलाओं का अथर्वशीर्ष पाठ

एजेंसी ▶▶ पुणे

*पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं*

महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में ऋषि पंचमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति मंदिर के बाहर मंगलवार सुबह ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट के 134वें गणेश चतुर्थी समारोह के दौरान ऋषि पंचमी के दौरान 35,000 से अधिक महिलाओं ने एक साथ उपस्थित होकर भगवान गणेश के अति-पवित्र 'गणपति अथर्वशीर्ष' का सामूहिक पाठ किया। इस पावन अवसर पर पारंपरिक परिधानों में पहुंचीं महिलाओं के कारण मंदिर से लेकर नाना वाड़ा तक का पूरा इलाका भक्ति और रंगों के अनूठे संगम में तब्दील हो गया।

अथर्वशीर्ष का पाठ करती महिलाएं

**35,000 से अधिक महिलाओं ने किया पाठ**

**मंदिर से नाना वाड़ा तक इलाका भक्तिमय हुआ**

## शंखनाद और ओंकार के साथ शुरुआत

समारोह का शुभारंभ शंखनाद और ओंकार जाप के साथ हुआ। इसके बाद 'गणराजा गणनायका' और 'मोरया रे बाप्पा मोरया रे' जैसे भक्ति गीतों ने माहौल को पूरी तरह गणेशमयी बना दिया। इसके उपरांत, 'ॐ नमो गणपतये', 'मोरया मोरया' और 'ॐ गं गणपतये नमः के दिव्य जयघोष के बीच सामूहिक अथर्वशीर्ष पाठ शुरू हुआ। पाठ के समापन पर हजारों महिलाओं ने हाथ उठाकर तालियों की गूंज के साथ महाआरती में भाग लिया।

### रात 2 बजे से कतारों में खड़ी रहीं महिलाएं

श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई सार्वजनिक गणपति ट्रस्ट और सुवर्णयुग तरुण मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का यह 41वां वर्ष था, जिसे ट्रस्ट के 134वें गणेशोत्सव के तहत आयोजित किया गया। पाठ में हिस्सा लेने के लिए महिलाएं केवल पुणे से ही नहीं, बल्कि मुंबई, सातारा, कोल्हापुर और लातूर से भी पहुंची थीं। हल्की बारिश के बावजूद कई महिलाएं तड़के 2 बजे से ही कतारों में आकर खड़ी हो गई थीं।

### मुकेश अंबानी के घर विराजे बप्पा

मुंबई में मुकेश अंबानी के आवास एंटीलिया पर आयोजित गणपति उत्सव में बॉलीवुड और राजनीति से जुड़ी कई हस्तियां और संत शामिल हुए। उनकी छोटी बहू राधिका अंबानी ने भगवान गणेश के चरणों में एक भावपूर्ण और मनमोहक नृत्य पेश कर बप्पा को अनोखी भक्ति की है।


भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

तिरुवनंतपुरम, केरलम में गणेश चतुर्थी उत्सव में पझावंगडी श्री महा गणपति मंदिर में अरट्टू जुलूस में श्रद्धालु

बिहार के सीएम सम्राट चौधरी गणेश उत्सव के दौरान पूजा करते हुए।

गणेश उत्सव के लिए कोलकता की मिठाई की दुकान में बड़ा लड्डू बनाया।

## खबर संक्षेप

### विजयवाड़ा बस स्टैंड पर बैग में विस्फोटक जब्त

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा के पंडित नेहरू बस स्टैंड पर एक संदिग्ध बैग मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कृष्णा लंका पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। इसके बाद इलाके को सील किया गया। बैग की तलाशी के दौरान पुलिस को जिलेटिन स्टिक और डेटोनेटर समेत विस्फोटक सामग्री मिली।

### हिमांशु भाऊ गैंग ने की थी जिम ट्रेनर की हत्या

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के आया नगर में सोमवार सुबह दिनदहाड़े जिम ट्रेनर विजय कुमार की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर हिमांशु भाऊ के नाम से एक पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेने का दावा किया गया है। फतेहपुर बेरी थाना क्षेत्र में हंसा चौक के पास स्थित 'द परफेक्ट जिम' से बाहर बुलाकर बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली चलाई थी।

### टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, 3 की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मांड्या जिले में मंगलवार तड़के एक दूध के टैंकर ने पीछे से एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें एक नौ वर्षीय बच्ची भी शामिल थी। यह दुर्घटना मांड्या जिले के मद्दूर तालुक के अंतर्गत कोप्पा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में सुबह 5.30 बजे से 6 बजे के बीच हुई।

### पालघर हिंसा: 16 सितबंर तक हिरासत में आरोपी

**पालघर।** पालघर अस्पताल हिंसा मामले में गिरफ्तार 22 लोगों को स्थानीय अदालत ने 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। रविवार देर रात मजिस्ट्रेट योगेश एच. गजभिये के आदेश पर पुलिस कस्टडी में भेजे गए लोगों में विधायक राजेंद्र गावित के बेटे रोहित गावित और शिवसेना के पूर्व जिला प्रमुख कुंदन सांखे शामिल हैं।

संगठन का उद्देश्य पेशेवर समुदाय और राजनीति के बीच संवाद का एक प्रभावी तंत्र विकसित करना है

# राहुल-प्रियंका ने डॉ. मनमोहन सिंह फेलो से किया संवाद राजनीति में पेशेवर प्रतिभाओं की भागीदारी पर जोर

एआईपीसी कांग्रेस का ऐसा मंच है, जो कामकाजी पेशेवरों, उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को राजनीति से जोड़ने तथा उनके अनुभव और विशेषज्ञता को नीति निर्माण एवं सार्वजनिक जीवन में उपयोग करने पर केंद्रित है

फेलो को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ काम करने का अवसर पेशेवरों और प्रतिभाशाली लोगों को राजनीति में आने की अपील

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में ऑल इंडिया प्रोफेशनल्स कांग्रेस (एआईपीसी) के डॉ. मनमोहन सिंह फेलो के साथ संवाद किया। इस दौरान एआईपीसी के नवनियुक्त चेयरपर्सन मधु गौड़ यास्खी और राज्यसभा सांसद एवं एआईपीसी के पूर्व चेयरपर्सन प्रवीण चक्रवर्ती भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन सिंह फेलो ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ संवाद करते हुए अपने अनुभवों और राजनीतिक क्षेत्र में पेशेवरों की भूमिका से जुड़े विषयों पर विचार साझा किए। कार्यक्रम का

उद्देश्य पेशेवर पृष्ठभूमि वाले युवाओं और विशेषज्ञों को सार्वजनिक जीवन तथा राजनीति से जोड़ने की एआईपीसी की पहल को आगे बढ़ाना है। एआईपीसी कांग्रेस का ऐसा मंच है, जो कामकाजी पेशेवरों, उद्यमियों और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को राजनीति से जोड़ने तथा उनके अनुभव और विशेषज्ञता को नीति निर्माण एवं सार्वजनिक जीवन में उपयोग करने पर केंद्रित है। संगठन के अनुसार, उसका उद्देश्य पेशेवर समुदाय और राजनीति के बीच संवाद का एक प्रभावी तंत्र विकसित करना है।

### डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर शुरू हुआ फेलोशिप कार्यक्रम

कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में अप्रैल 2025 में डॉ. मनमोहन सिंह फेलो कार्यक्रम शुरू किया था। कांग्रेस के आधिकारिक विवरण के अनुसार यह कार्यक्रम पेशेवरों को राजनीति में सक्रिय भूमिका के लिए तैयार करने और उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में काम करने का अवसर देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। कार्यक्रम को सामान्य इंटर्नशिप के बजाय राजनीतिक नेतृत्व विकसित करने की पहल के रूप में तैयार किया गया है।

फेलो को वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ काम करने, राजनीतिक और नीतिगत मुद्दों को समझने तथा सार्वजनिक जीवन में अपनी पेशेवर विशेषज्ञता का उपयोग करने का अवसर दिया जाता है। फेलोशिप कार्यक्रम की आधिकारिक वेबसाइट इसे राष्ट्रीय राजनीति में नेतृत्व विकसित करने के लिए एक राजनीतिक नेतृत्व इनक्यूबेटर के रूप में प्रस्तुत करती है।

### पेशेवरों को सार्वजनिक जीवन से जोड़ने की पहल

एआईपीसी की स्थापना का मूल उद्देश्य भी राजनीति और पेशेवर समुदाय के बीच दूरी कम करना रहा है। संगठन का कहना है कि देश में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली पेशेवर और विशेषज्ञ राजनीति तथा सार्वजनिक जीवन से पर्याप्त रूप से नहीं जुड़े हैं। एआईपीसी ऐसे लोगों को सार्वजनिक जीवन में आने, नीति निर्माण में योगदान देने तथा राजनीतिक नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए मंच उपलब्ध कराने पर जोर देता है। राहुल गांधी भी एआईपीसी के मंच से पेशेवरों को सार्वजनिक जीवन में आने का आह्वान करते रहे हैं। एआईपीसी की वेबसाइट पर राहुल गांधी के संदेश में पेशेवरों और प्रतिभाशाली लोगों से राजनीति में आने तथा प्रवक्ता, नीति-निर्माता अथवा जनप्रतिनिधि के रूप में योगदान देने की अपील की गई है।

### नेतृत्व में बदलाव के बीच संवाद

डॉ. मनमोहन सिंह फेलो के साथ यह संवाद एआईपीसी के नेतृत्व में हालिया बदलाव के बीच हुआ। एआईपीसी ने हाल ही में मधु गौड़ यास्खी को अपना नया चेयरपर्सन नियुक्त किया है। संगठन ने पूर्व चेयरपर्सन प्रवीण चक्रवर्ती के कार्यकाल के लिए भी आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी को कांग्रेस की ओर से पेशेवर वर्ग की प्रतिभाओं को पार्टी और सार्वजनिक जीवन से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण संवाद के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि, बैठक में हुई विस्तृत चर्चा के विषयों या राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा दिए गए किसी विशिष्ट बयान का आधिकारिक विस्तृत विवरण फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है।

बिना जांच विदेश जाने का मामला

# उड्डयन मंत्रालय ने एयर इंडिया को थमाया शो-कॉज 'नोटिस'

**9 बिंदुओं पर मांगा जवाब**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल पैसेंजर्स की आवाजाही से जुड़ी एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसने सुरक्षा और इमिग्रेशन व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला तीन विदेशी यात्रियों से जुड़ा है, जो दिल्ली पहुंचने के बाद तय प्रक्रिया पूरी किए बिना ही अपनी अगली इंटरनेशनल फ्लाइट तक पहुंच गए। अब इस मामले में मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने एअर इंडिया से जवाब तलब किया है।

एयरलाइन को बताना होगा कि आखिर यह चूक कैसे हुई और इसके लिए जिम्मेदार कौन है। यह मामला 4 सितंबर का है। तीन इटैलियन पैसेंजर एअर इंडिया की फ्लाइट से अमृतसर से दिल्ली पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें लुफ्थांसा की दिल्ली से म्यूनिख जाने वाली फ्लाइट पकड़नी थी। नियम के मुताबिक दिल्ली पहुंचने के बाद इन यात्रियों को अराइवल इमिग्रेशन एरिया में जाकर निर्धारित इमिग्रेशन प्रक्रिया पूरी करनी थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया के सीईओ तेवोल्डे गेब्रेमारियम को शो कॉज नोटिस जारी किया है। एयरलाइन से 9 बिंदुओं पर लिखित जवाब मांगा गया है। मिनिस्ट्री ने एअर इंडिया को जवाब देने के लिए 7 दिन का समय दिया है। एयरलाइन को 19 सितंबर तक यह बताना होगा कि उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने अपने नोटिस में यात्रियों को संभालने और उन्हें एस्कॉर्ट करने वाले एअर इंडिया और एसएटीएस के कर्मचारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने भी मंगलवार को अधिकारियों और संबंधित पक्षों की बैठक बुलाई। गृह मंत्रालय ने इसे सुरक्षा और इमिग्रेशन से जुड़ी गंभीर चूक बताया है। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पी बालाजी (एअर इंडिया में ग्रुप हेड-गवर्नेंस, रेगुलेटरी, कंप्लायंस और कॉर्पोरेट अफेयर्स) समेत इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

### क्या है हब-एंड-स्पोक सिस्टम?

एअर इंडिया कुछ रूट्स पर हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत काम करती है। अमृतसर से जुड़ी कुछ उड़ानें भी इस व्यवस्था का हिस्सा हैं। आसान भाषा में समझें तो इस व्यवस्था में विदेश जाने वाले यात्री स्पोक एयरपोर्ट पर ही इमिग्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके बाद हब एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें मुख्य रूप से सिक्योरिटी चेक के बाद अपनी इंटरनेशनल फ्लाइट पकड़नी होती है। लेकिन इस मामले में अमृतसर-दिल्ली और दिल्ली-म्यूनिख की उड़ानें इस व्यवस्था के तहत नहीं थीं। इसलिए यात्रियों को दिल्ली में अराइवल इमिग्रेशन की निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना जरूरी था।

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज बोली: क्या आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते मां भारती का भी विरोध करने लगे हैं?

# कांग्रेस पार्टी की तथाकथित मोहब्बत की दुकान में केवल भ्रष्टाचार का कारोबार: स्वराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने मंगलवार को राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान वाले बयान पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के भीतर भ्रष्टाचार और कांग्रेस शासित राज्यों में भर्ती परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ी के मामले को उजागर किया। स्वराज ने कहा कि जब कांग्रेस नेताओं पर आरोप लगते है, तब राहुल गांधी आवाज नहीं उठाते हैं।

उन्होंने अपने बयान में कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तथाकथित 'मोहब्बत की दुकान' में केवल और केवल भ्रष्टाचार का कारोबार ही पाया जाता है। मैं पूछना चाहती हूं राहुल गांधी जी से कि एक तरफ तो वह छात्रों की बात करते हैं, लेकिन जब उन्हीं की पार्टी के लोग इस देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं तो वह गूंज उनके कानों तक क्या पहुंचती नहीं है? आप सब ने हाल ही में देखा कि उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के तत्कालीन और अभी फिलहाल में जो उनके पीए हैं, उनके यहां वीपीडीओ एग्जाम स्कैम में ईडी की रेड हुई और उनकी आय से ज्यादा (इनकम से ज्यादा) जो संसाधन और उनकी संपत्ति प्राप्त हुई, उसके लिए ईडी ने रेड कर काफी चीजें बरामद की हैं। यह कांग्रेस सरकार के उस तंत्र पर, खास करके भर्ती के तंत्र पर गंभीर प्रश्न उठाता है। स्वराज ने कहा कि दूसरा, आप सभी ने देखा कि छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तत्कालीन पूर्व ओएसडी को भी ईडी ने भर्ती स्कैम में (सीजीपीएससी एग्जाम रिक्रूटमेंट स्कैम का जो पेपर लीक हुआ था उसमें) अरेस्ट किया। यह बहुत गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। हाल ही में हिमाचल में जो आउटसोर्सिंग भर्ती है, उसमें कमीशनखोरी का मामला सामने आया और वहां एक नेता के बेटे पर कटमनी लेने के आरोप लगे हैं। तो मैं पूछना चाहती हूं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कि आप बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, युवाओं के भविष्य की बातें करते हैं, बेरोजगारी की बातें करते हैं, लेकिन जब कांग्रेस पार्टी के ही (यानी आप ही के कार्यकर्ता, आप ही के लीडर्स) की बात आती है, राजनैतिक संरक्षण के इतने गंभीर सवाल उठते हैं, तब आप चुप्पी क्यों साध लेते हैं?

### ब्रिक्स सम्मेलन के रात्रिभोज में कांग्रेस मुख्यमंत्रियों का न आना

भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि राजनीति में हमेशा राजनैतिक और एक आइडियोलॉजिकल मतभेद रह सकता है, लेकिन बात जब भारत की हो, जब बात राष्ट्रहित की हो, तो किसी भी प्रकार का मनभेद नहीं होना चाहिए। बहुत दुखी करने वाली बात है कि जब कांग्रेस पार्टी के तीनों मुख्यमंत्रियों को ब्रिक्स समिट में डिनर का इनविटेशन दिया गया, तो उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि न रखकर अपनी दलगत राजनीति को सर्वोपरि रखा। मीडिया की रिपोर्ट्स मानें तो उसमें तो यह बताया गया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने तो पहले यह कहा था कि वह डिनर पर आएंगे, उन्होंने निमंत्रण स्वीकार किया था, लेकिन बाद में राजनैतिक विवशताओं के कारण ऐसा लगता है कि उन्होंने सरकार को यह कह दिया कि वह डिनर में नहीं आएंगे। मैं पूछना चाहती हूं कांग्रेस पार्टी से कि क्या आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते मां भारती का भी विरोध करने लगे हैं? क्या आपको नहीं लगता कि ब्रिक्स का मंच भाजपा का मंच नहीं था, कोई राजनैतिक मंच नहीं था, यह भारत का मंच था, यह मां भारती की प्रतिष्ठा का सवाल था?

### पंजाब में पावर का प्रॉमिस पावर कट में तब्दील हो गया

स्वराज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब की सरकार ने पंजाब में 24/7 बिजली देने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उद्योगों को 14-14 घंटे के पावर कट झेलने पड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार जानती थी कि धान का सीजन आ रहा है, सिंचाई की आवश्यकताओं में बिजली की जरूरत और बढ़ जाएगी, लेकिन उन्होंने पर्याप्त प्रबंध नहीं किए। वे हमेशा बहानेबाजी करते हैं और अब वह केंद्र सरकार पर आरोप लगाना चाहते हैं।

1995 के सुप्रीम फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

# उपभोक्ता कानून के दायरे में ही रहेंगे डॉक्टर, मरीजों के प्रति जवाबदेह होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल आगे भी उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत ही मरीजों के प्रति जवाबदेह रहेंगे। इस बारे में दायर एक सुधारात्मक याचिका को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने खारिज कर दिया। याचिका में 1995 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी जिसमें चिकित्सा सेवाओं को उपभोक्ता संरक्षण कानून (सीपीए) के दायरे में लाया गया था।

### मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया ने दायर की थी याचिका

जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पांच जजों की पीठ ने 9 सितंबर को याचिका खारिज करते हुए कहा, क्यूरेटिव याचिका पर विचार करने के लिए तय किए गए नियमों के तहत कोई मामला नहीं बनता है। याचिका मेडिको लीगल सोसाइटी ऑफ इंडिया के डॉ. राजीव डी जोशी ने दायर की थी।

### वकीलों को मिली छूट को बनाया था आधार

याचिका में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का हवाला दिया गया था जिसमें शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि कानूनी पेशेवरों (वकीलों) के खिलाफ सेवा में कमी के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस फैसले के आधार पर क्यूरेटिव याचिका में 1995 के फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया था। पीठ ने कहा, यह संदर्भ गैर-जरूरी था। वकीलों से जुड़ा पिछला फैसला खास तौर पर कानूनी पेशे से संबंधित था और उपभोक्ता संरक्षण कानून से वकीलों को बाहर रखने का मतलब यह नहीं है कि चिकित्सा पेशेवरों पर लागू कानून के मामले को फिर से खोलने की जरूरत है।

## आईसीडब्ल्यूए के मंच से उपराष्ट्रपति का विश्व को संदेश

कूटनीति का पहला मकसद देशों के बीच अच्छे संबंध बनाना

# आपसी सहयोग और साझेदारी से ही दुनिया में शांति-विकास संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति एवं इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन ने आईसीडब्ल्यूए के 'राष्ट्रीय महत्व के संस्थान' का दर्जा प्राप्त करने की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मानव प्रगति और वैश्विक शांति एक-दूसरे की पूरक हैं। दुनिया में स्थायी शांति और समावेशी विकास तभी संभव है, जब देश एक-दूसरे की चिंताओं को समझें और आपसी हितों के लिए सहयोग एवं साझेदारी की भावना से मिलकर काम करें।

### इंसानी तरक्की और विश्व शांति साथ चले

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप राष्ट्रपति

उन्होंने कहा कि टकराव और विरोधाभासों से जूझ रही दुनिया में, 'नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन' को सर्वसम्मति से अपनाना एक बड़ी उपलब्धि थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कूटनीति का पहला मकसद देशों के बीच अच्छे संबंध बनाना है। इंसानी तरक्की और विश्व शांति साथ-साथ चलनी चाहिए।

### भारत वैश्विक मंच पर उभर रहा

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत शांति, तरक्की और खुशहाली के लिए एक मजबूत आवाज बनकर उभरा है। उन्होंने 'वसुधैव कुटुंबकम' की बात पर जोर दिया और 'वैक्सीन मैत्री', भारत की आपदा-प्रबंधन कोशिशों, 'लाइफ' और इंटरनेशनल सोलर अलायंस के उदाहरण दिए।

### आईसीडब्ल्यू की भूमिका अहम

सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि बदलते वैश्विक माहौल ने आईसीडब्ल्यू की भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट', 'ग्लोबल साउथ' और 'इंडो-पैसिफिक' प्राथमिकताओं पर रिसर्च को मजबूत करना; साइबर सिक्योरिटी, स्पेस, अहम टेक्नोलॉजी और ग्लोबल सप्लाई चेन पर काम का दायरा बढ़ाना; यूनिवर्सिटी और युवा स्कॉलर्स के साथ जुड़ाव को गहरा करना और दुनिया के मामलों पर भरोसेमंद जानकारी का स्रोत बनना, जिसमें भारत का अपना सही नजरिया हो।

### ग्लोबल साऊथ के समर्थन में भारत

उपराष्ट्रपति ने यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में भारत की उपलब्धियों पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शी पेमेंट सिस्टम से पारदर्शी गवर्नेंस आती है। भारत आईटीईसी और शैक्षिक सहयोग के जरिए ग्लोबल साउथ के साथ अपनी तकनीकी और संस्थागत क्षमताएं साझा कर रहा है, जिसमें जांजीबार में भारत के बाहर पहला आईटीआई कैंपस भी शामिल है।

### पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि से निर्यात बढ़ा

# निर्यात अगस्त में 26 फीसदी बढ़कर 44 अरब डॉलर, व्यापार घाटा पांच माह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का वस्तु निर्यात अगस्त में सालाना आधार पर 26.12 प्रतिशत बढ़कर 43.81 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में तेज वृद्धि के कारण कुल निर्यात बढ़ा है। वहीं सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा भी कम होकर पांच महीने के निचले स्तर 26.86 अरब डॉलर पर आ गया। आयात अगस्त में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 70.76 अरब डॉलर रहा।

- सोने के आयात में कमी से व्यापार घाटा कम हुआ

पिछले महीने वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल के बीच रही। निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही। जून, 2022 में निर्यात 30.12 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान निर्यात 17.85 प्रतिशत बढ़कर 215.91 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 18.21 प्रतिशत बढ़कर 363 अरब डॉलर रहा।

**खास बातें**

- ब्रेंट क्रूड की कीमत 90 से 94 डॉलर प्रति बैरल रही
- निर्यात में अगस्त महीने में वृद्धि जून, 2022 के बाद सबसे अधिक रही

*पेट्रोलियम, कोयला ऊर्जा के कारण व्यापार घाटा बढ़ा: अग्रवाल ने कहा कि मुख्य रूप से पेट्रोलियम, कच्चा तेल, कोयला, कोक और ब्रिकेट जैसे ऊर्जा उत्पाद तथा इलेक्ट्रॉनिक सामान के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है। उन्होंने निर्यात के मोर्चे पर कहा कि इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, रसायन और कपड़े सहित कई वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि से कुल निर्यात बढ़ा है।*

### व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर

चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 147.09 अरब डॉलर हो गया, इससे पिछले वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान यह 123.88 अरब डॉलर था। बीते साल अगस्त में व्यापार घाटा 27.22 अरब डॉलर और जुलाई में 31.98 अरब डॉलर था। इससे पहले मार्च में यह 20.67 अरब डॉलर के निचले स्तर पर रहा था। देश का सोने का आयात अगस्त में 57.7 प्रतिशत घटकर 2.3 अरब डॉलर रहा, जो अगस्त, 2025 में 5.4 अरब डॉलर था।

### निर्यात वृद्धि की गति बनी हुई

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए कहा कि निर्यात वृद्धि की अच्छी गति बनी हुई है और इसमें और तेजी आ रही है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में आयात में वृद्धि मजबूत घरेलू आर्थिक विस्तार, ऊर्जा की बढ़ती जरूरतों और विनिर्माण क्षेत्र की तेज वृद्धि को बनाए रखने के लिए जरूरी महत्वपूर्ण कच्चे माल तथा अन्य वस्तुओं की मांग के कारण हुई है। इससे व्यापार घाटा भी बढ़ा है।

### ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 फीसदी बढ़ा

अग्रवाल ने कहा, ''यूरोपीय संघ, ब्रिक्स देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं से मांग में वृद्धि हुई है। यह भारत की वैश्विक पहुंच के विस्तार को दर्शाता है और हमारी मजबूती, विविधता तथा रणनीतिक व्यापार एकीकरण के लक्ष्यों को भी मजबूत करता है।'' वित्त वर्ष 2026-27 के पहले पांच महीनों में ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात 13.3 प्रतिशत बढ़कर 34.5 अरब डॉलर रहा।

### निर्यात में वृद्धि मात्रा के लिहाज से अच्छी रही

अग्रवाल ने कहा कि निर्यात में वृद्धि केवल मूल्य के लिहाज से ही नहीं, बल्कि मात्रा के लिहाज से भी अच्छी रही है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान कच्चे तेल का आयात बढ़कर 95.57 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 78.07 अरब डॉलर था।

### इलेक्ट्रॉनिक सामान के आयात में वृद्धि

इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात आलोच्य अवधि में बढ़कर 66.48 अरब डॉलर हो गया जो बीते वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 46.31 अरब डॉलर था। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान बढ़कर 35.31 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 25.32 अरब डॉलर था।

## सोना 1,000 रुपये टूटकर पांच सप्ताह के निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को कमजोर वैश्विक रुख और मजबूत डॉलर के बीच सोने की कीमतें 1,000 रुपये टूटकर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रह गईं, जो एक महीने से ज्यादा का निचला स्तर है। यह कीमती धातु इससे पहले सात अगस्त को इसी स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, जब स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की कीमतें लगातार दूसरे दिन 2,34,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर स्थिर रहीं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''मंगलवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने की कीमतों में गिरावट आई। हाजिर सोना 4,300 डॉलर प्रति औंस से नीचे फिसल गया और एक महीने के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा है।''

## बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर 5% पर

**नई दिल्ली (एजेंसी )।** देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों की बेरोजगारी दर अगस्त में मामूली घटकर पांच प्रतिशत रही। जुलाई में यह 5.1 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी आवधिक यानी नियमित अंतराल पर होने वाले श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक बयान के अनुसार, बीते साल अगस्त में भी बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर मासिक आधार पर अगस्त में घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। जुलाई में यह 4.5 प्रतिशत थी। वहीं, शहरी क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में मामूली बढ़कर 6.8 प्रतिशत रही जबकि जुलाई में यह 6.7 प्रतिशत थी। अगस्त, 2025 की तुलना में अगस्त, 2026 में कुल और शहरी बेरोजगारी दर लगभग समान रही, जबकि ग्रामीण बेरोजगारी दर 0.2 प्रतिशत घटकर 4.1 प्रतिशत हो गई। अगस्त, 2025 में यह 4.3 प्रतिशत थी। जनवरी, 2026 के बाद ग्रामीण बेरोजगारी दर अगस्त में सबसे निचले स्तर पर रही।

## श्री रामलीला कमिटी ने सुरेश गुप्ता का स्वागत व सम्मान किया

**नई दिल्ली।** श्री रामलीला कमिटी पश्चिम विहार रजी0 द्वारा नरेला मंडी के प्रधान श्री सुरेश गुप्ता (पप्पू) जी का मोमेंटो व दुपट्टा ओढ़ा कर स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर रामलीला कमिटी के प्रधान हरि गोयल महासचिव राजकुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष श्री संजय गोयल ,मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता श्री राधारमण सेवा समिति के मुख्य संरक्षक श्री मयंक गुप्ता नरेला मंडी से कर्मवीर जी परविंदर भारद्वाज ,सुरेश मित्तल जी उपस्थित रहे सभी ने भगवान श्री राम का जयकारा लगाते हुए सुरेश गुप्ता जी को रामलीला में मुख्यातिथि के रूप में आमंत्रित किया।

## रुपया 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 38 पैसे लुढ़ककर 95.92 (अस्थायी) पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष और ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि तेल आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग ने भारत के बाहरी संतुलन और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इसके अलावा घरेलू बाजारों में कमजोरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़ने की वजह से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

**ज्योतिष**

कहते नहीं करके दिखाते हैं

सभी समस्याओं का समाधान जैसा चाहोगे करके दूगां

कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा

A to Z समस्या का समाधान

स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह

पंडित पी. के. शास्त्री

हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।

काम ना होने पर पैसे वापस

+91 99974 92579

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नया रायपुर में जुटेंगे दुनिया के 200 से अधिक कैंसर विशेषज्ञ

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) की ओर से चौथा बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव 18 से 20 सितंबर तक मेफेयर लेक रिजॉर्ट्स, नया रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ चूजिंग वाइजली इंडिया की सातवीं बैठक भी होगी। आयोजन ईकैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई और नेशनल कैंसर ग्रिड के सहयोग से किया जा रहा है। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम 'कैंसर उपचार में संतुलन की पुनर्स्थापना' रखी गई है। इसमें स्तन कैंसर, स्त्री रोग संबंधी कैंसर और मूत्र-जनन तंत्र के कैंसर समेत उपचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा होगी। मरीज की जरूरत के अनुसार उपचार तय करने, अनावश्यक उपचार से बचने और उपचार संबंधी निर्णयों में मरीज की भागीदारी बढ़ाने पर विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे। कॉन्क्लेव में यूके, अमेरिका, यूएई, नेपाल, श्रीलंका, इजराइल, बेल्जियम, कनाडा और स्विट्जरलैंड से 11 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनके अलावा देशभर से 200 से अधिक राष्ट्रीय और क्षेत्रीय कैंसर

विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। तीन दिनों में 20 से अधिक परिचर्चाएं, बहु-विषयक सत्र, वाद-विवाद और वास्तविक मरीजों के मामलों पर आधारित चर्चाएं होंगी। स्तन कैंसर की लाइव सर्जरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं में इंटरस्टिशियल ब्रैकीथेरेपी, क्लिनिकल ट्रायल, आनुवंशिक जांच, सटीक कैंसर उपचार, पैथोलॉजी, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई तथा न्यूक्लियर मेडिसिन और थेरानोस्टिक्स जैसे विषय शामिल होंगे।

## सेंसेक्स 778 अंक लुढ़का, निफ्टी पांच महीने के निचले स्तर पर

- कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और खाड़ी युद्ध का असर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 778 अंक टूटकर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी 279 अंक गिरकर पांच महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 777.94 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 74,003.82 अंक पर बंद हुआ। मजबूती के साथ खुला सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 787.73 अंक फिसलकर 73,994.03 अंक के निचले

स्तर तक आ गया था। इसी तरह निफ्टी 279.50 अंक गिरकर 23,118.60 अंक पर बंद हुआ। यह छह अप्रैल, 2026 के बाद निफ्टी का सबसे निचला बंद स्तर है। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और बढ़ते वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल से निवेशक धारणा प्रभावित होने के कारण घरेलू बाजार में गिरावट जारी रही।' उन्होंने कहा कि प्रमुख केंद्रीय बैंकों की इस सप्ताह होने वाली बैठकों से पहले निवेशक सतर्क रहे और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में नीतिगत सख्ती की बढ़ती आशंकाओं के बीच लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों की चिंता बनी रही।

## प्रणव कंस्ट्रक्शंस का शेयर 6 प्रतिशत बढ़कर सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शंस के शेयर अपनी सूचीबद्धता के दिन मंगलवार को 124 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले छह प्रतिशत से अधिक चढ़कर बंद हुए। कंपनी का शेयर बीएसई पर 162 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 30.64 प्रतिशत अधिक है। एक समय यह 32.66 प्रतिशत चढ़कर 164.50 रुपये तक पहुंच गया था। हालांकि, बाद में इसने ज्यादातर बढ़त गंवा दी और 4.51 प्रतिशत बढ़त के साथ 129.60 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 165 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 33 प्रतिशत अधिक है। यह कारोबार के अंत में 6.45 प्रतिशत बढ़कर 132 रुपये पर बंद हुआ।

## नराकास (का.) फ़रीदाबाद, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा सम्मानित

**नई दिल्ली।** अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी श्री भूपेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में संचालित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय), फरीदाबाद को राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'सर्वश्रेष्ठ' राजभाषा शील्ड एवं प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान हिन्दी दिवस 2026 एवं छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने की। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी व अध्यक्ष, नराकास (का.), फ़रीदाबाद श्री भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि "राजभाषा का सम्मान तभी सार्थक है, जब हिन्दी हमारे विचारों के साथ-साथ हमारे दैनिक कार्यों में भी दिखाई दे। हिन्दी में काम करना हमारी कार्यक्षमता के साथ-साथ हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को भी अभिव्यक्त करता है।" उन्होंने इस उपलब्धि के लिए नराकास (का.), फरीदाबाद से जुड़े सभी सदस्य कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के योगदान की

सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नराकास (का.), फरीदाबाद की ओर से यह सम्मान श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), एनएचपीसी तथा श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव, नराकास (का.), फरीदाबाद ने राजभाषा सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार श्रीमती अंशुली आर्या से ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि नराकास (का.), फरीदाबाद का संचालन वर्ष 2009 से एनएचपीसी लिमिटेड की अध्यक्षता में किया जा रहा है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थानः** भाग-A: DUK सेक्शन में मौजूदा TRD एसेट्स को मज़बूत करने के सिलसिले में, वहाँ OHE की अर्थिंग को बेहतर बनाने के लिए AEC वायर और S.S. बॉन्ड की व्यवस्था करना। |
| 2 | **अनुमानित लागत :** Rs. 5,32,17,329.96/- |
| 3 | **बयाना राशि :** Rs. 10,64,400/- |
| 4 | **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधिः** 24.09.2026 (00.00 बजे) से 08.10.2026 (15.00 बजे तक) |
| 5 | **ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समयः** 08.10.2026 (15.00 बजे) |
| 6 | **निविदा छपाई की लागतः** RRSK (PH-36) |
| 7 | **वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः** www.ireps.gov.in |

सं: 17B-क.वि. -नई दिल्ली-2026-27 दिनांक: 15.09.2026 3188/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ADEN/DLI के अंतर्गत SSE/W/DLI सेक्शन में विभिन्न स्टेशनों पर बोरवेल की मरम्मत और सुधार, तथा वॉटर बूथों की मरम्मत और अन्य विविध कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) | Rs. 1,43,22,060.67/- (रुपये एक करोड़ तैंतालीस लाख बाईस हज़ार साठ और सड़सठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रूपये) | Rs. 2,86,500.00/- (रुपये दो लाख छियासी हज़ार पाँच सौ मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये) | Rs. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 05.10.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04–410–32 |

- ठेकेदारों को ई–टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं: 128–W/280/इ–निविदा सूचना/42/2026–27/W–3 दिनांक: 10.09.2026 3174/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** — किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृष** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**मिथुन** — चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** — न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या** — शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

**तुला** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

**धनु** — वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

**मकर** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

**कुंभ** — नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**मीन** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

## जियो यूजर्स को 12 महीने मुफ्त मिलेगा कैनवा प्रो, 4,000 तक की बचत

**मुंबई।** जियो यूजर्स अब बिना अतिरिक्त पैसे दिए कैनवा के प्रीमियम डिजाइन टूल्स इस्तेमाल कर सकेंगे। जियो और कैनवा ने साझेदारी की है, जिसके तहत पात्र ग्राहकों को 12 महीने तक कैनवा प्रो या कैनवा प्रो लाइट मुफ्त मिलेगा। कंपनी के मुताबिक इस ऑफर की कीमत 4,000 तक है और इसे 16 सितंबर से माई जियो ऐप के जरिए एक्टिव किया जा सकेगा। किस ग्राहक को कौन-सा कैनवा मिलेगा, यह उसके जियो रिचार्ज प्लान पर निर्भर करेगा। 399 के प्लान पर कैनवा प्रो मिलेगा, जबकि 349 और 349 से ऊपर के पात्र 2 जीबी प्रतिदिन डेटा वाले प्लान पर कैनवा प्रो लाइटअ दिया जाएगा। ऑफर के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क या छिपा हुआ चार्ज नहीं होगा। इसका सीधा फायदा छात्रों, कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और छोटे कारोबारियों को मिल सकता है। कैनवा की मदद से मोबाइल पर ही स्कूल प्रोजेक्ट, सोशल मीडिया पोस्ट, प्रेजेंटेशन, मार्केटिंग मटीरियल और फेस्टिवल ग्रीटिंग जैसे डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में भी कंटेंट तैयार किया जा सकेगा।

## दिल्ली मंडल के चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर डिजिटल लॉकर सुविधा की शुरुआत

**नई दिल्ली।** यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और आधुनिक, तकनीक-आधारित सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने चार प्रमुख रेलवे स्टेशनों: नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली जंक्शन और आनंद विहार टर्मिनल पर डिजिटल लॉकर सुविधा शुरू की है। वाणिज्यिक पहल के तहत प्रदान की गई यह सुविधा यात्रियों को सामान के अस्थायी भंडारण (स्टोरेज) के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और परेशानी मुक्त विकल्प प्रदान करती है। इन लॉकरों में डिजिटल/ओटीपी आधारित एक्सेस सिस्टम का उपयोग किया गया है, जिससे यात्री अपनी प्रतीक्षा अवधि या स्टेशन से बाहर भ्रमण के दौरान भारी सामान उठाए बिना अपना सामान सुरक्षित रूप से रख और वापस निकाल सकते हैं।

## शब्द पहेली - 6349



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6348 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | ■ | स | म | झ | दा | र |
| म | ■ | र | ह | म | ■ | म | द | न | ■ | म |
| र | त | ■ | ■ | ची | ■ | झो | ■ | ■ | वा | णी |
| ख | स | ■ | ना | न | ख | ता | ई | ■ | रा | य |
| ना | ला | य | क | ■ | त्म | ■ | मा | त | ह | त |
| ■ | ■ | ■ | क | था | ■ | का | न | ■ | ■ | ■ |
| प | न | घ | ट | ■ | आ | ■ | दा | न | वी | र |
| व | र | ■ | ना | ना | स | सु | र | ■ | र | वि |
| न | म | ■ | ■ | म | ■ | वा | ■ | ■ | ता | न |
| सु | ■ | आ | स | व | ■ | ल | ह | र | ■ | य |
| त | ल | ब | गा | र | ■ | न | क | ब | ज | न |

# सात बाउट में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, युवाओं को मिलेगा बड़ा मंच

## रोहतक में 19 को सजेगी इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट, नशे से दूर रखना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से रोहतक के मानसरोवर पार्क में इंटरनेशनल बॉक्सिंग ब्लास्ट फाइट नाइट सीरीज-1' का भव्य आयोजन किया जाएगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह इवेंट हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु की अध्यक्षता और मार्गदर्शन में होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर से ट्रायल के जरिए चुने गए बेहतरीन सीनियर वर्ग के नेशनल और इंटरनेशनल स्तर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनके बीच 7 फाइनल बाउट करवाई जाएंगी।

### दर्शकों के लिए एंट्री फ्री

आयोजकों ने बताया कि इस इवेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस रोमांचक फाइट नाइट को देखने के लिए दर्शकों से कोई एंट्री फीस नहीं ली जाएगी। बॉक्सिंग प्रेमी और आम नागरिक बिना किसी शुल्क के मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा सकते हैं।

### भविष्य की योजनाएं

रोहतक से शुरू हुई इस पहल को लेकर संघ की योजना है कि भविष्य में इस तरह के आयोजन हर दो महीने में अलग-अलग जिलों में भी किए जाएं। संघ का दीर्घकालिक विजन इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का है, जिसके लिए सभी के सहयोग और प्रयासों की आवश्यकता है। इस अवसर डॉ. राजीव संचालक स्वर्ण आयुर्वेद, विनेश लाकड़ा कोर कमेटी सदस्य, डॉ. संदीप मोर सेक्रेटरी रोहतक बॉक्सिंग संघ, नवीन हुड्डा ज्वाइंट सेक्रटरी हरियाणा बॉक्सिंग संघ, इंटरनेशनल बॉक्सर व कोच संजीव कुमार, कोच विजय हुड्डा, कोच नवीन खोखर, कोच नवीन ढांडा, कोच नवीन नेहरा, कोच सुरेंद्र ढांडा, कोच मनोज कादियान, कोच दीपक छिक्कारा समेत अन्य कोच व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता की मुख्य विशेषताएं

▶▶ *प्रतिभागियों का चयन: इस इवेंट में कुल सात फाइनल बाउट्स (मुकाबले) करवाई जा रही हैं। बच्चों का चयन उनके नेशनल और इंटरनेशनल स्तर की अचीवमेंट्स तथा ट्रायल बेसिस पर पूरी पारदर्शिता के साथ किया गया है। इसमें भारत के विभिन्न हिस्सों से बेहतरीन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।*

▶▶ *प्रतिभागियों की आयु वर्ग: इस प्रतियोगिता में 18 वर्ष से 40 वर्ष तक के सीनियर वर्ग के बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।*

▶▶ *समय और स्थान: यह ओपन बॉक्सिंग फाइट नाइट शाम 6:00 बजे मानसरोवर पार्क, रोहतक में आयोजित की जा रही है।*

### प्रशासन का सहयोग

जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन से पूरी तरह से अनुमति और प्रोटोकॉल का पालन किया गया है। रोहतक के प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य अतिथियों को इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया है, जो सभी का मान-सम्मान बढ़ाएंगे। संघ का मुख्य जोर केवल खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देना है, बिना किसी भेदभाव के सभी को समान मंच प्रदान करना है।

### युवाओं को सही दिशा देना उद्देश्य

*जनरल सेक्रेटरी ओमबीर हुड्डा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति जागरूक करना और उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करना है। आज का युवा सोशल मीडिया और अन्य भटकावों के चलते कई बार गलत आदतों या नशे की तरफ आकर्षित हो रहा है। ऐसे में इस तरह के खेल आयोजन बच्चों में अनुशासन पैदा करने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का काम करेंगे। खेलकूद से जुड़ने पर युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास होगा तथा वे अनुशासित जीवन की ओर अग्रसर होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पहली बार अफ्रीका में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**बुडापेस्ट।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार अफ्रीका में होने जा रहा है जब मंगलवार को कीनिया की राजधानी नैरोबी को 2029 के सत्र का मेजबान चुना गया। कीनिया लंबे समय से लंबी दूरी की दौड़ में एक मजबूत देश रहा है लेकिन उसने अब तक इतने बड़े स्तर की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी नहीं की है। इसके बाद 2031 में चैंपियनशिप जर्मनी लौटेगी जहां म्यूनिख इसकी मेजबानी करेगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सबेस्टियन को ने हंगरी में 'अल्टीमेट चैंपियनशिप' के बाद यह फ़ैसला सुनाते हुए कहा, 'अपनी चैंपियनशिप को पहली बार अफ्रीका ले जाना ऐतिहासिक होगा।' उन्होंने कहा, 'एथलेटिक्स कीनिया की संस्कृति का अहम हिस्सा है।' इस फैसले से ट्रैक पर शनदार प्रदर्शन करने वाले देश के तौर पर कीनिया की पहचान तो बढ़ेगी लेकिन साथ ही यह पूर्वी अफ्रीकी देश समीक्षा के दायरे में रहेगा क्योंकि उसके कुछ शीर्ष धावक डोपिंग में पकड़े गए हैं।

### विमान के अंदर पथिरागे के 5 भाले क्षतिग्रस्त

**कोलंबो।** श्रीलंका के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी रुमेश पथिरागे को उस समय झटका लगा जब एशियाई खेलों से पहले हवाई यात्रा के दौरान उनके 5 भाले क्षतिग्रस्त हो गए, जिनसे उन्होंने अभी तक कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की थी। यह 23 वर्षीय खिलाड़ी 13 सितंबर को विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भाग लेने के बाद तुर्किए एयरलाइन्स की उड़ान से बुडापेस्ट से श्रीलंका लौट रहा था। पथिरागे ने कहा, 'विमान के अंदर मेरे सभी पांचों भाले क्षतिग्रस्त हो गए। इनसे मैंने जीत हासिल की थी। मैं आगामी एशियाई खेलों, 2028 के ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में इनका उपयोग करता।'

## टी-20 सीरीज : सैमसन का अर्धशतक, नीतीश रेड्डी ने 3 विकेट झटके

# भारत ने अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराकर 2-0 की विजयी बढ़त बनाई

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बना ली। अफगानिस्तान के 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सैमसन (57 रन, 22 गेंद, सात चौके, चार छक्के) और अभिषेक शर्मा (39 रन, 19 गेंद, दो चौके, चार छक्के) के बीच पहले विकेट की 6.2 ओवर में 88 रन की साझेदारी की बदौलत सिर्फ 14.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इशान किशन ने भी 23 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से नाबाद 38 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान की ओर से दिग्गज लेग स्पिनर राशिद खान ने 36 रन देकर तीन विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा पाए। नितीश कुमार रेड्डी (24 रन पर तीन विकेट) और अर्शदीप सिंह (35 रन पर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने इससे पहले अफगानिस्तान को नियमित अंतराल पर झटके दिए जिससे टीम आठ विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ने भी एक-एक विकेट चटकाया। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 37 रन बनाए। राशिद खान (28) और मोहम्मद नबी (20) ने सातवें विकेट के लिए 48 रन जोड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

दारविश रसूली (26) ने भी उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को अभिषेक और सैमसन की जोड़ी ने तूफानी शुरुआती दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में 82 रन जोड़े। अभिषेक ने मुजीब उर रहमान की लगातार गेंदों पर चौकों के साथ खाता खोला और फिर नबी पर दो छक्के जड़े। सैमसन ने धीमी शुरुआत के बाद अजमतुल्लाह की लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा। उन्होंने नबी को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में तीन छक्कों और दो चौकों से 27 रन बटोरे।

### अफगानिस्तान-159/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| इब्राहिम का बिश्नोई बो रेड्डी | 37 |
| गुरबाज का बिश्नोई बो अर्शदीप | 00 |
| अटल का तिलक बो बिश्नोई | 12 |
| नायब का सैमसन बो रेड्डी | 10 |
| रसूली का तिलक बो अर्शदीप | 26 |
| उमरजई का तिलक बो अक्षर | 11 |
| मोहम्मद का अय्यर बो बुमराह | 20 |
| राशिद खान का अक्षर बो रेड्डी | 28 |
| नूर अहमद नाबाद | 07 |
| मुजीब उर रहमान नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 04
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 159 रन
विकेट पतन: 1-0, 2-51, 3-59, 4-67, 5-96, 6-100, 7-148, 8-148
गेंदबाजी: बुमराह 4-1-25-1, अर्शदीप 4-0-35-2, अक्षर 4-0-28-1, बिश्नोई 4-0-32-1, रेड्डी 3-0-24-3, दुबे 1-0-13-0

### भारत-163/3 (14.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सैमसन का नबी बो राशिद | 57 |
| अभिषेक का सेदिकुल्लाह बो राशिद | 39 |
| इशान किशन नाबाद | 38 |
| श्रेयस का जादरान बो राशिद | 11 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 15 |

अतिरिक्त: 03
कुल:14.5 ओवर में तीन विकेट पर: 163 रन
विकेट पतन: 1-88, 2-99, 3-123
गेंदबाजी: मुजीब 3-0-37-0, नबी 3-0-44-0, अजमतुल्लाह 2-0-25-0, राशिद 3.5-0-36-3, नूर 2-0-14-0, फारूकी 1-0-6-0

## सबसे लंबे समय तक वनडे खेलने वाले बने खिलाड़ी

# जिम्बाब्वे के टेलर ने तोड़ा तेंदुलकर का बड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ हरारे

जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### वनडे करियर में टेलर के 205 पारियों में 6,704 रन

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे। इनमें से एक शतक उन्होंने भारत के खिलाफ बनाया था। विश्व कप 2015 में भारत के खिलाफ मैच के बाद टेलर ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के काउंटी क्लब नॉटिंघमशायर के साथ तीन साल का 'कोलपैक' करार किया। हालांकि, वह इस अनुबंध को पूरा नहीं कर सके और अपने आखिरी सीजन के दौरान ही क्लब छोड़ दिया।

### 22 साल, 4 महीने का हुआ करियर

टेलर ने रिटायरमेंट और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

# उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप: देहरादून में हरियाणा के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, जीते 13 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उत्तराखंड के देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित 37वीं उत्तर क्षेत्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के एथलीटों ने अपने दमदार खेल प्रदर्शन से शानदार शुरुआत की है। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य से 171 लड़के और लड़कियां भाग ले रहे हैं। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने अबतक 13 जीते हैं। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। महासचिव प्रदीप मलिक ने सभी विजेताओं के परिणामों की जानकारी साझा की।

### इन खिलाड़ियों ने जीते पदक

▶▶ **अखिल कुमार (भिवानी):** डिस्कस थ्रो और शॉट पुट इवेंट दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

▶▶ **रक्षित बेनीवाल (सोनीपत):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।

▶▶ **दीपेन्द्र (महेंद्रगढ़):** 800 मीटर दौड़ में बेहतरीन दौड़ लगाते हुए स्वर्ण पदक जीता।

▶▶ **मन्नत (पानीपत):** 100 मीटर दौड़ में शानदार गति दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

▶▶ **हनप्रीत (कैथल):** शॉट पुट इवेंट में स्वर्ण पदक हासिल किया।

▶▶ **मोनी (पानीपत):** 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता।

▶▶ **निशा (चरखी दादरी):** जैवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया।

▶▶ **आर्यन यादव (भिवानी):** लड़का जैवलिन थ्रो इवेंट में रजत पदक जीता।

▶▶ **अनमोल (जींद):** लड़की शॉट पुट इवेंट में रजत पदक हासिल किया।

▶▶ **रुद्र (पानीपत):** डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीता।

▶▶ **ध्रुव यादव (रेवाड़ी):** हाई जंप इवेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।

▶▶ **युवराज (पानीपत):** शॉट पुट इवेंट में कांस्य पदक जीता।

▶▶ **नेहा सैनी (फरीदाबाद):** 5000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया।

# भारत में फॉर्मूला वन की वापसी की तैयारी, टास्क फोर्स का गठन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी की दिशा में चुनौतियों की समीक्षा के लिए नीति आयोग के कार्यक्रम निदेशक और सलाहकार युगल किशोर जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यबल का गठन किया है। दस सदस्यीय समिति में खेल मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुणाल और भारतीय मोटर स्पोर्टस महासंघ के अध्यक्ष भी होंगे, जो इस समय अरिंदम घोष हैं। महासंघ के चुनाव इस महीने के आखिर में होने हैं। कार्यबल में वाणिज्य और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि भी होंगे।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि, राजस्व विभाग के प्रतिनिधि , बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट और मद्रास इंटरनेशनल सर्किट के प्रतिनिधि, एफएमएससीआई की ओर से नामित तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### 2028 में रेस की मेजबानी

खेलमंत्री मांडविया ने कहा,'इस समिति का काम भारत में मोटस्पोर्ट के विकास के लिए व्यापक तरीके सुझाना और फॉर्मूला वन को फिर से यहां शुरू करने के लिए रोडमैप तैयार करना है ताकि हम 2028 में रेस की मेजबानी कर सकें।'

## जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियन गेम्स

# टी-20 फॉर्मेट में फिर गूंजेगा भारत का डंका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशियन गेम्स में 'क्रिकेट' भारत के लिए एक बार फिर सबसे बड़े 'गोल्ड मेडल' दावेदारों में होगा, जिसमें एक नहीं, बल्कि दो गोल्ड देश के नाम हो सकते हैं। साल 2023 में आयोजित हांगझोउ एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों ने गोल्ड जीते थे। इस बार जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच खेले जाने वाले एशियन गेम्स में फिर से भारतीय फैंस को अपने खिलाड़ियों से ऐसी ही आस है। यह मुकाबले टी20 फॉर्मेट में खेले जाने हैं, जिसमें हाल के समय में भारत की पुरुष और महिला टीम का दबदबा नजर आया है।

### भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का मिश्रण

एक ओर पुरुष टीम इसी साल मार्च में टी20 वर्ल्ड कप विजेता बनी है, तो दूसरी तरफ बीते रविवार को महिला टीम ने एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। इस टूर्नामेंट में भारत के पास प्रतिभा और अनुभव का शानदार मिश्रण है। पुरुष टीम में कई ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं। वहीं, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। इनके साथ युवा प्रतिभाओं की मौजूदगी टीम को संतुलित बनाती है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का चयन आज

भारतीय राष्ट्रीय चयन समिति बुधवार को जब वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए टीम का चयन करेगी तो ऋषभ पंत और फिट होकर लौटे हार्दिक पंड्या को शामिल किए जाने की संभावना पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगा। टी20 मैचों की शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी और पूरी संभावना है कि इसके लिए वही टीम चुनी जाएगी, जो एशियाई खेलों में भाग लेगी।

# विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना लक्ष्य : सिंड्रेला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टेबल टेनिस में तेजी से उभरती 17 वर्षीय खिलाड़ी सिंड्रेला दास का लक्ष्य एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना और जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना है। सिंड्रेला अभी आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) की महिला एकल रैंकिंग में 99वें जबकि युवा वर्ग में 27वें स्थान पर काबिज हैं। उन्हें विश्वास है कि वह जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों में अपनी अच्छी फॉर्म बरकरार रखने में सफल रहेंगी।

पिछले महीने राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में महिला एकल और अंडर-19 लड़कियों के एकल में खिताब जीतने से कोलकाता की सिंड्रेला पर सबकी निगाहें टिक गईं। उनकी उपलब्धियों में अल्टीमेट टेबल टेनिस के महिला एकल मैच में स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा को हराना भी शामिल है।

## एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश

### फिटनेस बनाने पर ध्यान केंद्रित

सिंड्रेला ने कहा कि जब वह खेल नहीं रही होती हैं तो मानसिक रूप से मजबूत बनने और अपनी गलतियों का विश्लेषण करने पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा, ' जब मैच नहीं चल रहे होते हैं तो मैं अपनी फिटनेस और मानसिक रूप से मजबूत बनने पर ध्यान केंद्रित करती हूं। मैं सुबह करीब 3-4 घंटे और शाम को 2-3 घंटे अभ्यास करती हूं और अपनी फिटनेस को भी बराबर समय देती हूं।'

### एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित

सिंड्रेला ने कहा, 'मैं एशियाई खेलों को लेकर बेहद उत्साहित हूं। हम निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करेंगे। मेरा लक्ष्य जल्द से जल्द विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में जगह बनाना भी है।' सिंड्रेला ने कहा कि यह सत्र उनके लिए सबसे अच्छा रहा है और वह राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में भी सफल रही लेकिन अब भी बहुत कुछ सीखना बाकी है। उन्होंने कहा, 'यह सत्र मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है क्योंकि मेरा चयन एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप और युवा ओलंपिक के लिए हो चुका है। मैं अब सीनियर टीम में हूं। बेशक मैंने कई मैच हारे हैं, कई जीते हैं। अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।'

# देश के चरित्र और दृष्टिकोण का अभिन्न अंग, 'आत्मनिर्भरता': राजनाथ सिंह

## ये जानकारी रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ-उद्योग सहयोग की एक बैठक को संबोधित करते हुए दी है

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वर्तमान में तेजी से बढ़ते घरेलू और वैश्विक सुरक्षा खतरों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि एक राष्ट्र, जिसके पास अपनी खुद की तकनीक होती है। वह अपने भविष्य को आकार देने की भी शक्ति रखता है। ऐसे में भारत के संदर्भ में अगर देखें तो आत्मनिर्भरता को देश के चरित्र और दृष्टिकोण का अभिन्न अंग बनना चाहिए। जो कंपनियां आज उभरती हुई प्रौद्योगिकियों में प्रवेश करती हैं। वह भविष्य की अग्रणी कंपनियां बन जाएंगी। क्योंकि भावी युद्ध में जो देश प्रौद्योगिकी में आगे है। उसी के हाथ रणनीतिक लाभ भी लगेगा। यह जानकारी राजनाथ सिंह ने 15 सितंबर को राजधानी में आयोजित किए गए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)-उद्योग सहयोग की एक बैठक 'विमर्श' को संबोधित करते हुए दी है।

*डीआरडीओ-उद्योग साझेदारी को उत्पादन से आगे ले जाने की जरूरत*

*रक्षा मंत्री ने 2047 तक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर जोर*

### उत्पादन तक सीमित न रहे सहयोग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

उन्होंने यह भी कहा कि डीआरडीओ-उद्योग सहयोग को अब सिर्फ उत्पादन केंद्रित नहीं होना चाहिए। बल्कि देश को रक्षा विनिर्माण के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदलने के लिए अनुसंधान, डिजाइन, प्रशिक्षण, प्रमाणन और विनिर्माण सहित समूची मूल्य श्रृंखला में विस्तारित होना चाहिए। रक्षा मंत्री के मुताबिक, डीआरडीओ के पास ज्ञान, प्रौद्योगिकी है। जबकि उद्योग के पास पैमाना और विनिर्माण क्षमता मौजूद है। स्टार्टअप नवाचार और दक्षता लाते हैं व युवा एक नए भारत का स्वपन देखते हैं। लेकिन जब यह चारों ताकतें एकजुट होती हैं तथा एक साथ आगे बढ़ती हैं। तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

### भारत का देनी है आर्थिक मजबूती

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ आर्थिक रूप से मजबूत एक राष्ट्र का निर्माण करना है। साथ ही हमारा उद्देश्य इसे तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण के लिहाज से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित भी बनाना है। राजनाथ ने कहा कि वर्ष 2047 तक हमें महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने बीते वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में लाए गए अभूतपूर्व सुधारों का भी उल्लेख किया। बैठक के दौरान अत्याधुनिक प्रणालियों के वाणिज्यिक उत्पादन को सक्षम बनाने के लिए रक्षा मंत्री की मौजूदगी में 13 विनिर्माण भागीदारों को 9 प्रौद्योगिकी हस्तांतरण लाइसेंसिंग समझौते सौंपे गए।

### यह रहा विमर्श का निष्कर्ष

संगठन ने घरेलू उद्यमों की विनिर्माण परिपक्वता को बेंचमार्क करने के लिए सिस्टम फॉर एडवांस मैन्युफैक्चरिंग असेसमेंट एंड रेटिंग वर्जन 2.0 के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद के साथ एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

## मंगलवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बोले रणधीर जायसवाल

# बांग्लादेश ने ठुकराए भारत के एक नहीं दो निमंत्रण, बुलावे पर नहीं आए प्रधानमंत्री रहमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रीय राजधानी में बीते रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में बांग्लादेश की अनुपस्थिति की खबरें देश-विदेश के मीडिया की सुर्खियों में छाई रही। जब इसे लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से पत्रकारों ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में सवाल पूछे, तो जवाब में उन्होंने बताया कि नई दिल्ली ने एक बार नहीं बल्कि दो बार बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को भारत की आधिकारिक रूप से यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था। जिसमें पहली बार मौजूदा साल की शुरुआत में हमने उन्हें द्विपक्षीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया था और उसके बाद 12 से 13 सितंबर तक हुए ब्रिक्स सम्मेलन में बतौर बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) के अध्यक्ष के रूप में उन्हें इस वैश्विक स्तर के आयोजन में शिरकत करने के लिए विधिवत रूप से आमंत्रित किया गया था। बताते चलें की मीडिया ब्रीफिंग में रणधीर ने कई अन्य मामलों को लेकर पूछे गए प्रश्नों के जवाब भी दिए हैं।

### चीन को बनाया विदेश यात्रा का पहला पड़ाव

गौरतलब है कि 17 फरवरी 2026 को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अभी तक तारिक रहमान ने भारत की कोई यात्रा नहीं की है। जबकि वह जून महीने में अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत चीन की यात्रा कर चुके हैं। जहां उन्होंने बीजिंग के द ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ एक उच्च-स्तरीय बैठक की थी। जिसके निष्कर्षों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचे और तीस्ता नदी प्रबंधन सहित कुल एक दर्जन से अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत ने पीएम रहमान की इस यात्रा से जुड़े तीस्ता नदी प्रबंधन समझौते को एक प्रकार से खारिज कर दिया है। साथ ही कहा है कि नदी प्रबंधन का मामला भारत और बांग्लादेश का एक द्विपक्षीय मामला है। जिसमें किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश नहीं है।

### सऊदी अरब पर हूती हमलों के विरोध में भारत

रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में बताया, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर भारत और सऊदी अरब के विदेश मंत्रियों के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई थी। जिसमें हूती के मसले के अलावा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों को भी शामिल किया गया। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने लाल सागर के इलाके में तनाव बढ़ने और सऊदी अरब के संप्रभु क्षेत्र पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। जिसमें नागरिक ढांचे, आर्थिक संपत्ति भी शामिल है।

### बाब-अल-मंदेब पर बनी रहे नौवहन आजादी

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के हमले क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर करते हैं। साथ ही इनके जरिए एक अन्य अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक जलमार्ग बाब-अल-मंदेब पर नौवहन की स्वतंत्रता भी बाधित होती है। जो भारत के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य है। नई दिल्ली की मंशा है कि इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता लौटे। भारत को इस इलाके से ऊर्जा की सप्लाई होती है।

### हमले में लापता 1 भारतीय की तलाश जारी

उन्होंने कहा कि ओमान के तट के पास बीते रविवार को पनामा के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज एमटी अल गाइया पर हुए हमले में चालक दल के 14 भारतीयों में से 13 को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि 1 अन्य अभी भी लापता है। जिसकी तलाश करने के लिए खोज-बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बचाए गए देश के नागरिकों के लिए हम ओमान के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं। वहां मौजूद हमारा दूतावास वर्तमान में भी उनके निकट संपर्क में बना हुआ है। मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने, नाविकों, नागरिक ढांचों को हमलों के जरिए निशाना बनाए जाने के सख्त खिलाफ है। नई दिल्ली संबंधित क्षेत्र में एक स्वतंत्र और सुरक्षित नौवहन व्यवस्था को बनाए रखने के पक्ष में है।

### इन 3 सिद्धांतों संग आगे बढ़ेंगे संबंध

ब्रिक्स के आयोजन के दौरान हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय बैठक से जुड़े एक सवाल को लेकर रणधीर ने कहा कि इस दौरान दोनों शीर्ष नेताओं की वार्ता में कई मामलों को शामिल किया गया। लेकिन प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति को भारत की बड़ी चिंताओं से अवगत कराया था। साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया था कि दोनों देशों के संबंध पूरी तरह से तीन सिद्धांतों पर टिके हुए हैं। जिनमें आपसी हित, विश्वास और संवेदनशीलता मुख्य रूप से शामिल हैं। वहीं, सम्मेलन के अंत में जारी किए गए नई दिल्ली घोषणापत्र में भी कई मुद्दों को जगह दी गई थी। जिसमें राजनीतिक के अलावा वैश्विक व्यापार, निवेश, नवाचार, स्टार्टअप अहम हैं। भविष्य में इन्हें लेकर समूह देश आपसी विचार-विमर्श (कार्य-समूह स्तर की वार्ताओं) के साथ आगे बढ़ेंगे। जो कहीं न कहीं ब्रिक्स देशों के युवाओं सहित बाकी आबादी के लिए विकास के नए अवसरों का निर्माण में मददगार साबित होंगे।

### ऊर्जा खरीद में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

एक अन्य सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि भारत, रूस के बीच सहयोग एक बड़ा स्तंभ ऊर्जा है। दोनों देश लंबे समय से परमाणु के मुद्दे पर भी सहयोग कर रहे हैं। कुडनकुलन परियोजना इसका बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करती है। हम चाहते हैं कि रूस के साथ इस सहयोग को और आगे बढ़ाया जाए। मामले पर दोनों पक्षों की तकनीकी टीमें बातचीत कर रही हैं। जब हमारे पास नई परियोजनाओं और कदमों को लेकर कोई अपडेट होगी। हम आपको सूचित करेंगे। लेकिन यहां ये भी स्पष्ट कर दूं कि जहां तक नई दिल्ली द्वारा रूस से चल रही तेल खरीद का मामला है तो इस संबंध में हम अपने निर्णय देश के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप ही लेते हैं।

### कांग्रेस के सीएम बताऐंगे न आने की वजह

उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस शासित राज्यों के 3 मुख्यमंत्रियों को ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में दिए गए गाला डिनर के कार्यक्रम के लिए आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया था। अब इस संबंध में मंत्रालय से नहीं बल्कि उनसे सवाल पूछा जाना चाहिए कि आपको जो न्योता मिला था। उसका आपने किस प्रकार से उत्तर दिया। जिसमें यह भी शामिल है कि अगर वह भोजन करने के लिए नहीं आ पाए। तो उसके पीछे क्या कारण थे?

## अंतरिक्ष में युद्ध का खतरा बढ़ा

# अमेरिका ने पहली बार माना स्पेस में हथियार तैनात किए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने पहली बार माना है कि उसने अंतरिक्ष में हथियार तैनात कर रखे हैं। अमेरिकी वायुसेना के सचिव ट्रॉय मिंक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऑर्बिट में ऐसे हथियार हैं, जिनका इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सैनिकों को दुश्मन के हमले से बचाने के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारी ने यह नहीं कहा कि ये हथियार आखिर किस तरह के हैं, कितने हैं और इन्हें कब अंतरिक्ष में भेजा गया था। अमेरिका का यह खुलासा ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका, रूस और चीन के बीच अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने की होड़ चल रही है। इससे अंतरिक्ष में हथियारों की दौड़ और तेज होने की आशंका भी बढ़ गई है। अमेरिका लंबे समय से रूस और चीन की बढ़ती अंतरिक्ष सैन्य ताकत को लेकर चिंता जताता रहा है। आज के युद्ध में सैटेलाइट बहुत जरूरी हो गए हैं। सेनाएं इनका इस्तेमाल आपस में संपर्क करने, रास्ता पता करने, खुफिया जानकारी जुटाने और मिसाइलों पर नजर रखने जैसे कामों में करती हैं।



### अमेरिका का दावा रूस अंतरिक्ष में हमले की तैयारी कर रहा

अमेरिकी स्पेस फोर्स का कहना है कि रूस अंतरिक्ष को भी युद्ध का हिस्सा मानता है। यानी भविष्य में अगर रूस का किसी देश से बड़ा युद्ध होता है तो वह अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरी तकनीक का इस्तेमाल भी कर सकता है। अमेरिकी अधिकारियों ने रूस के कुछ सैटेलाइट को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि रूस ऐसी तकनीक पर काम कर रहा है, जिससे जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों के सैटेलाइट को नुकसान पहुंचाया जा सके और अपने सैटेलाइट को बचाया जा सके। अमेरिका को रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियार रखने की संभावित तैयारी की भी चिंता है। अमेरिका का कहना है कि चीन भी अंतरिक्ष में अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। चीन अपनी सेना को आधुनिक बनाने के तहत ऐसी तकनीक विकसित कर रहा है, जिसका इस्तेमाल अंतरिक्ष में मौजूद सैटेलाइट और दूसरे सिस्टम को प्रभावित करने के लिए किया जा सकता है।

## संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास' का हुआ आगाज, भाग ले रहे हैं दोनों देशों के कुल 1200 रणबांकुरे

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच उत्तराखंड, राजस्थान में हुआ भारत-अमेरिका की सेनाओं का आमना-सामना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में जारी युद्ध के मुश्किल दौर में भारत-अमेरिका की थलसेनाएं उत्तराखंड और राजस्थान में एक-दूसरे के आमने-सामने खड़ी हैं। जी हां, मौका है दोनों देशों के बीच आयोजित किए जाने वाले द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास 'युद्धाभ्यास-2026' का। जिसका उद्घाटन मंगलवार को पर्वतीय राज्य के औली विदेशी प्रशिक्षण केंद्र और राजस्थान स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इस वर्ष युद्धाभ्यास का 22 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है और उसमें दोनों देशों के समान संख्या में क्रमशः 600-600 जवान भाग ले रहे हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है।

### सैन्य अधिकारियों ने बढ़ाया हौसला

मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का आयोजन एक साथ भारत के दो प्रमुख प्रशिक्षण केंद्रों पर किया जा रहा है। जिसमें शुरुआती समारोह के दौरान दोनों देशों के शीर्ष अधिकारियों ने जवानों को संबोधित कर उनकी हौसला अफजाई की है। भारत की तरफ से सेना की 14 वीं इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल अमरेश गुंजन और अमेरिकी सेना की 11 वीं एयरबॉर्न डिवीजन की पहली इन्फैंट्री ब्रिगेड कॉम्बैट टीम के कमांडर कर्नल बेंजामिन जैकमैन ने



सैन्य कर्मियों को संबोधित किया।

### पहले के मुकाबले और प्रगाढ़ होंगे संबंध

युद्धाभ्यास की मदद से भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय सैन्य संबंध पहले के मुकाबले और अधिक मजबूत होंगे। सैन्यकर्मियों को अपनी रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं को आपस में साझा करने का शानदार अवसर मिलेगा। इसके अलावा उनकी संयुक्त अभियानों के दौरान विभिन्न भूभागों और परिचालन संबंधी वातावरण के बीच समन्वित अंदाज में कार्रवाई करने की क्षमता में भी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### युद्धाभ्यास से होगा यह फायदा

मंत्रालय के मुताबिक, इस अभ्यास का असली मकसद पहाड़ी, अर्ध-पहाड़ी इलाकों में एकीकृत युद्ध समूहों के उपयोग के लिए दोनों थलसेनाओं की युद्धक क्षमता में इजाफा करना है। इस दौरान सेना के पैदल दस्ते के नेतृत्व को खासी अहमियत प्रदान की गई है। अंत में दोनों सेनाओं के बीच आपसी अंतर-संचालनीयता बढ़ेगी, सर्वोत्तम परिचालन पद्धतियों का आदान-प्रदान सुगम बनेगा और संयुक्त योजना, क्रियान्वयन को भी मजबूत बनाया जा सकेगा।

### ड्रोन दिखाएंगे अपना जलवा

दोनों देशों की तरफ से युद्धाभ्यास में खासतौर पर उभरती हुई प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए निगरानी व टोही कार्यों के लिए ड्रोन और स्वायत्त प्रणालियों का उपयोग भी देखने को मिलेगी। अभ्यास के दौरान महाजन रेंज में आधुनिक हथियार प्रणालियों का इस्तेमाल किया जाएगा। जबकि दोनों सेनाएं विषय विशेषज्ञों, उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और बहु-क्षेत्रीय युद्ध में हो रहे बदलावों पर भी आपसी संवाद के माध्यम से ध्यान केंद्रित करेंगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109